सूर्योदय 5:40 सूर्यास्त 6:56

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.5 न्यू. | 23.2 अधि |
| धर्मशाला | 16.8 न्यू. | 33.2 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80242.24 |
| निफ्टी | 24334.20 |
| सोना | 95880 |
| चांदी | 99900 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in





पंजाब किंग्स की मालकिन प्रीति जिंटा भी पहुंचीं धर्मशाला

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 2 मई 2025 | 20 बैशाख, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 123, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

### आज का मैच



गुजरात टाइटंस vs हैदराबाद

समय: रात 7:30 बजे (अहमदाबाद)

## न्यूज शॉर्ट्स

### बाबा केदारनाथ धाम के कपाट आज खुलेंगे

**देहरादून।** देवभूमि उत्तराखंड में बाबा केदारनाथ के कपाट खुलने का हर किसी को इंतजार रहता है, क्योंकि आदियोगी बाबा शिव यहीं वास करते हैं। हर साल वैशाख महीने की अक्षय तृतीया के बाद बाबा केदारनाथ धाम के कपाट खुल जाते हैं। इस साल भी अक्षय तृतीया के बाद ही बाबा केदारनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। बाबा केदारनाथ धाम के कपाट दो मई शुक्रवार को प्रातः काल में खुलेंगे। (अनंत ज्ञान)

### बिहार चुनाव में फिर उतरेगी ओवैसी की पार्टी

**हैदराबाद।** बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राज्यभर में सियासी गर्माहट अपने चरम पर है। सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारी भी तेज कर दी है। इसी बीच एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बिहार को एक बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में फिर हिस्सा लेगी। ओवैसी ने बताया कि पार्टी ने बहादुरगंज सीट से उम्मीदवार की घोषणा भी कर दी है और इस बार उनका पूरा ध्यान सीमांचल क्षेत्र पर रहेगा। (अनंत ज्ञान)

### द. कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति हान का इस्तीफा

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने वीरवार को ऐलान किया कि वे इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने यह कदम अगले महीने होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने की खबरों के बीच उठाया। हान ने एक टेलीविजन ब्रीफिंग में कहा कि उन्होंने देश के लिए एक बड़ी जिम्मेदारी लेने के लिए पद छोड़ने का फैसला किया है। (अनंत ज्ञान)

### पाकिस्तानी सेना की सीमाओं पर तैनाती बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ता नजर आ रहा है। हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद, जिसमें 26 लोगों की जान गई, पाकिस्तान ने भारत की सीमा से सटे इलाकों में सैन्य तैनाती बढ़ा दी है। (अनंत ज्ञान)

## ककक


- जाइका मिशन ने जताई परियोजनाओं में गति की उम्मीद -पेज 2
- लंबित 637 बस्तियां शीघ्र होंगी पीएमजीएसवाई-4 में शामिल -पेज 3
- विकास खंड रैत के भवन निर्माण पर खर्च होंगे 5 करोड़ : पठानिया -पेज 4
- लोकतंत्र को कमजोर कर रही भाजपा विपक्ष की दबा रही आवाज - पेज 6
- आठ की जगह 12 घंटे की शिफ्ट का फैसला नहीं मंजूर -पेज 9


# पहलगाम हमले की न्यायिक जांच नहीं

## याचिकाकर्ताओं को सुप्रीम फटकार, कहा-क्या आप सुरक्षाबलों का मनोबल गिराना चाहते हैं?

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने पहलगाम आतंकी हमले की न्यायिक जांच के लिए जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। हमले में आतंकियों ने 26 लोगों की निर्मम हत्या कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने जनहित याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ताओं को फटकार लगाते हुए कहा कि जज आतंकी मामलों की जांच के विशेषज्ञ नहीं हैं। इस महत्वपूर्ण समय में देश के हर नागरिक ने आतंकवाद से लड़ने के लिए हाथ मिलाया है। कोर्ट ने पूछा कि क्या वे सुरक्षा बलों का मनोबल गिराना चाहते हैं? कोर्ट ने उनसे ऐसे मुद्दों को न्यायिक क्षेत्र में नहीं लाने को कहा। (अनंत ज्ञान)

### जनहित याचिका वापस लेने के लिए कहा

**जस्टिस** सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने पहलगाम हमले की जांच की निगरानी के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश की मांग करने वाले याचिकाकर्ताओं को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने याचिकाकर्ता फतेह कुमार साहू और अन्य को जनहित याचिका वापस लेने के लिए कहा। शीर्ष कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे इस मुद्दे की संवेदनशीलता को समझें और अदालत में ऐसी कोई अपील न करें।



### बेहतर होगा कि आप वापस चले जाएं

**पीठ** ने याचिकाकर्ताओं में से एक से कहा कि आप सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश से जांच करने के लिए कह रहे हैं। वे जांच में विशेषज्ञ नहीं हैं। वे केवल निर्णय दे सकते हैं और किसी मुद्दे पर निर्णय ले सकते हैं। हमें आदेश पारित करने के लिए मत कहिए। आप जहां जाना चाहते हैं, वहां जाएं। बेहतर होगा कि आप वापस चले जाएं।

### एनआईए के महानिदेशक पहलगाम पहुंचे

**एजेंसी, जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद वीरवार को एनआईए के महानिदेशक सदानंद दाते घटनास्थल पर पहुंचे हैं। 22 अप्रैल को पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की एनआईए जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार अब तक दर्ज चश्मदीदों के बयानों के आधार पर 3डी मैपिंग की जाएगी। इससे आतंकियों की एंट्री और एग्जिट पॉइंट की पुख्ता जानकारी मिल पाएगी। 3डी मैपिंग के जरिये आतंकियों के भागने के सही रास्तों की जानकारी भी मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

### नौसेना ने जंगी जहाजों को अलर्ट पर रखा

## अरब सागर में एंटी शिप और एंटी एयरक्राफ्ट फायरिंग की प्रैक्टिस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को कड़ा जवाब देने के लिए भारत ने तैयारी तेज कर दी है। आतंक के पनाहगार पाकिस्तान की हरकतों को रोकने और आतंक को नेस्तनाबूद करने के लिए तीनों सेनाएं अलर्ट मोड पर हैं। भारतीय नौसेना ने अरब सागर में अपने विशेष आर्थिक क्षेत्र में अभ्यास तेज कर दिया है। पिछले दिनों अरब सागर में एंटी शिप और एंटी एयरक्राफ्ट फायरिंग की प्रैक्टिस की गई। गुजरात के नजदीक कोस्ट गार्ड की भी तैनाती की गई है। रक्षा विभाग की मानें तो नौसेना ने अपने युद्धपोतों को सतर्क रखा है। हाल के दिनों में अरब सागर में कई जहाज-रोधी और विमान-रोधी फायरिंग की गई है। भारतीय लटरक्षक जहाज भी अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास अग्रिम क्षेत्रों में तैनात हैं। गुजरात तट से सटी समुद्री सीमा पर कड़ी निगरानी हो रही है। भारतीय नौसेना पूरे क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत कर रही है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर देशभर में नाराजगी है।

पूरा देश इस इंतजार में है कि कब और कैसे भारत आतंकवाद के पनाहगार पाकिस्तान को करारा जवाब देगा। इस बीच भारत की तीनों सेनाओं ने तैयारी शुरू कर दी है। उनका कहना है कि वह किसी भी परिस्थिति में और किसी भी दुश्मन को करारा जवाब देने के लिए तैयार है। (अनंत ज्ञान)

# चमियाना अस्पताल में शुरू होगी रोबोटिक सर्जरी : सीएम

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

शिमला का निकटवर्ती चमियाना अस्पताल प्रदेश का पहला ऐसा संस्थान होगा, जहां रोबोटिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके बाद कांगड़ा जिले के टांडा मेडिकल कॉलेज में भी यह सुविधा शुरू की जाएगी। इसके साथ ही टांडा, हमीरपुर और नेरचौक के मेडिकल कॉलेजों में 3 टेस्ला एमआरआई मशीनें स्थापित की जा रही हैं। आईजीएमसी की पुरानी एमआरआई मशीन को भी जल्द बदला जाएगा।



**टांडा, हमीरपुर और नेरचौक में एमआरआई मशीनें लगेंगी**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ये घोषणाएं वीरवार को चमियाना स्थित अटल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशियलिटी में इन-पेशेंट डिपार्टमेंट (आईपीडी) सेवाओं का विधिवत शुभारंभ करने के दौरान कीं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक बनाने के लिए राज्य सरकार 200 करोड़ रुपए की राशि आधुनिक तकनीक पर खर्च करने जा रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य सरकार अपने संसाधनों से यह विकास कार्य कर रही है, ताकि प्रदेशवासियों को स्थानीय स्तर पर ही विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो सकें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अस्पताल का निरीक्षण कर अधिकारियों को मरीजों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अस्पताल परिसर में अधिकारियों के साथ बैठक कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक सुधारों हेतु दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को अस्पताल तक पहुंचने वाली सड़क को और बेहतर करने के निर्देश दिए। साथ ही मरीजों की सुविधा के लिए परिवहन सेवाएं भी सुदृढ़ करने की बात कही। (अनंत ज्ञान)

# वेव्स हर कलाकार और क्रिएटर का मंच : मोदी

**एजेंसी, मुंबई**

बॉलीवुड नगरी मुंबई में 1 मई को वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) का आयोजन हुआ। इस समिट में बॉलीवुड कलाकारों के साथ-साथ भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए। समिट का आयोजन मुंबई के जियो कंवेंशन सेंटर में हुआ। इस दौरान प्रधानमंत्री ने भरत मुनि और कालिदास को याद कर भाषण दिया। पीएम ने अपने भाषण में भारतीय संस्कृति पर भी रोशनी डालते हुए सभी को रू-ब-रू करवाया।



**पीएम ने वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट में की शिरकत**

उन्होंने कहा कि वेव्स हर कलाकार और क्रिएटर का मंच है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भरत मुनि ने 2000 साल पहले नाट्य शास्त्र लिखा था, तो उन्होंने समाज को 'विचार, भावनाएं और फीलिंग्स' देने वाली रचनाएं लिखीं। पीएम कालिदास के अभिज्ञान शाकुंतलम के बारे में बोलते हुए कहा कि इसने भारतीय शास्त्रीय नाटक को एक नई दिशा दी। भारत की हर गली में कहानी है, उसके पर्वत में गीत है, हर नदी कुछ न कुछ गुनगुनाती है। भारत के हर गांव अपनी लोक कथाएं हैं जो पीढ़ी से लेकर अगली पीढ़ी तक पहुंच रही है। यहां हर सुर में कहानी और हर ताल में आत्मा है। यह भाषण सुन सभी काफी खुश हुए और जोरों से तालियां बजाने लगे। (अनंत ज्ञान)

### कुल्लू में पुल पार करते वक्त मलाणा नदी में डूबे 2 युवक

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** मणिकर्ण घाटी के मलाणा नदी में दो स्थानीय युवक डूब गए। बुधवार देर रात पेश आई इस घटना में एक युवक का शव रेस्क्यू टीम ने बरामद कर लिया है, वहीं दूसरे युवक का अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। वीरवार को सुबह से लेकर देर शाम तक सर्च अभियान जारी रहा।

**एक का शव बरामद दूसरे की तलाश जारी**

पुलिस जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात को उक्त दोनों युवक जब नदी के ऊपर बनी अस्थायी लकड़ी के पुल को पार कर रहे थे तो अचानक पैर फिसलने से नदी में गिर गए और बह गए। स्थानीय लोगों ने इस बारे पुलिस प्रशासन को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी रेस्क्यू टीम लेकर मौके पर पहुंच गई। पुलिस के साथ घाटी के चौकसी गांव के छापे राम नेगी सहित स्थानीय लोग व होमगार्ड की टीम सुबह से लेकर शाम तक दूसरे युवक की तलाश में जुटे रहे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अब शुक्रवार को एक बार फिर सर्च अभियान शुरू किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# प्रदेश में बारिश ने दिलाई भीषण गर्मी से राहत

## हफ्तेभर जारी रहेगा बारिश का दौर, तूफान और बिजली गिरने की भी चेतावनी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में मौसम में बदलाव आया है। वीरवार रात को कई क्षेत्रों में बारिश होने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। हालांकि कुछ स्थानों पर तेज आंधी चली, लेकिन इससे कहीं भी नुकसान की रिपोर्ट नहीं है। इन हवाओं से अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। आगामी एक सप्ताह तक मौसम के बिगड़े मिजाज ने चिंता बढ़ा दी है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 7 मई तक पूरे प्रदेश में खराब मौसम रहने की चेतावनी दी है। साथ ही कई स्थानों पर अंधड़ और बिजली गिरने की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है।



मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश के कुछ हिस्सों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। इसके अलावा 6 मई तक हवाओं की गति और तेज होकर 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने का अनुमान है। 7 मई को फिर से 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने की चेतावनी दी गई है। विभाग ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने और यात्रा से पूर्व मौसम की जानकारी लेने की सलाह दी है। 5 और 6 मई को प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी के भी आसार हैं। यह बर्फबारी खासकर लाहौल-स्पीति, किन्नौर और कुल्लू जिले की ऊंची चोटियों पर देखने को मिल सकती है।

तेज हवाओं और बारिश से जहां फसलों को नुकसान की आशंका जताई जा रही है वहीं, बिजली आपूर्ति में भी बाधा आने की संभावना बनी हुई है। खासतौर पर खराब मौसम से मैदानी इलाकों में गेहूं की कटाई का कार्य प्रभावित हो सकता है।

# मोदी सरकार सामाजिक न्याय के लिए संकल्पित : अनुराग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने मोदी सरकार द्वारा



**कांग्रेस पर जातिगत जनगणना को रोकने का लगाया आरोप**

जातीय जनगणना के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे सामाजिक न्याय की दिशा में एक अभूतपूर्व कदम बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने सत्ता में रहते हुए जातिगत जनगणना को रोका और सर्वसमाज के अधिकारों पर वोट बैंक की राजनीति करते रहे। जनगणना का उद्देश्य सामाजिक समानता लाना है। हर समाज में कोई न कोई व्यक्ति गरीब है और ऐसे समाज और गरीब लोगों को सरकार के सामने आने वाले आंकड़ों का फायदा मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

### गरीब व्यक्ति के हित में होगी जनगणना

**अनुराग** ने कहा कि यह जनगणना गरीब व्यक्ति के हित में होगी। इस निर्णय से आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े सभी वर्गों का सशक्तिकरण होगा, समावेशन को बढ़ावा मिलेगा और यह वंचितों की प्रगति के नए मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा कि जनगणना में जातिगत गणना को पारदर्शी तरीके से शामिल किया जाएगा।

### हिमाचल कर्मचारी चयन आयोग में पुनर्नियुक्ति पर विवाद

# चयन आयोग बोला- छह माह के लिए एक्सटेंशन आई, अभी नहीं दी अपॉइंटमेंट

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर में स्थित हिमाचल कर्मचारी चयन आयोग में एक कर्मचारी की रिटायरमेंट के बाद की गई री-अपॉइंटमेंट पर काफी चर्चा हो रही है। वजह यह है कि यह कर्मचारी एक मामले को लेकर पहले ही काफी सुर्खियां बटोर चुका है। कोर्ट ने उसे खिलाफ फैसला भी आया था, बावजूद इसके सरकार ने उसे इस आयोग में रिटायरमेंट के बाद 6 माह की री-अपॉइंटमेंट दे दी है। आयोग के भीतर हालांकि सरकार से आए पत्र के बाद चुप्पी है, लेकिन राज्य सरकार को इससे

**कोर्ट केस मामले में हुई थी सजा**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

आवश्यकता क्यों पड़ी क्या विशेष विवादों में संलिप्त रहे कर्मचारियों को री-अपॉइंटमेंट की जरूरत क्यों पड़ी, इसके पीछे के कारण किसी को समझ नहीं आ रहे हैं। दरअसल यहां कर्मचारियों की तैनाती को लेकर जब इस आयोग का गठन हुआ था, तो कई कर्मचारी दूसरे विभागों में मर्ज करने की बजाय इसी आयोग में शामिल कर लिए गए थे। इनमें से अब कुछ बारी-बारी से रिटायर भी होने लगे हैं। उन्हीं में से एक की रिटायरमेंट होने के बाद जो पुनर्नियुक्ति हुई है, उसी की वजह से कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

उधर, आयोग के सचिव विक्रम महाजन का कहना है कि री-अपॉइंटमेंट का लेटर सरकार से आया है, लेकिन अभी उस पर प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। रिटायरमेंट हो चुकी थी, यह पत्र कुछ दिन पहले ही आया है। अभी स्टेटस क्या होगा? इस पर जल्दी में कुछ भी कहा नहीं जा सकता। (अनंत ज्ञान)

# आतंकी तहव्वुर राणा के वॉइस सैंपल का लिया जाएगा नमूना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पटियाला हाउस कोर्ट ने 26/11 आतंकवादी हमले के आतंकी तहव्वुर राणा की वॉइस सैंपल और लिखावट के नमूने लेने की इजाजत दे दी है। एनआईए ने कोर्ट में अर्जी इसे लेकर अर्जी दाखिल की थी,



जिसमें एनआईए ने तहव्वुर राणा की वॉइस सैंपल और लिखावट के नमूने लेने की इजाजत मांगी थी। बता दें कि तहव्वुर राणा फिलहाल 12 दिन की एनआईए की हिरासत में है। बता दें कि इससे पहले एनआईए कोर्ट ने 26/11 आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा की हिरासत 12 दिन के लिए बढ़ा दी थी। तहव्वुर राणा को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट से ले जाया गया था। यहां राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कोर्ट ने उसकी हिरासत अवधि 12 दिन के लिए बढ़ाई। (अनंत ज्ञान)

### कौन है तहव्वुर राणा?

**26/11** मुंबई हमले के प्रमुख साजिशकर्ताओं में तहव्वुर हुसैन राणा अहम नाम है। उसे मुंबई हमले के मास्टरमाइंड डेविड कोलमैन हेडली का करीबी माना जाता है। हेडली और राणा स्कूल के समय से दोस्त थे। हेडली ने बाद में स्वीकार किया था कि वह लश्कर-ए-तैयबा और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम कर रहा था। इस आतंकी हमले ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था।

# अजमेर के होटल में लगी आग में चार लोगों की मौत

**एजेंसी, अजमेर**

अजमेर के डिग्गी बाजार इलाके में वीरवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां स्थित नाज होटल में सुबह करीब 8 बजे भीषण आग लग गई। होटल में ठहरे जायरीन जब तक कुछ समझ पाते, तब तक लपटें पूरी इमारत को निगल चुकी थीं। आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को भागने का मौका तक नहीं मिला। चीख-पुकार, जान बचाने की जद्दोजहद और हर तरफ मची अफरा-तफरी में लोगों ने जान बचाने के लिए खिड़कियों से कूदने की कोशिशें भी कीं।



**बचने के लिए खिड़की से कूदे लोग**

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक एसी फटने के बाद लगी आग थोड़ी ही देर में ऊपर की मंजिलों तक जा पहुंची। इसी बीच आग में फंसी एक मां ने बच्चे का कोई रास्ता नहीं दिखने पर अपने डेढ़ साल के मासूम को खिड़की से नीचे फेंक दिया। हालांकि नीचे खड़े लोगों ने किसी तरह बच्चे को पकड़ लिया, जिससे उसकी जान बच गई, लेकिन वह मामूली तौर पर झुलस गया। हादसे में अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि मासूम सहित 5 लोग झुलस गए हैं। घायलों को जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। तंग गलियों में स्थित इस पांच मंजिला होटल तक दमकल की गाड़ियां भी समय पर नहीं पहुंच पाई और आधे घंटे की देरी से पहुंचीं। तब तक बहुत देर हो चुकी थी। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान कई दमकलकर्मी और पुलिसकर्मी भी धुएं और गर्मी की वजह से बेहोश हो गए। (अनंत ज्ञान)

**औषधीय फल** इस पहाड़ी फल के जंगल में होते हैं बड़े-बड़े पेड़, पेट के रोगों के लिए है रामबाण

# हर साल बढ़ रहे औषधीय गुणों से भरपूर काफल के दाम

**अनिल शर्मा, मंडी**

गर्मियों में ठंडक प्रदान करने वाले काफल के दाम साल दर साल बढ़ते ही जा रहे हैं, जबकि यह फल जंगल में पेड़ों पर स्वयं तैयार होता है। इसके पेड़ को न तो खाद-पानी देना पड़ता है और न ही इसकी देखभाल करनी पड़ती है। हालांकि इसको बेचने वाले हर साल इसके मनमर्जी से दाम वसूलते हैं।

जंगल और पेड़ पौधों से प्राप्त होने वाले फल और सब्जियों के दाम निर्धारण को लेकर मंडी प्रशासन की ओर से अभी तक किसी भी प्रकार की पहल नहीं की गई है। हालांकि पिछले दो वर्षों से काफल का कारोबार मंदा होने के बावजूद यह 400 से 500 रुपए प्रति किलो के हिसाब से बेचा जा रहा है। बेचने वाले जंगल से पेड़ की हल्की-हल्की टहनियां भी लेकर आते हैं, जिससे पेड़ों को नुकसान पहुंच रहा है। (अनंत ज्ञान)

## कई रोगों में लाभकारी

**गर्मियों** में ठंडक प्रदान करने वाला काफल विटामिन, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट जैसे पोषक तत्वों से भरपूर है। इसके सेवन से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और हृदय, मधुमेह और रक्तचाप की समस्या हल होती है। काफल के आयुर्वेद में कई लाभ बताए गए हैं। औषधीय गुणों से भरपूर काफल की चटनी भी बनाई जाती है। यह एंटी-बैक्टीरियल, एंटीफंगल और एंटी-माइक्रोबियल गुणों के कारण सर्दी जुकाम व खांसी की परेशानी को भी दूर करता है। काफल पित्तनाशक होने के साथ साथ पेट में जलन, चक्कर आना, भूख कम लगना आदि समस्याओं में भी लाभकारी है।



अनंत ज्ञान स्पेशल

**एपीएमसी** द्वारा तय मानकों पर ही विभाग संज्ञान लेता है। जंगल से लाई गई वस्तुओं को लेकर उच्चाधिकारियों से परामर्श लिया जा रहा है।

-मीरा देवी, निरीक्षक, खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग, मंडी।

## स्वच्छता का रखें ध्यान

**आयुर्वेदिक** मेडिकल ऑफिसर यशवंत ठाकुर ने बताया कि काफल खरीदने से पहले यह सुनिश्चित करें कि पेड़ से तुड़ान के दौरान हाथ में ग्लव्स पहने हुए हों। उन्होंने कहा कि बिना ग्लव्स पहले जब भी काफल तोड़ा जाता है, तो इसमें हाथ से कीटाणु चिपक जाते हैं। इसके साथ ही बेचने के लिए रखे काफल में सड़क से उड़ने वाली धूल मिट्टी उन पर बैठ जाती है, जो स्वास्थ्य के लिए लाभ की बजाय हानि करती है। उन्होंने कहा कि काफल को लाकर उन्हें अच्छे से धो लें, उसके बाद ही उपयोग में लाएं, ताकि काफल का आयुर्वेदिक लाभ लिया जा सके। इसके साथ ही

**धोने के उपरांत ही उपयोग में लाएं काफल**



बाजार में काफल बेचता एक व्यापारी।

बेचने वालों को भी बिना ग्लव्स के काफल पैक नहीं करना चाहिए, लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ नहीं होना चाहिए।

### रामदेव पर किसी का काबू नहीं : कोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक बार फिर बाबा रामदेव के हमदर्द कंपनी के शरबत पर 'शरबत जिहाद' वाली विवादित टिप्पणी मामले पर नाराजगी जताई है। साथ ही कोर्ट अवमानना नोटिस जारी करने की तैयारी में है। कोर्ट ने पहले ही रामदेव को हमदर्द के उत्पादों के बारे में कोई भी बयान जारी करने से मना किया था। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को टिप्पणी करते हुए कहा कि योग गुरु बाबा रामदेव किसी के नियंत्रण में नहीं हैं और अपनी ही दुनिया में रहते हैं। रामदेव को शरबत जिहाद बयान पर प्रथम दृष्टया कोर्ट के आदेश की अवमानना का दोषी पाया। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने रामदेव का हमदर्द के उत्पादों के बारे में भविष्य में कोई बयान जारी न करने या वीडियो साझा न करने का आदेश दिया था। जस्टिस अमित बंसल ने कहा कि कोर्ट के 22 अप्रैल के निर्देशों के बावजूद रामदेव ने आपत्तिजनक बयान देते हुए एक वीडियो जारी किया। वह किसी के नियंत्रण में नहीं हैं। (अनंत ज्ञान)

# हिम अकादमी के छात्र एनडीए परीक्षा में छाए



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी हमीरपुर के लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण है कि हमारे संस्थान के 13 छात्रों कुणाल ठाकुर, अर्श शर्मा, काव्या सूद और शिवांश सूद, जसकरण, दिव्यांश, संभव, कृष, रुद्रांश, रक्षित, ओजिस ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में दृढ़ संकल्प और अनुशासन ने उन्हें इस महत्वपूर्ण उपलब्धि तक पहुंचाया है। संस्थान के प्रधानाचार्य, शिक्षक और समस्त स्टाफ ने इन छात्रों की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। एनडीए की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए छात्रों ने शैक्षणिक, शारीरिक और मानसिक रूप से खुद को मजबूत साबित किया है, जो इस परीक्षा की कठोरता को दर्शाता है। यह सफलता संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता और छात्रों के सर्वांगीण विकास का प्रमाण है। हम उम्मीद करते हैं कि ये छात्र आने वाले समय में देश की सेवा में उत्कृष्ट योगदान देंगे और उनकी सफलता आने वाले छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी।

## छात्रों को दयालु व्यवहार के लिए मिलेगा सम्मान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर मई महीने को दयालुता चुनौती माह के रूप में मना रहा है, ताकि छात्रों में सहानुभूति, करुणा और सकारात्मक व्यवहार को बढ़ावा दिया जा सके। इस पहल की शुरुआत 1 मई को पूजा शर्मा (सेवा प्रमुख) के मार्गदर्शन में एक विशेष सुबह की सभा के साथ की गई, जिसमें उनके द्वारा दयालुता पर एक दिल को छू लेने वाली कहानी और अकादमिक समन्वयक मनीषा मारवाह द्वारा एक प्रेरक भाषण शामिल था। महीनेभर चलने वाली चुनौती के हिस्से के रूप में, छात्रों को प्रत्येक दिन की टिप मिलेगी और वे दयालुता के छोटे-छोटे कार्य पूरे करेंगे, जिन्हें वे एक व्यक्तिगत नोटबुक में रिकॉर्ड करेंगे। महीने के अंत में लगातार दयालु व्यवहार प्रदर्शित करने वाले छात्रों को मान्यता दी जाएगी और पुरस्कृत किया जाएगा। इस पहल के प्रभाव को मजबूत करने के लिए, माता-पिता से प्रतिक्रिया एकत्र की जाएगी, जिससे घर पर दयालुता को बढ़ावा देने में उनकी भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। हैप्स का मानना है कि बच्चों में दयालुता को बढ़ावा देने के लिए एक संयुक्त प्रयास की आवश्यकता होती है, जिससे देखभाल और सम्मान की संस्कृति बनती है। इस प्रार्थना सभा में डीएसडब्ल्यू, अकादमिक समन्वयक वनिता गुप्ता उपस्थित रहे।

## डीएवी भड़ोली में मनाया अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस

**नादौन शशि, सोनल।** डीएवी भड़ोली में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया गया। कक्षा छठी से लेकर आठवीं तक के बच्चों के लिए ग्रीटिंग कार्ड बनाने की गतिविधि का आयोजन किया गया। सभी बच्चों ने इसमें अपनी भागीदारी दर्शाई और अपने ग्रीटिंग कार्ड के माध्यम से श्रमिकों के प्रति अपनी सहानुभूति भी व्यक्त की। कई बच्चों ने कार्डस पर श्रमिक दिवस की पृष्ठभूमि को उकेरा तो कई बच्चों ने मजदूरों के हितों के प्रति आवाज उठाते हुए अपने ग्रीटिंग कार्ड्स को एक जीवंत रूप दे डाला। स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां निश्चित ही विद्यार्थियों को अपने अधिकारों और अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहना सिखाती हैं। उन्होंने बच्चों की रचनात्मकता की भूरी-भूरी प्रशंसा की। (अनंत ज्ञान)

## 15 तक बिजली बिल जमा करवाएं हमीरपुर के उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 15 मई तक का समय दिया गया है। एसडीओ सौरभ राय ने कहा कि उपमंडल के जिन बिजली उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 15 मई से पहले उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें, नहीं तो उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे।

## नशा शरीर को कर देता है खोखला : अंजना

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** उपमंडल नादौन के दुर्गा सिंह स्मारक सीसे विद्यालय बड़ा में स्कूल की नशा निवारण समिति के सौजन्य से एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता विद्यालय की प्रिंसिपल अंजना कोंडल ने की। शिविर में नशा निवारण समिति की प्रभारी वंदना प्रवक्ता वाणिज्य के अतिरिक्त नशा निवारण समिति के सदस्य वीर सिंह ठाकुर, मनोज कुमार, शशि चौहान, किरण देवी, मुकेश कुमार, रेखा आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। विद्यालय की प्रिंसिपल अंजना कौंडल द्वारा वर्तमान समय में युवा वर्ग ने बढ़ रही नशे के सेवन की लत पर चिंता व्यक्त करते हुए स्कहा कि नशा एक धीमा जहर है, जो इसका सेवन करने वाले के शरीर को अंदर से खोखला कर देता है, इसलिए हमें इन मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहना चाहिए ताकि हम स्वस्थ जीवन जी सकें। वहीं, नशा निवारण समिति की प्रभारी वंदना ने बच्चों को नशे की लत से दूर रहने की सलाह दी। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों द्वारा कस्बा में एक जागरूकता रैली भी निकाली जिसमें बच्चों द्वारा कस्बा निवासियों को स्लोगनों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। (अनंत ज्ञान)

## हैप्स हीरानगर में काइंडनेस चैलेंज का आगाज




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर में विद्यालय के मासिक कार्यक्रम काइंडनेस चैलेंज का बड़े हर्षोल्लास से शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य शशि बाला ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। छात्रों ने काइंडनेस चैलेंज की शपथ ली। सेवा समन्वयक विनोद शर्मा ने छात्रों को काइंडनेस की विस्तृत जानकारी दी। पूरे मास विद्यालय के छात्रों को दैनिक काइंडनेस टिप दिया जाएगा, जिसकी फीडबैक अध्यापक और अभिभावक फोटो और वीडियो के माध्यम से देंगे। कार्यक्रम में कक्षा एक से आठ तक के छात्रों ने दयालुता पर अपने विचार साझा किए। इस मौके पर छात्रों ने चालक, परिचालक एवं सहायक कर्मचारियों को बैच लगाकर सम्मानित किया। विद्यालय प्राचार्य ने कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नीता सिंह, पूजा शर्मा, विनता राणा, माया शर्मा, अध्यापक वर्ग एवं इवेंट मैनेजर को कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी।

### मक्कड़-दियोटसिद्ध सड़क के काम के लिए न हो रही ज्वाइंट इंस्पेक्शन, न डिमार्केशन

# पेड़ कटान में फंसा रोड का अपग्रेडेशन

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

अनंत ज्ञान खास खबर

मक्कड़-दियोटसिद्ध सड़क अपग्रेडेशन का मामला पेड़ों के कटान को लेकर उलझ गया है, न तो ज्वाइंट इंस्पेक्शन हो रही है, न ही डिमार्केशन और न ही कितने पेड़ कटने हैं, इनकी गिनती हो पा रही है। कारण यही है कि इस महत्वपूर्ण सड़क को टू-लेन टाइप बनाने के काम में बड़ी अड़चन आ चुकी है। अब यह काम पिछले दो महीनों से बंद पड़ा हुआ है।

दरअसल में इस सड़क मार्ग में काफी ज्यादा हिस्सा चीड़ जंगल के बीच से होकर निकलता है। अब क्योंकि सड़क थोड़ी खुली हो रही है तो कई छोटे-बड़े पेड़ भी कटने हैं। आधे पेड़ तो वैसे ही पहले से ही गिरने वाली स्थिति में हैं। अब यदि इन्हें काटा नहीं गया, तो सड़क खुली कैसे होगी? इसी समस्या के हाल के लिए फॉरेस्ट डिपार्टमेंट ने पेड़ों की डिमार्केशन करवाने और इसे ऑनलाइन अपलोड करने को कहा था, लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग अभी तक इसमें कामयाब नहीं हो पाया है। यह काम पिछले एक महीने से चल रहा है, लेकिन अंतिम पड़ाव इसका कब आएगा, पता नहीं? इसीलिए लेट लतीफी जारी है। (अनंत ज्ञान)



मक्कड़-दियोटसिद्ध सड़क पर जहां डंग लगे, उसके आगे दो महीने से काम बंद है। यही है इस सड़क की सारी दास्तान।

**समस्या का जल्द होगा हल : जेई राकेश**

पीडब्ल्यूडी के जेई राकेश चंदेल का कहना है कि ऑनलाइन पोर्टल पर इसका ब्योरा दे दिया गया है। इसके बाद डीएफओ की अगुवाई में ज्वाइंट इंस्पेक्शन होगी। कितने पेड़ कटने हैं, चिन्हित हो जाएगा। उसके बाद डीएम कॉरपोरेशन इनका कटवान करवाएंगे। इस काम में थोड़ा सा वक्त लगेगा। यह प्रक्रिया जल्दी हल होने की उम्मीद है। अगले कुछ दिनों में यह सारी समस्या हल हो जाएगी, देरी निश्चित रूप में हुई है।

**कार्य पर खर्च हो रहे 19 करोड़**

डीएफओ अंकित कुमार का कहना है कि उन्होंने दो सप्ताह पहले संबंधित विभाग को ऑनलाइन पोर्टल पर इसकी एप्लीकेशन और संबंधित दस्तावेज डालने के लिए कहा था, लेकिन अभी तक यह काम पीडब्ल्यूडी की तरफ से नहीं हो पाया है क्योंकि ऑनलाइन प्रक्रिया ही पीडब्ल्यूडी को इस काम में जल्द समस्या का हल करवाएगी। उसी के बाद पेड़ों को काटने का काम शुरू होगा। पहले यह चिन्हित तो हो जाए कि कितने पेड़ हैं। इस सड़क मार्ग पर तकरीबन 19 करोड़ रुपए खर्च जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने भूमि पूजन से किया था शुभारंभ का कार्य।

# विप्रो अर्थियन प्रोग्राम में देश के टॉप 80 स्कूलों में भलेठ स्कूल चयनित

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



उपलब्धि पर जानकारी देते गणमान्य।

**सलूणी विवि में 9 को प्रधानाचार्या मंजरी वी महाजन को किया जाएगा सम्मानित**

हमीरपुर जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भलेठ स्कूल विप्रो अर्थियन प्रोग्राम में देश के टॉप 80 स्कूलों में सिलेक्ट हुआ है। स्कूल का नेशनल लेवल पर आउट स्टैंडिंग एफर्ट के लिए चयन हुआ है। भलेठ स्कूल ने अपने प्रदर्शन से प्रदेश का नाम देशभर में रोशन किया है। आगामी 9 मई को सलूणी यूनिवर्सिटी में अवॉर्ड सैरेमनी के जरिए भलेठ स्कूल की प्रधानाचार्य मंजरी वी महाजन को कैश प्राइज व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया जाएगा।

स्कूल प्रधानाचार्य मंजरी वी महाजन ने इसके लिए जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौत्तम का भी इसके लिए आभार जताया है क्योंकि उनके मार्गदर्शन में ही स्कूल यह उपलब्धि हासिल कर पाया है। बता दें कि भलेठ स्कूल के छह छात्रों की एक टीम ने स्कूल प्रधानाचार्य मंजरी वी महाजन की अध्यक्षता में एक सर्वे डाटा तैयार किया था। इसमें क्षेत्र के लोगों को पर्यावरण संरक्षण को लेकर लगातार वीडियो और ऑडियो के माध्यम से जागरूक किया गया। इसकी एक प्रोजेक्ट रिपोर्ट भी तैयार की गई थी, जिसे विप्रो अर्थियन प्रोग्राम 2024-25 में प्रस्तुत किया गया। ज्यूरी कमेटी ने कई चरणों में प्रोजेक्ट रिपोर्ट का विश्लेषण किया। इसमें भलेठ स्कूल को प्रोजेक्ट रिपोर्ट आउट स्टैंडिंग पाई गई है। आपको बता दें कि भलेठ स्कूल की रेसिपी को फरवरी माह में देश की पहली तीन सर्वश्रेष्ठ रेसिपीज में भी चुना गया है। उन्होंने अनूठी और स्वास्थ्यवर्धक रेसिपी मोरिंगा कलियों की चटनी और पकौड़े को देश के एक बड़े मंच पर प्रस्तुत कर हिमाचल का नाम रोशन किया है।

इसके अलावा भलेठ स्कूल ने ग्रीन स्कूल प्रोग्राम में भी भाग लिया। इसमें ऑनलाइन ऑडिट किया था, जिसमें भलेठ स्कूल नेशनल लेवल पर सिलेक्ट हुआ था और स्कूल को ग्रीन स्टेट्स दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# नई श्रम संहिताओं से मजदूरों का सब कुछ खो जाने का डर : कश्मीर



धौलासिद्ध में सीटू ने मजदूर दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

निर्माणाधीन विद्युत परियोजना धौलासिद्ध में सीटू ने मजदूर दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। सीटू के जिला अध्यक्ष प्रताप राणा ने सीटू का झंडा फहराया। मजदूरों की सभा को संबोधित करते हुए जिला सचिव जोगिंदर कुमार ने मई दिवस के इतिहास की कुर्बानियों के बारे में जानकारी दी।

सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर ने कहा कि मजदूरों ने भारी कुर्बानियों के बल पर जो श्रम कानून बनवाए थे, मोदी सरकार ने उन्हें समाप्त कर दिया है और उसके स्थान पर चार श्रम संहिताओं को बनाया है, जो मालिकों के पक्ष में हैं और ये संहिताएं मजदूरों के लिए गुलामी का रास्ता ही प्रशस्त करती हैं जिसका मजदूर देशभर में जमकर विरोध कर रहे हैं और आने वाली 20 मई को इन श्रम संहिताओं के विरोध में देशभर में हड़ताल की जाएगी और हमीरपुर में भी इसके विरोध में विशाल प्रदर्शन किया जाएगा।

यूनियन के महासचिव संतोष कुमार ने कहा मजदूर 20 मई को धौलासिद्ध में भी मुक्कमल हड़ताल करेंगे और प्रदर्शन में शामिल होंगे।

## सिक्योरिटी गार्ड्स के पदों के लिए भर्ती 5 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** गुजरात के जामनगर में सिक्योरिटी गार्ड्स के 200 पदों पर नियुक्ति के लिए चैकमेट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड 5 मई को सुबह 10 बजे हमीरपुर के सैनिक विश्रामगृह में थल सेना के भूतपूर्व सैनिकों की भर्ती करेगी। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के उपनिदेशक स्क्वाड्रन लीडर मनोज राणा ने बताया कि इस भर्ती में 48 वर्ष तक की आयु के दसवीं पास इनफेंटरी के जनरल ड्यूटी वर्ग के भूतपूर्व सैनिक भाग ले सकते हैं।

चयनित भूतपूर्व सैनिकों को 41,339 रुपए मासिक वेतन और अन्य सुविधाएं मिलेंगी। लगभग 3000 रुपए की पेमेंट पर खाने की सुविधा भी उपलब्ध होगी। भर्ती के इच्छुक भूतपूर्व सैनिक अपने साथ डिस्चार्ज बुक, पीपीओ, एक्स सर्विसमैन का पहचान पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, एसपी कार्यालय द्वारा जारी पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट, बैंक पासबुक या कैंसल्ड चेक, दसवीं कक्षा की अंक तालिका और 8 पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य लाएं। उपनिदेशक ने बताया कि उम्मीदवारों की मेडिकल केटिगरी शेप-1, लंबाई 5 फुट 8 इंच और बीएमआई 26.5 होना चाहिए। जानकारी के लिए 01972-222334 पर संपर्क करें।

# जवान को सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**



जवान रविंद्र को सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई।

भोरंज उपमंडल के गांव अमण के जवान रविंद्र ठाकुर उम्र 31 वर्ष का 30 अप्रैल की सुबह निधन हो गया। वह जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में तैनात थे और 24 अप्रैल को छुट्टी लेकर घर आए थे। 29 अप्रैल रात को उनकी तबीयत बिगड़ गई और 30 अप्रैल की सुबह उनकी तबीयत और ज्यादा बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें तुरंत जिला अस्पताल हमीरपुर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। दुर्भाग्यवश, रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

रविन्द्र ठाकुर ने लगभग 13 वर्ष पूर्व 20 जेके राइफल में भर्ती होकर फौजी जीवन की शुरुआत की थी। वीरता और कर्तव्यनिष्ठा के चलते वे बाद में राष्ट्रीय राइफल्स में शामिल हुए और जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा (श्रीनगर) जैसे संवेदनशील इलाके में सेवाएं दे रहे थे। वह कमांडो ट्रेनिंग प्राप्त कर चुके थे और सैन्य अभियानों में कई देशों में भाग ले चुके थे। उन्होंने देश की रक्षा में अदम्य साहस और समर्पण का परिचय दिया। चार वर्ष पूर्व उनकी शादी हुई थी और उनका तीन साल का बेटा है। वे अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे। जवान की असामयिक मृत्यु से पूरा परिवार शोक में डूब गया है। गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

एक मई सुबह को गांव में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। भारतीय सेना की टुकड़ी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और गार्ड ऑफ ऑनर देकर वीर को अंतिम विदाई दी। पूरे गांव और आसपास के क्षेत्र से सैकड़ों लोग अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। इस अवसर पर पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, जिला परिषद सदस्य पवन कुमार, पंचायत प्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं कई पूर्व सैनिक भी उपस्थित रहे। सभी ने जवान की बहादुरी और कर्तव्यपरायणता को नमन किया। पूर्व विधायक कमलेश कुमारी ने कहा कि रविंद्र ठाकुर जैसे सपूत ही देश की असली संपत्ति हैं। उनका जाना न केवल परिवार के लिए, बल्कि पूरे प्रदेश और देश के लिए क्षति है। गांववासियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सरकार से मांग की है कि परिवार को उचित आर्थिक सहायता और बच्चे की शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## ग्राम रोजगार सेवक संघ का प्रतिनिधिमंडल मंत्री से मिला

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ग्राम रोजगार सेवक संघ कार्यकारिणी का प्रतिनिधिमंडल राज्य अध्यक्ष मुनीष कुमार की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग व पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध व सचिव ग्रामीण विकास विभाग राजेश शर्मा से मिला।

प्रतिनिधिमंडल की मांगों में मुख्यतया विभाग द्वारा इंक्रीमेंट होलड व अनय वित्तीय लाभ रोकने वाले पत्र की वापसी, 10 साल पूरा कर चुके ग्राम रोजगार सेवकों जिन्हें नियमित सकेल नहीं दिया जा रहा है और 6800 वाले फिक्स अमाउंट वालों के वेतन वृद्धि करने की रही। जिनके लिए सचिव ने जल्दी ही इनको सुलझाने की बात की है, साथ ही मंत्री ने भी आसवशत किया है कि वेतन को लेकर आ रही समस्या का निदान शीघ्र किया जाएगा प्रतिनिधिमंडल में राज्य अध्यक्ष मुनीष कुमार, महासचिव शशिकांत, सदस्य राकेश कुमार, प्रवीण कु मार व मनोज व अन्य शामिल रहे।

# संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर में गुरुग्राम संभाग की प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर में बहुप्रतीक्षित संभागीय (गुरुग्राम संभाग) खेलकूद प्रतियोगिता बालिकाओं के लिए एथलेटिक का भव्य शुभारंभ भारतीय खेल प्राधिकरण अणू के खेल मैदान में किया गया। इस प्रतियोगिता में संभाग के विभिन्न विद्यालयों से आई 127 प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में 100, 200, 400, 800, 1500 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, भाला फेंक सहित विभिन्न एथलेटिक्स खेल शामिल रहे।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने किया। इस दौरान उन्होंने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य सुनील चौहान ने समस्त प्रतिभागियों व संरक्षकों का स्वागत किया और केंद्रीय विद्यालय संगठन के खेलकूद प्रतियोगिताओं के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्देश्य क्षेत्रीय स्तर पर प्रतिभाओं को पहचान कर उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। आयोजकों ने प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु सभी सहभागी अधिकारियों, कोचों एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया।

प्रतियोगिता के पहले दिन के परिणाम में क्रॉस कंट्री में प्रथम स्थान कशिश, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर, द्वितीय स्थान स्वरांजलि, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मंडी, तृतीय स्थान-नर्गिस, केंद्रीय विद्यालय सुबाथू ने प्राप्त किया। वहीं, 800 मीटर (अंडर-17) में प्रथम स्थान रिधिमा धीमान, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर, द्वितीय स्थान दूहीना, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रोहतक, तृतीय स्थान-तन्वी केंद्रीय विद्यालय क्रं. 3 फरीदाबाद की रही। 800 मीटर (अंडर -19) प्रथम स्थान आरजू पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पिंजौर, द्वितीय स्थान दूतान्या केंद्रीय विद्यालय सराहन, तृतीय स्थान-जाह्नवी कंवर केंद्रीय विद्यालय जाखू ने प्राप्त किया।

600 मीटर (अंडर -14) में प्रथम स्थान- मुस्कान पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय भाकली, द्वितीय स्थान दूतन्वी केंद्रीय विद्यालय सराहन, तृतीय स्थान-नूर केंद्रीय विद्यालय पिंजौर ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया। विजेताओं को पुरस्कार वितरण समारोह में पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही, प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए।

## 4 को अंडर-14 के लिए होगी वॉलीबाल प्रतियोगिता, राजेंद्र होंगे मुख्यातिथि

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज के तहत सागर स्पोर्ट्स अकादमी भरेड़ी द्वारा 14 वर्ष से कम आयु वर्ग की वॉलीबाल प्रतियोगिता 4 मई 2025 को फॉरेस्ट रेस्ट हाउस के पास सागर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित की जाएगी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कैप्टन राजिंदर सिंह बीडीसी चेयरमैन भोरंज शिरकत करेंगे। इस प्रतियोगिता में 12 जनवरी, 2012 या उसके बाद जन्मे लड़के भाग लेने के पात्र हैं और उन्हें आधार कार्ड के साथ रिपोर्ट करना होगा। प्रतियोगिता 4 मई समय-सुबह 9.30 बजे आयोजित की जाएगी।

## सुजानपुर कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. सुरेश को उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिला सम्मान




**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा में राजनीतिक विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. सुरेश कुमार 28 वर्ष के सकुशल कार्यकाल को संपूर्ण करके सेवानिवृत्त हुए। उनकी इस भावभीनी विदाई समारोह को बड़े धूमधाम से मनाया गया। उनके साथ आए हुए सभी सगे-संबंधियों का अभिनंदन किया गया। डॉ. सुरेश कुमार को स्नेह-स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट कर, शॉल एवं टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनकी पत्नी सीमा डोगरा को भी सम्मानित किया गया। उनके उज्ज्वल आगामी जीवन के लिए समस्त महाविद्यालय परिवार की तरफ से बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की गईं। इस सुअवसर पर सभी प्राध्यापकों ने अपने वक्तव्य में सुरेश कुमार के साथ बिताए हुए अविस्मरणीय पलों को याद किया और उनकी उत्कृष्ट कार्य कुशलता की सराहना की। इस अवसर पर भूतपूर्व प्राचार्य डॉ. अजायब सिंह बन्याल, कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. जितेंद्र ठाकुर, डॉ. सुमन शर्मा एवं प्रोफेसर राजीव व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## संस्था ने स्कूलों में आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को शैक्षणिक सहायता की प्रदान

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** समाजसेवा के क्षेत्र में कार्यरत संस्था दीन हित प्रयास, मंडल भरेड़ी ने एक सराहनीय पहल करते हुए क्षेत्र के चार शासकीय विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए आवश्यक सामग्री वितरित की। यह अभियान ग्रामीण शिक्षा को सशक्त करने और जरूरतमंद विद्यार्थियों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संस्था के स्वयंसेवकों ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय, भरेड़ी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, गरसाहड़, राजकीय उच्च विद्यालय, कक्कड़ व राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भरेड़ी का दौरा किया। इन सभी विद्यालयों में जाकर संस्था ने उन विद्यार्थियों की पहचान की जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। जरूरत के आधार पर इन विद्यार्थियों को कॉपियों का वितरण किया गया। विशेष उल्लेखनीय बात यह रही कि संस्था ने राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भरेड़ी में कक्षा 12वीं के चार ऐसे छात्रों की स्कूल फीस का पूर्ण भुगतान किया, जिनके परिवार आर्थिक तंगी के कारण उनकी शिक्षा जारी रखने में असमर्थ थे। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि दीन हित प्रयास का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है, विशेष रूप से उन बच्चों तक, जो प्रतिभावान होते हुए भी संसाधनों के अभाव में पीछे रह जाते हैं। संस्था भविष्य में भी इस प्रकार के सहयोग कार्य निरंतर जारी रखने हेतु संकल्पित है। स्थानीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों ने संस्था के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि ऐसे सहयोग से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपनी पढ़ाई को लेकर अधिक गंभीर होते हैं। यह अभियान न केवल शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक कदम है, बल्कि यह पूरे समाज को यह संदेश भी देता है कि जब हम सभी मिलकर प्रयास करें, तो किसी भी बच्चे की पढ़ाई संसाधनों के अभाव में रुकने नहीं दी जा सकती।

# कांग्रेस स्पष्ट करे पाकिस्तान के प्रति अपना रवैया : भाजपा जिला अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



भाजपा के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कांग्रेस प्रवक्ता द्वारा दिए गए बयानों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भाजपा का भारत के प्रति दृष्टिकोण और राष्ट्रवाद की नीति बिलकुल स्पष्ट है, जबकि कांग्रेस को अपने पाकिस्तान-प्रेम और तुष्टीकरण की राजनीति पर देश को जवाब देना चाहिए। राकेश ने कांग्रेस नेताओं को इतिहास पढ़ने की सलाह देते हुए पूछा कि पाकिस्तान का निर्माण किसके समर्थन से हुआ? कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35 जैसे प्रावधान किसको खुश करने के लिए लाए गए थे?

1971 में सेना द्वारा लाहौर तक जीता पाकिस्तान व 93,000 पाकिस्तानी युद्धबंदियों को बिना किसी शर्त छोड़े जाने का भारत को क्या लाभ हुआ? उन्होंने यह भी उठाया कि हिंदू बहुल क्षेत्र जैसे जैसोर, खुलना और फरीदपुर पाकिस्तान में क्यों चले गए और किसके दबाव में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को संविधान सभा से बाहर रखने की अनुमति दी गई? ठाकुर ने यूपीए सरकार द्वारा दिल्ली स्थित आईटीओ पर बक्फ बोर्ड को 123 सरकारी संपत्तियां दिए जाने पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब 1998 में केंद्र में एनडीए की सरकार थी, तब माननीय अटल बिहारी वाजपेयी ने सुरक्षा बलों को खुली छूट दी थी, जिससे भारत की हर इंच भूमि की रक्षा की जा सकी।

उन्होंने कहा कि आज जब नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों को पूरी छूट दी है, तो वहां शांति की राह बन रही है, परंतु कांग्रेस के कुछ नेता पाकिस्तान की भाषा बोलकर देश की एकता को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। ठाकुर ने कहा कि विशेष संसद सत्र की बात पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सभी परिस्थितियों का समुचित मूल्यांकन कर उचित निर्णय ले रही है। कांग्रेस को अपनी भूमिका स्पष्ट करनी होगी और भारत के हित में खड़ा होना होगा। (अनंत ज्ञान)

**मंथन** दिसंबर में अंतरराष्ट्रीय जाइका कृषि कार्यशाला का किया जाएगा आयोजन

# जाइका मिशन ने जताई परियोजनाओं में गति की उम्मीद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



जाइका मिशन की बैठक में मौजूद सदस्य।

जाइका समीक्षा मिशन ने परियोजना के अपने चौथे दिन के दौरे पर राज्य प्रबंधन इकाई, हमीरपुर में आयोजित समापन बैठक के दौरान हिमाचल फसल विविधीकरण परियोजना-2, जाइका-ओडीए में राज्य में किए गए कार्यों की सराहना की। मिशन ने आगे उम्मीद जताई कि किसानों की सक्रिय भागीदारी और अनुकरणीय नवाचारों के साथ फसल विविधीकरण और कृषि-व्यवसाय मूल्य शृंखलाओं की स्थापना के लिए परियोजना की गतिविधियों की गति जारी रहेगी।


मिशन ने एसपीएमयू से दिसंबर, 2025 के दौरान अंतरराष्ट्रीय जाइका कृषि कार्यशाला आयोजित करने का भी आग्रह किया। समीक्षा मिशन में परियोजना निर्माण सलाहकार इनागाकी युकारी और विकास विशेषज्ञ निष्ठा वेंगुर्लेकर शामिल थी। समापन बैठक की अध्यक्षता परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान ने की। डॉ. आशीष शर्मा, एसएमएस, एसपीएमयू ने कार्यवाही का संचालन किया और पिछले तीन दिनों में चार उप-परियोजनाओं-कासरला और काटली नाला (मंडी जिला), जोबरंग और यारती-तिनमो (लाहौल और स्पीति जिला) का जाइका समीक्षा मिशन के दौरे का संक्षिप्त विवरण दिया।

परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान के निर्देश पर, पीएमसी के सह-टीम लीडर अनिल अग्रवाल ने विभिन्न परियोजना घटकों पर जाइका कृषि परियोजना को समर्थन पर एक प्रस्तुति दी। बैठक में वरिष्ठ सलाहकार बीएस संधू, वित्त अधिकारी प्रदीप कुमार, उपपरियोजना निदेशक डॉ. राजेश कुमार, डॉ. डीडी शर्मा, डॉ. करतार सिंह और परियोजना के एसपीएमयू के विषय विशेषज्ञ शामिल हुए। पीएमसी के विषय विशेषज्ञ डॉ. एम बालामुरुगन एसोसिएट निदेशक और कृषि वित्त निगम (एएफसी) के सलाहकार अनीश विजयन भी मौजूद रहे। मिशन के सदस्यों ने www.hpjicaagriculture.in डोमेन नाम से परियोजना की वेबसाइट भी लॉन्च की। बैठक के दौरान स्वयं सहायता समूहों द्वारा सुंदरनगर में स्थापित सजीव रसोई पर एक वृत्तचित्र भी दिखाया गया। परियोजना द्वारा प्रकाशित रसोई बागवानी मैनुअल (अंग्रेजी और हिंदी) भी समीक्षा दल को प्रस्तुत किए गए।

मिशन ने तकनीकी सहयोग परियोजना के ज्ञान बैंक का उपयोग करके किसान परिवारों को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को मजबूत करने की सलाह दी। मिशन के सदस्यों ने निकास नीति समय सीमा को तैयार करने और उल्लेख करने पर जोर दिया और हितधारकों की जिम्मेदारियों को कृषि निदेशालय द्वारा निगरानी के साथ स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाना चाहिए। उन्होंने जेंडर मामलों में आए सुझावों पर अमल करने का बल दिया। उन्होंने जानकादी दी कि दिसंबर में अंतरराष्ट्रीय जाइका कृषि कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पर्यटन निगम के मुख्यालय को कांगड़ा लाने का निर्णय सही : शांता कुमार



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि हिमाचल सरकार ने प्रदेश पर्यटन निगम के मुख्यालय को शिमला से कांगड़ा जिला में लाने का निर्णय किया है। यह पर्यटन की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण निर्णय है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और पर्यटन निगम के अध्यक्ष रघुवीर सिंह बाली को बहुत-बहुत बधाई दी है। सरकार ने कांगड़ा जिला को प्रदेश पर्यटन की राजधानी बनाने का निर्णय पहले ही किया था। कांगड़ा जिला में धौलाधार के साथ पर्यटन की इतनी आपार संभावनाएं हैं कि इस क्षेत्र को पूरे भारत के पर्यटन मानचित्र पर लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कारगिल के प्रथम शहीद कै. सौरभ कालिया के नाम पर पालमपुर में स्थापित सौरभ वन बिहार पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन गया है। हर वर्ष हजारों पर्यटक यहां आते है। अब एक करोड़ रुपए की लागत से इसी बिहार में टॉय ट्रेन शुरू हो रही है। रेल लाइन बिछ गई है, इंजन व बोगियां भी आ गई है। उन्होंने सीएम सुक्खू से विशेष आग्रह किया है कि वे इसी महीने में टॉय ट्रेन योजना का उद्घाटन करने के लिए स्वयं पालमपुर में आएं।

### केंद्रीय विवि में निर्मुक्त युद्ध कला आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला द्वारा आयोजित 'निर्मुक्त युद्ध कला (आत्मरक्षा) प्रशिक्षण' कार्यक्रम का समापन समारोह आज धौलाधार परिसर-2 में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण छात्राओं, महिला शिक्षकों, एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने हेतु स्पर्श शीर्ष समिति एवं महिला अध्ययन एवं विकास केंद्र द्वारा हिमाचल प्रदेश सशस्त्र पुलिस एवं प्रशिक्षण, शिमला के सहयोग से आयोजित किया गया था। केंद्रीय विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों (धर्मशाला, शाहपुर, व देहरा) से प्रशिक्षण में भाग लेने वाली प्रतिभागियों ने आत्मरक्षा के माध्यम से सीखी कला का आज समापन समारोह में प्रभावशाली प्रदर्शन भी किया। इस कार्यक्रम की मुख्यातिथि हिमाचल पुलिस विभाग की इंस्पेक्टर डिंपल, ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए विश्वविद्यालय की इस पहल को महिला सुरक्षा के लिए एक प्रेरणादायक कदम बताया और पुलिस विभाग की तरफ से आने वाले समय में भी इस प्रकार प्रेरणादायी कार्यक्रम करते रहने की बात कही। केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति एवं इस कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक प्रो. एसपी बंसल ने कहा कि आत्मरक्षा का प्रशिक्षण महिलाओं को हर परिस्थिति में सशक्त और आत्मविश्वासी बनाता है। उन्होंने सुझाव दिया कि विद्यालयों को गोद लेकर पुलिस के सहयोग से छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। साथ ही, 'वूमन सेफ्टी शील्ड' और 'माय सेफ पिन' जैसे यूट्यूब चैनल्स बनाकर सुरक्षा संबंधित जागरूकता को डिजिटल प्लेटफार्म पर बढ़ाया जा सकता है। इस अवसर पर प्रो. प्रदीप कुमार डीन अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. सुनील ठाकुर आदि उपस्थित रहीं।

# लंबित 637 बस्तियां शीघ्र होंगी पीएमजीएसवाई-4 में शामिल

## केंद्रीय ग्रामीण राज्य मंत्री ने दिया लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य को भरोसा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान से भेंट की। विक्रमादित्य सिंह ने केंद्रीय राज्य मंत्री से पीएमजीएसवाई-4 में शामिल करने के लिए सत्यापन के दृष्टिगत लंबित 637 बस्तियों को शीघ्र मंजूरी देने का आग्रह किया। उन्होंने अवगत करवाया कि राज्य में 57 प्रतिशत सड़कें पीएमजीएसवाई के तहत निर्मित की गई हैं और इन सड़कों के रख-रखाव पर प्रतिवर्ष 250 करोड़ रुपये व्यय किए जा रहे हैं, इसके बावजूद राज्य की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के दृष्टिगत अधिक धन की आवश्यकता है।

उन्होंने सड़कों के रख-रखाव के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध करवाने की भी मांग की। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि पीएमजीएसवाई-1 के तहत निर्मित तीन सड़कों के उन्नयन करने की आवश्यकता है तथा इन सड़कों को पीएमजीएसवाई-4 में जोड़ने का आग्रह किया।



नई दिल्ली में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री से मुलाकात करते लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह।

### कई सड़कों को लेकर जताया आभार

**उन्होंने** पीएमजीएसवाई-3 के तहत सड़क परियोजनाओं को मंजूरी देने तथा पीएमजीएसवाई-1 के तहत डोडरा-क्वार और बड़ा-भंगाल क्षेत्र के चार सड़क परियोजनाओं के कार्य को 31 मार्च, 2026 तक बढ़ाने की अनुमति देने के लिए केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया। कमलेश पासवान ने राज्य को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया और अस्वस्थ किया कि केंद्र सरकार विकास के मामले में किसी तरह की धन की कमी नहीं आनी देगी। जब भी उनके संज्ञान में विकास से संबंधित कोई मुद्दे सामने आएंगे उसे पर तुरंत विचार किया जाएगा। बैठक में हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# किहार से रैफर घायलों को चंबा अस्पताल ने दी बेहतर सुविधा

## मरीज बोले-अस्पताल प्रबंधन ने दिखाई संवेदनशीलता

**राहुल सहगल, चंबा**



मंगलवार को चंबा-लंगेरा मार्ग पर एक पिकअप वाहन, जिसमें कुल 35 लोग सवार थे, अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हृदयविदारक दुर्घटना में 18 से 20 से लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

'अनंत ज्ञान' के पत्रकार राहुल सहगल ने चंबा मेडिकल कॉलेज में घायलों के परिजनों मनोज ठाकुर और माधो राम से बातचीत की, जिन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए नागरिक अस्पताल किहार पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने 18 से अधिक गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को तुरंत मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल चंबा रेफर किया गया, जबकि हल्की चोटों से ग्रस्त मरीजों को प्राथमिक उपचार देने उपरांत छुट्टी दे दी। वहीं 3 से 4 अत्यधिक गंभीर मरीजों को टांडा मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा लोगों के सहयोग से घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए

सौभाग्यवश, गुरुवार तक सभी घायल सुरक्षित हैं और 4-5 मरीजों को छुट्टी भी दी जा चुकी है। डॉक्टरों द्वारा समर्पण के साथ इलाज किया जा रहा है और परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन की संवेदनशीलता और तत्पर सेवा की सराहना की है। आने वाले कुछ दिनों में और कई मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हो जाएंगे।

मनोज ने कहा कि प्रशासन द्वारा प्रत्येक घायल को आर्थिक सहारा देते हुए 5,000 रुपए की सहायता राशि तहसीलदार सलूणी के माध्यम से प्रदान की गई है। परिजनों ने भांदल ग्राम पंचायत और प्रधान के सहयोग के लिए गहरा आभार जताया है। यह हादसा जहां पूरे क्षेत्र को दहला गया, वहीं प्रशासन, चिकित्सा विभाग और स्थानीय पंचायतों की सजगता ने कई जानें बचा लीं और स्थिति को कुशलतापूर्वक नियंत्रित किया। अब जरूरत है कि ऐसे हादसों से सबक लेते हुए ग्रामीण सड़कों के हालात में सुधार और वाहनों की निगरानी पर विशेष ध्यान दिया जाए। (अनंत ज्ञान)

### हिमाचल के प्राइमरी टीचरों की शिक्षा विभाग को चेतावनी, बोले-

# 15 दिन में ब्रॉडबैंड-सिम कार्ड दें, नहीं तो ऑनलाइन काम बंद

**अनंत ज्ञान, शिमला**



प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कार्यरत प्राथमिक शिक्षकों ने 15 दिन बाद ऑनलाइन काम बंद करने का नोटिस दिया है। नोटिस में कहा कि तय समय में स्कूलों में ब्रॉडबैंड, सिम की सुविधा नहीं दी गई तो काम बंद कर दिया जाएगा। प्राथमिक शिक्षकों का शिक्षा निदेशालय में क्रमिक अनशन गुरुवार को भी जारी रहा। गुरुवार को जिला हमीरपुर के शिक्षक रजनीश कुमार, कुशल कुमार, राजेंद्र कुमार, विधि चंद और राजेश कुमार क्रमिक अनशन पर बैठे।

प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने कहा कि ज्यादातर स्कूलों में टैबलेट खराब पड़े हैं। स्कूलों में ब्रॉडबैंड की सुविधा नहीं है। इंटरनेट चलाने के लिए शिक्षकों को सिम कार्ड मुहैया कराए जाएं। ऐसा नहीं किया गया तो प्राथमिक शिक्षक पूरे प्रदेश में ऑनलाइन काम बंद करेंगे। उन्होंने कहा कि विभाग को इसके लिए नोटिस दे दिया गया है। जगदीश शर्मा ने फिर दोहराया कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा, क्रमिक अनशन जारी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा निदेशालय का पुनर्गठन किसी के भी हित में नहीं है। सरकार को इस फैसला पर दोबारा से विचार करना चाहिए।

# रोहित ने शवाला को जोड़ने वाली नवनिर्मित सड़क संपर्क मार्ग का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कोटखाई के अंतर्गत बलसन क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के जिला स्तरीय महासू मेला के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर 'मां दुर्गा' का आशीर्वाद लिया। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बलसन क्षेत्र के लोगों को 'जिला स्तरीय महासू मेले' के सफल आयोजन की हार्दिक बधाई दी।

**जिला स्तरीय महासू मेले में की शिरकत**

इस दौरान शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने ग्राम पंचायत महासू के अंतर्गत गांव शवाला को जोड़ने वाली नवनिर्मित सड़क संपर्क मार्ग का उद्घाटन किया व स्थानीय जनता व पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट की।



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का स्वागत करते पार्टी कार्यकर्ता।

इस दौरान प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा, लैंड मॉर्गेज बैंक के निर्देशक देविंदर नेगी, मेला कमेटी के अध्यक्ष मोहन शर्मा, महासू पंचायत के प्रधा मनजीत चौहान, पंचायती राज संस्थानों के प्रतिनिधिगण, अधिकारीगण व कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### कश्यप ने राहुल गांधी पर किया करारा हमला, बोले-

# सरकार में रहकर कांग्रेस कुछ नहीं करती और विपक्ष में रहकर कर रही मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने मीडिया को संबोधित करते हुए देश में जातिगत जनगणना के निर्णय के लिए प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन किया और कहा कि यह जातिगत जनगणता पारदर्शी तरीके से समाज के व्यापक हित के लिए की जाएगी। सुरेश कश्यप ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार में रहकर कांग्रेस कुछ नहीं करती और विपक्ष में रहकर मांग करती है। आज भी राहुल गांधी श्रेय के लिए झूठ बोल रहे हैं जबकि 60 वर्षों में कांग्रेस की सरकार दलितों, पिछड़ों और शोषितों के लिए कुछ नहीं किया।

कश्यप ने कहा कि बुधवार का दिन ऐतिहासिक दिन था, पीएम मोदी के नेतृत्व में राजनीतिक विषयों की कैबिनेट समिति ने यह फैसला किया है कि अब जनगणना के साथ, जातियों की गणना भी होगी। यह फैसला ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना पूरी पारदर्शिता के साथ होगी। समाज के सभी वर्गों के आर्थिक और सामाजिक हितों को ध्यान में रखते हुए देश के हित में होगी। इसके पहले भी मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का देकर उन्हें सशक्त बनाने का निर्णय लिया था। जातिगत जनगणना भी सामाजिक न्याय के लिए सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास और सबका प्रयास के मंत्र पर चलते हुए समाज से सभी वर्गों के कल्याण के लिए की जाएगी।

कश्यप ने कहा कि आज कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन के नेताओं में श्रेय लेने की होड़ लगी हुई है। राहुल गांधी को बताना चाहिए कि देश में वर्षों तक कांग्रेस की सरकार होने पर जातिगत जनगणना क्यों नहीं हुई? कश्यप ने कहा कि 1980 के दशक में जब मंडल कमीशन आया तब पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा ने इसकी रिपोर्ट का विरोध किया। राहुल गांधी को राजीव गांधी का जातिगत जनगणना के प्रति रुख याद होना चाहिए। सिर्फ एक सर्वे हुआ जिसे एसईसीसी के नाम से जाना जाता है और इस सर्वे के आंकड़ों में भी हजारों त्रुटियां थीं। तब कांग्रेस कहां थी?

# सीएम पहले अपने मंत्रियों की भाषा पर लगाएं लगाम : नंदा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने मुख्यमंत्री का जवाब देते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर टिप्पणी करने से पहले मुख्यमंत्री अपने मंत्री पर ध्यान दें, जिस प्रकार की बयान बाजी उनके मंत्री जगत सिंह नेगी करते हैं, तो क्या वह पहले अपने मुख्यमंत्री से अनुमति भी लेते हैं या सीधा बयान बाजी कर देते हैं। मुख्यमंत्री को अपने मंत्री की भाषा पर नियंत्रण रखना चाहिए ना कि नेता प्रतिपक्ष पर बयान बाजी करनी चाहिए।

नंदा ने कहा कि पाकिस्तान के एक हाई कमीशन के अधिकारी ने इशारा किया 'सर तन से जुदा' और कांग्रेस पार्टी ऐसा पोस्ट करती है। कांग्रेस अपने आधिकारिक हैंडल से पाकिस्तान को यह संदेश दे रही है कि वो पाकिस्तान के साथ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व में आतंक का जवाब बिरयानी से नहीं, बल्कि गोलियों से दिया जाएगा। कांग्रेस पार्टी को 'लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस' कहना गलत नहीं होगा, क्योंकि उनकी सोच पाकिस्तान जैसी है।

# बिलासपुर में फूटा कांग्रेस का अंदरूनी असंतोष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**अल्पसंख्यक नेताओं की नाराजगी के बीच लगे मुर्दाबाद के नारे**

**प्रतिभा सिंह की मौजूदगी में मंच के सामने हुआ विरोध-प्रदर्शन**

कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे 'संविधान बचाओ' अभियान का शुभारंभ बिलासपुर में हुआ, लेकिन यह आयोजन पार्टी की एकजुटता की बजाय उसकी गहरी अंतर्कलह का प्रतीक बन गया। कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम ने पार्टी की अंदरूनी स्थिति को न केवल उजागर किया बल्कि राजनीतिक रूप से कई गंभीर सवाल भी खड़े कर दिए। कार्यक्रम की शुरुआत से ही माहौल तनावपूर्ण रहा। जब मंच से वक्ताओं ने अपने भाषण देने शुरू किए, तब अल्पसंख्यक समुदाय के नेताओं का नाम न लिए जाने पर अल्पसंख्यक वर्ग के कार्यकर्ताओं में असंतोष भड़क उठा। उन्होंने कार्यक्रम को बीच में रोकते हुए मंच के सामने नारेबाजी शुरू कर दी। उनका कहना था कि मुस्लिम समुदाय को पार्टी द्वारा बार-बार मंच से नजरअंदाज किया जा रहा है, जबकि सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों में उनकी अहम भागीदारी रहती है।

मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधियों ने कहा कि बिलासपुर में लगभग चार प्रतिशत मुस्लिम आबादी है जो रामलीला जैसे आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभाती है और दीपावली-ईद जैसे त्योहार दोनों समुदाय मिलकर मनाते हैं। ऐसे में मंच से बार-बार उपेक्षा सहन नहीं की जा सकती।

बढ़ते तनाव को देखते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता ठाकुर रामलाल ने हस्तक्षेप कर कार्यकर्ताओं को शांत करने का प्रयास किया, लेकिन तब तक कार्यकर्ताओं का आक्रोश पूरे आयोजन पर हावी हो चुका था। उन्होंने जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के एक दावेदार कार्यकर्ता के खिलाफ भी खुलेआम मुर्दाबाद के नारे लगाए।

यह कोई पहला मौका नहीं था जब कांग्रेस के कार्यक्रम में कार्यकर्ता आपस में उलझते दिखाई दिए हों। इस आयोजन में एक नया विवाद उस समय और गहरा गया जब एक महिला कांग्रेस कार्यकर्ता ने मंच से ही जिला अध्यक्ष अंजना धीमान की एचआरटीसी निदेशक पद पर नियुक्ति पर सवाल उठा दिए। उनका आरोप था कि पद मिलने के बाद अंजना धीमान संगठन में वरिष्ठ नेताओं और हाईकमान को वाइपास कर रही हैं।

**नेतृत्व के सामने चुनौती**

**कार्यक्रम** में पूर्व मंत्री ठाकुर रामलाल, पूर्व विधायक बंबर ठाकुर, पूर्व विधायक डॉ. बीरू राम किशोर, पूर्व पीसीसी महासचिव विवेक कुमार सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे, लेकिन कोई भी इस अंतर्कलह को रोकने में पूरी तरह सफल नहीं हो पाया। यह स्थिति साफ संकेत देती है कि कांग्रेस को अगर प्रदेश में संगठित और प्रभावशाली बनना है, तो उसे पहले अपनी आंतरिक एकता को मजबूत करना होगा।

# कांगड़ा जिले के समान विकास को मिलेगी गति: पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की और जिला शिमला से सरकारी कार्यालयों को कांगड़ा स्थानांतरित करने के सरकार के निर्णय की सराहना की। पठानिया ने कहा कि इन कार्यालयों के स्थानांतरण से प्रदेश की राजधानी में भीड़-भाड़ की समस्या के समाधान के साथ-साथ कांगड़ा में समान विकास सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी।

उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में कई सरकारी भवन खाली पड़े हैं, जिनमें नड्डी गांव सहित लांजड़ी, सुधेड़, घरोह, चड़ी, सापड़, रिलू, कल्याड़ा और रैत ग्राम पंचायतें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों को इन क्षेत्रों में स्थित भवनों में स्थानांतरित किया जा सकता है, जिससे इन पंचायतों के निवासी भी लाभान्वित होंगे।



शिमला में सीएम सुक्खू से मिलते केवल सिंह पठानिया।

सीएम सुक्खू ने उप मुख्य सचेतक को आश्वासन दिया कि वह सरकारी कार्यालयों को स्थानांतरित करने के इन विकल्पों पर सकारात्मक दृष्टिकोण से विचार करेंगे। उन्होंने कहा कि शाहपुर की सीमा धर्मशाला से लगती है, इसलिए इन ग्राम पंचायतों में कार्यालयों को स्थानांतरित करने से दोनों विधानसभा क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अत्यधिक लाभ होगा।

# एचआईवी के प्रति जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



एचआईवी के प्रति जागरूकता अभियान का शुभारंभ

हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति (एचपीएसएसीएस) द्वारा चार माह तक चलने वाले एचआईवी (एड्स) जागरूकता अभियान आरंभ किया गया। इस अभियान का शुभारंभ परियोजना निदेशक राजीव कुमार ने किया। राजीव ने बताया कि इस जागरूकता अभियान के दौरान प्रतिदिन विभिन्न वेब चैनलों और पोर्टलों के माध्यम से एचआईवी (एड्स) से संबंधित जागरूकता संदेश प्रसारित किए जाएंगे।

इस अभियान का उद्देश्य आमजन को एचआईवी संक्रमण की रोकथाम, उपचार और इससे जुड़ी भ्रांतियों के प्रति जागरूक करना है। यह डिजिटल अभियान विशेष रूप से युवाओं और इंटरनेट उपयोगकर्ताओं को लक्षित करेगा, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा। यह पहल न केवल एचआईवी संक्रमण को रोकने में सहायक होगी, बल्कि इससे जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों को कम करने में भी मदद मिलेगी।

# अकाली नेता के बेटे को हिमाचल नंबर की थार ने कुचला, मौत

**अनंत ज्ञान, शिमला**



पंजाब के लुधियाना शहर में एक दर्दनाक सड़क हादसे में शिरोमणि अकाली दल के नेता बलवीर सिंह के बेटे की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब शिमला (एचपी-52ई 9993) नंबर की थार ने एक बाइक सवार युवक को कुचल दिया। मृतक की पहचान 33 वर्षीय सुखविंदर सिंह उर्फ डिंपल के रूप में हुई है, जो दो बच्चों के पिता थे और एक यूनिवर्सिटी कैंटीन चलाते थे।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना शहर के सग्गू चौक और आरती चौक के बीच हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सफेद रंग की थार को एक महिला चला रही थी। महिला ने सग्गू चौक पर एक फ्रूट शॉप के सामने गाड़ी खड़ी की थी, जिसे लेकर दुकान मालिक से उसकी कहासुनी हो गई। बहस के दौरान महिला ने तैश में आकर गाड़ी घुमा दी, और बाइक सवार सुखविंद्र को जोरदार टक्कर मार दी। थार की चपेट में आए युवक को काफी दूर तक घसीटते हुए गाड़ी एक बंद दुकान के शटर से जा टकराई।

हादसे के बाद महिला कुछ देर के लिए घायल युवक को एक ऑटो में डालकर अस्पताल तक ले गई, लेकिन वहां से चुपचाप फरार हो गई। पुलिस को मौके से थार गाड़ी बरामद हुई है, जिसे चालक वहीं छोड़कर भाग गई थी। बताया जा रहा है कि महिला चालक खुद वकील है और एक स्थानीय वकील की पत्नी बताई जा रही है। फिलहाल, लुधियाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार महिला की तलाश शुरू कर दी गई है।

**चिंता** बायोलॉजिकल उत्पादों के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाने को कार्ययोजना पेश

# कई जटिल चुनौतियों का सामना कर रही खेती

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

खाद्य सुरक्षा और सस्ते भोजन के लक्ष्य को सतत कृषि समाधान के जरिये हासिल करने के उद्देश्य से, सिंजेंटा इंडिया ने विज्ञान आधारित बायोलॉजिकल उत्पादों के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाने के लिए अपनी कार्ययोजना पेश की।

मैनेजिंग डायरेक्टर सुशील कुमार ने कहा कि खेती कई जटिल चुनौतियों का सामना कर रही है। ऐसे में पर्यावरण-अनुकूल और संतुलित खेती सुनिश्चित करने के लिए हमें बहु-आयामी रणनीति अपनानी होगी। नए बायोलॉजिकल उत्पाद हमारे उन सर्वोत्तम उपायों में से एक हैं, जो मिट्टी की गुणवत्ता को सुधारते हैं, फसलों की सहनशक्ति बढ़ाने और किसानों को समग्र समाधान देने के लिए बनाए गए हैं।



### नई कार्य प्रणालियों की आवश्यकता

**कीटों** में प्रतिरोधक क्षमता विकसित होने और उनके व्यवहार में बदलाव के कारण समाधान की प्रभावशीलता कम हो रही है, जिससे नई कार्यप्रणालियों की आवश्यकता है।

सुशील ने टेक्नॉलजी की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में किसान कई तरह की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खाद्य शृंखला और खाद्य अवशेषों के बेहतर प्रबंधन के प्रति जनता का दबाव, खेती के विकल्पों को और सीमित कर देता है। (अनंत ज्ञान)

### नए उपकरणों की जरूरत

**सुशील** ने कहा कि आधुनिक कृषि को साकार करने के लिए हमें नए उपकरणों की जरूरत है। इस चुनौती का सामना करने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास जरूरी है और नई तकनीक के बायोलॉजिकल एवं बीज उपचार इस बदलाव की अग्रिम पंक्ति में हैं।

### जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से निपटने की जरूरत

**सुशील** ने कहा कि बायोलॉजिकल्स के तीन मुख्य टाइप्स कि बायोस्टिमुलेंट्स, पोषक तत्व उपयोग दक्षता वाले प्रोडक्ट और बायोकंट्रोल- किसानों को प्रतिरोध प्रबंधन, मिट्टी की सेहत सुधारने, खाद्य में रासायनिक अवशेष घटाने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने में अधिक विकल्प देते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### डीएवी तियारा में नवाजे स्कूल के हेल्पर



**कांगड़ा।** डीएवी पब्लिक स्कूल तियारा में मजदूर दिवस पर स्कूल के विद्यार्थियों राजवीर, सुम्मुख, नंदिनी, शायना, आशिमा, सेजल, अनाघा, हर्षित, वंशिका, सानिया, सुहेल, समायरा, बमिका, अरमान ने सभी हेल्पर को फूल भेंटकर उपहार दिए। प्रधानाचार्या एकता अत्री ने सभी हेल्पर का धन्यवाद किया और उन्हें स्कूल के काम के प्रति प्रगतिशील रहने को कहा।

### गढ़ जमूला में ड्राइवर का बीपी बढ़ने से बस अनियंत्रित

**अनंत ज्ञान, डरोह।** बैजनाथ से सन्हूं की ओर जाने वाली निजी बस जब दोपहर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ जमूला स्कूल के पास पहुंची तो ड्राइवर नरेश कुमार का अचानक बीपी बढ़ने से बस अनियंत्रित होकर कार और बाइक के साथ जा टकराई। इस बीच अंदर बैठे अन्य ड्राइवर ने एक दम हेंडब्रेक लगाकर बस को नियंत्रित किया। गनिमत यह रही कि किसी को भी चोटें नहीं आईं। इस बीच ड्राइवर को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी प्राइवेट क्लीनिक में ले जाया गया।

### बैजनाथ में एचआईवी से बचने के बताए उपाए

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बैजनाथ में राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के सहयोग से एचआईवी/एड्स के बारे में जागरुकता कैंप का आयोजन किया गया। खंड स्वास्थ्य शिक्षक महाकाल बीरबल वर्मा ने कहा कि एचआईवी/एड्स के बारे में जानकारी ही बचाव है। आईटीसी केंद्रों में इसकी निशुल्क जांच होती है और इसकी जानकारी गोपनीय रखी जाती है। आईसीटीसी कांसुलर पपरोला से शुशील कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक देश को एचआईवी मुक्त करना है।

### श्रमिकों को दी योजनाओं व कानून की जानकारी

**अनंत ज्ञान, देहरा।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड धर्मशाला की ओर से केंद्रीय विश्वविद्यालय देहरा की कंस्ट्रक्शन साइट में मजदूर दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 400 से ज्यादा श्रमिकों ने भाग लिया। इस दौरान कामगार कल्याण बोर्ड की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत करवाया और पंजीकरण के बारे में बताया गया। उन्हें कानूनी सलाह के बारे में अवगत कराया गया। इशिता चैधरी एवं राजदीप चैहान एडवोकेट लीगल सर्विसेज पैनल लॉयर देहरा ने श्रमिकों को जागरूक किया।

### श्री मणिमहेश लंगर सेवादल ने गोद ली गोशाला

**अनंत ज्ञान, कोटला।** श्री मणिमहेश लंगर सेवादल बेसहारा गोवंश का संरक्षण करेगी। सेवादल ने हार-खब्बल स्थित गोशाला को गोद लेकर बेसहारा पशुओं की देखभाल का जिम्मा अपने हाथों में लिया। वहीं, हिमाचल पशुपालन विभाग के असिस्टेंट डायरेक्टर संदीप मिश्रा की मौजूदगी में पूर्व सीपीएस नीरज भारती ने गोशाला गाय पूजन के साथ शुभारंभ किया, जिसमें सबसे पहले पूर्व सीपीएस की ओर से गौशाला में गायों की पूजा-अर्चना की गई। श्री मणिमहेश लंगर सेवादल के संरक्षक रामनाथ शर्मा व अध्यक्ष मनजीत कौंडल ने बताया कि जवाली प्रशासन बेसहारा गायों को भेजेगा, जिसकी देखभाल सेवादल की ओर से की जाएगी। वहीं, सेवादल के सदस्यों की ओर से पूर्व सीपीएस को स्मृति चिन्ह व पहाड़ी टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। नीरज भारती ने कहा कि मणिमहेश लंगर सेवादल की ओर से बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है। जिसका हम सभी को साथ देना चाहिए।

# विकास खंड रैत के भवन निर्माण पर खर्च होंगे 5 करोड़ : पठानिया

## बोले- पिछले 73 साल में किसी भी जनप्रतिनिधि ने नहीं उठाई जहमत

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

**उपमुख्य** सचेतक केवल सिंह पठानिया ने वीरवार को विकास खंड रैत के नए भवन के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। पठानिया ने कहा कि भवन निर्माण पर पांच करोड़ के करीब राशि व्यय की जाएगी।

उन्होंने कहा कि शाहपुर, कांगड़ा तथा धर्मशाला की 61 पंचायतों रैत ब्लॉक के तहत आती हैं, लेकिन पिछले 73 साल तक यहां के किसी भी जनप्रतिनिधि ने रैत ब्लॉक के भवन निर्माण को लेकर कोई जहमत नहीं उठाई है। उन्होंने कहा कि विकास खंड रैत की स्थापना 1952 में उस समय हुई थी, जब शाहपुर व कांगड़ा जिला पंजाब का हिस्सा था। पंजाब सरकार के ही समय 1957 में यहां विकास खंड अधिकारी की नियुक्ति हुई थी। 1966 में शाहपुर तथा कांगड़ा जिला हिमाचल प्रदेश का हिस्सा बन गया। 1972 में शाहपुर पहली बार विधानसभा क्षेत्र के रूप में अस्तित्व में आया था। पूर्व में रहे विधायक व मंत्री अनेकों बार विकास खंड रैत के कार्यालय में बैठकें व जनसभाएं कर चुके हैं, लेकिन पंचायतों के विकास की गाथा लिखने वाले इस विकास खंड कार्यालय रैत के जर्जर हो चुके भवन की सुध किसी ने नहीं ली।



विकास खंड रैत के नए भवन के निर्माण कार्य का शुभारंभ करते केवल पठानिया।

### 9 पात्र लोगों को मकान के स्वीकृति पत्र बांटे

पठानिया ने कहा कि विधायक बनते ही सबसे पहले विकास खंड कार्यालय का दौरा कर यहां नए भवन निर्माण को प्रयास शुरू कर दिए। उन्होंने कहा कि नया भवन बनने के बाद पुराने भवनों को उखाड़ा जाएगा तथा वहां भव्य शॉपिंग मॉल का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर उपमुख्य सचेतक ने अपनी विधायक निधी से 9 पात्र लोगों को मकान की स्वीकृति पत्र बांटे। महिला मंडलों को खंड विकास रैत के माध्यम से 5 लाख का चेक भेंट किया।

## भेड़पालन व्यवसाय को बढ़ाने की जरूरत: मनोज

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश वूल फेडरेशन के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि भेड़पालकों की समस्याओं का त्वरित निदान करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी और भेड़ पालकों की आर्थिकि को सुदृढ़ करने के लिए विशेष कदम उठाए जाएंगे। यह बात वूल फेडरेशन अध्यक्ष ने ऊन श्रेणीकरण एवं विपणन केंद्र बनूरी, पालमपुर के दौरे के दौरान भेड़ पालकों से मुलाकात करने के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि भेड़ पालकों को आ रही दिक्कतों के समाधान के लिए तत्परता से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि गद्दी समुदाय की संस्कृति को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए हम सभी को सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को भी भेड़ पालन व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भेड़पालन व्यवसाय को बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने की जरूरत है उन्होंने विभाग को ऊन बिक्री के लिए बेहतर मार्केटिंग प्लेटफार्म उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक कदम उठाए।

# मुख्यमंत्री अपने मंत्रियों की जुबान पर लगाएं लगाम: चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



**प्रदेश** भाजपा के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के मीडिया को-आर्डिनेटर रहे एडवोकेट विश्व चक्षु ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर निशाना साधा। प्रेस बयान में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पहले अपने पार्टी के नेताओं और मंत्रियों की जुबान पर लगाम लगाएं।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर टिप्पणी करने से पहले मुख्यमंत्री सुक्खू अपने मंत्रियों और नेताओं को सिखाएं कि कैसी भाषा का प्रयोग करना है। अपनी भाषा पर नियंत्रण रखना चाहिए, न कि हर बात पर नेता प्रतिपक्ष पर बयानबाजी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को आधारहीन ब्यानबाजी करने की आदत सी हो गई है। मुख्यमंत्री को प्रदेश के बारे में सोचना चाहिए और हिमाचल के विकास की ओर ध्यान देना चाहिए। झूठ बोलकर सत्ता में आई कांग्रेस अपने वादों को भूल चुकी है और जनता का ध्यान भटकाने के लिए इधर-उधर की झूठी बयानबाजी कर रही है। उन्होंने कहा कि पूरा प्रदेश जानता है कि सीएम ने किस प्रकार से झूठी गारंटियों के नाम पर जनता को छला है। कर्मचारियों को तनख्वाह देने के पैसे नहीं हैं, पेंशनरों को पेंशन नहीं मिल रही और बेरोजगारों ने तो अब सरकार से आस ही छोड़ दी है। अफसर-कर्मचारी भी सरकार से खुश नहीं हैं, लेकिन मुख्यमंत्री का ध्यान इस पर नहीं है, बल्कि नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ झूठ बोलने पर है। सच्चाई यह है कि कांग्रेस अपने आधिकारिक हैंडल से पाकिस्तान को यह संदेश दे रही है कि वह पाकिस्तान के साथ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व में आतंक का जवाब बिरयानी से नहीं, बल्कि गोलियों से दिया जाएगा। कांग्रेस पार्टी को लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस कहना गलत नहीं होगा, क्योंकि उनकी सोच पाकिस्तान जैसी है।

# कन्या स्कूल नूरपुर की अनन्या राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में प्रथम




कन्या स्कूल नूरपुर की छात्रा अनन्या अब लेगी राष्ट्र स्तर की प्रतियोगिता में भाग।

**भूषण शर्मा, नूरपुर**

**पीएम** श्री राजकीय वरिष्ठ कन्या विद्यालय नूरपुर की छात्रा अनन्या ने सोलन में हुई राज्य स्तरीय प्रदर्शनी प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया है।

प्रिंसिपल केसी दयोल और अध्यापिका नीतू सिंह ने बताया कि अनन्या ने सैनिटरी बेस्ड मॉडल का प्रदर्शन किया था, जिसे राज्य स्तर पर प्रथम स्थान मिला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई स्कूलों ने इस प्रदर्शनी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था, लेकिन अनन्या के मॉडल को प्रथम स्थान के लिए चुना गया। अब अनन्या राष्ट्र स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगी और उन्हें उम्मीद है कि वह वहां भी नाम रोशन करेगी।

इस मौके पर एसएमसी प्रधान भूषण शर्मा व एसएमसी कमेटी के सदस्यों ने भी प्रतियोगिता मे भाग ले रही छात्राओं को बधाई दी और आगे राष्ट्रीय स्तर पर भी जीत हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दीं। (अनंत ज्ञान)

## पहलगाम हमले के खिलाफ भाजपा व हिंदू संगठनों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**राकेश डोगरा, डरोह।** भाजपा सुलह व हिंदू संगठनों ने वीरवार को धीरा के बाजार में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में एक रोष रैली निकाली और आतंकवाद का पुतला फूंका, अध्यक्षता सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार ने की। उन्होंने कहा कि इस इलाके का समस्त हिंदू समाज प्रधानमंत्री के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद की जननी है, यहां पर आतंकवाद फलता-फूलता है और पूरी दुनिया में परोसा जाता है। वहीं, सुलह की समस्त जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा, जिसे एसडीएम धीरा सलीम आजम को ज्ञापन सौंपा। इस पत्र में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले के विरुद्ध ज्ञापन दिया है। इसमें लिखा है कि पर्यटकों पर हुआ नृशंस आतंकी हमला अत्यंत निंदनीय एवं संतोषजनक है। (अनंत ज्ञान)

# समलेट पंचायत के बाशिंदों को नहीं मिल रहा पानी

**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर**

**कांगडा** जिले के जलशक्ति विभाग उपमंडल फतेहपुर की समलेट पंचायत के लोगों ने वीरवार को जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय में पहुंचकर पानी की समस्या को लेकर अपनी समस्या के बारे में अवगत करवाया।

लोगों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से उन्हें पीने का पानी नहीं मिल रहा है, जबकि लंबे समय से इस इलाके में पानी की सप्लाई ठीक ढंग से नहीं हो रही है। समलेट पंचायत प्रधान प्रवीण राणा अध्यक्षता में लोग कार्यालय पंहुचे हुए थे। इस मौके पर लोगों ने पानी की सप्लाई न मिले पर अपना विरोध अधिकारियों के सामने रखते हुए विभाग से पानी की समस्या का शीघ्र समाधान करने की अपील की। जल शक्ति विभाग उपमंडल फतेहपुर के सहायक अभियन्ता अभिलाष सनौरियां का कहना है कि दिन-प्रतिदिन पानी का स्तर कम हो रहा है। समलेट में बने चेकडेम की मरम्मत के चलते चार पांच दिन तक विभिन्न गांवों में पेयजल आपूर्ति बाधित रखी गई थी। उन्होंने बताया कि उक्त चेकडैम के जरिए पानी फिल्टर कर करीब दस गांवों को सप्लाई दी जाती है। चेकडैम में हो रही लीकेज कारण पानी ठहर नहीं रहा था, जिसके चलते उसकी मरम्मत बहुत जरूरी थी। मरम्मत के चलते समलेट पंचायत के कराटू, दीनी, जैट, समलेट, बरतियाल, कुंम, तनाडा, कोठी व साथ लगते कुछ गांवों की पानी की आपूर्ति बाधित रखी थी। इस समस्या के बारे में नोटिस आदि के माध्यम से लोगों से सहयोग की अपील की थी, जिस कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। उन्होंने बताया कि वीरवार से लोगों को पानी की सप्लाई सुचारु रूप से शुरु कर दी गई है। (अनंत ज्ञान)

**लोगों ने सहायक अभियंता को करवाया अवगत**




पानी की समस्या को लेकर सहायक अभियंता कार्यालय पहुंचे समलेट पंचायत के लोग।




# एचपीटीडीसी हेड ऑफिस को कांगड़ा शिफ्ट होने से लगेंगे पर्यटन को पंख



**हिमाचल** प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के हेड ऑफिस को शिमला से कांगड़ा जिले के धर्मशाला में शिफ्ट करने के बीओडी के निर्णय से पर्यटन को एक नई उड़ान मिलनी तय मानी जा रही है। इस निर्णय हिमाचल पर्यटन को नए पंख लगेंगे। वहीं, युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खुलेंगे। प्रदेश सरकार कांगड़ा जिले को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करना चाहती है, जिसकी घोषणा पहले ही कर रखी है। एचपीटीडीसी कार्यालय कांगड़ा आने से इसका लाभ सीधे तौर पर चंबा, कुल्लू, मंडी जिले को मिलेगा। हिमाचल में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार की योजनाओं में क्या कार्य हो रहे हैं, उसकी जबावदेही भी समय पर मिलती नजर आएगी। सरकार की ओर से कांगड़ा जिले को पर्यटन राजधानी बनाने की पहल और अब एचपीटीडीसी कार्यालय कांगड़ा शिफ्ट करने के निर्णय से इसे अब मजबूत कड़ी के रूप में देखा जा रहा है।

**खुलेंगे रोजगार के द्वार**
**चंबा, कुल्लू, मंडी को भी मिलेगा लाभ**
**पर्यटन योजनाओं पर होगी जवाबदेही**

## चंबा भी होगा पर्यटन से लाभान्वित

**एचपीटीडीसी** कार्यालय के कांगड़ा शिफ्ट होने से इसका लाभ चंबा जिला को भी मिलता नजर आएगा। जिले में कई ऐतिहासिक मंदिर हैं। ट्रेकिंग के लिए कई ट्रैक और मार्ग हैं, इसलिए जिले में पर्यटन गतिविधियों की अपार संभावनाएं हैं। चंबा देश के 112 आकांक्षी जिलों (पिछड़े जिलों) में से एक है और नीति आयोग के नेतृत्व वाले आकांक्षी जिला कार्यक्रम का हिस्सा है। चंबा जिले में डलहौजी और खजियार प्रमुख पर्यटन स्थल हैं। यहां 12 महीने पर्यटकों की आवाजाही रहती है। यहां इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है। जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार हेली टैक्सी सेवा शुरू करती है, तो इससे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर से पर्यटक भी चंबा जिले की सुंदरवादियों का दीदार करने के लिए पहुंचेंगे।

## इन भवनों में चलाया जा सकता है एचपीटीडीसी हेड ऑफिस



मिनी सचिवालय



कुनाल होटल

**हिमाचल** प्रदेश पर्यटन विकास निगम को किस भवन में चलाया जाएगा, उसको लेकर जिला प्रशासन ने कसरत तेज कर दी है। जानकारी के अनुसार, इस कार्यालय को फिलहाल धर्मशाला के मिनी सचिवालय में चलाया जा सकता है। मिनी सचिवालय में मुख्यमंत्री व विधायकों के कमरे मौजूद हैं, लेकिन इसका उपयोग न के बराबर होता है। ऐसे में एचपीटीडीसी कार्यालय यहां शुरू किया जा सकता है। वहीं, धर्मशाला के कश्मीरी हाउस में भी इस कार्यालय की शुरुआत हो सकती है। धर्मशाला में कश्मीरी हाउस एक ऐतिहासिक होटल है। यह धर्मशाला के बस स्टैंड के पास स्थित है और अपने पारंपरिक कश्मीरी वास्तुशिल्प के लिए जाना जाता है। यह होटल घाटे में चला हुआ है। एचपीटीडीसी का कुनाल होटल जो घाटे से उभर रहा और इस भवन में भी एचपीटीडीसी कार्यालय शुरू हो सकता है।



## एचपीटीडीसी मुख्यालय को शिमला से कांगड़ा शिफ्ट करना ऐतिहासिक निर्णय : बाली



**एचपीटीडीसी** के चेयरमैन व नगरोटा बंगवा के विधायक आरएस बाली ने कहा कि एचपीटीडीसी मुख्यालय को शिमला से कांगड़ा शिफ्ट करना एक ऐतिहासिक निर्णय है। इससे कांगड़ा सहित कई क्षेत्रों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिले को पर्यटन राजधानी बनाने का निर्णय लिया है और एचपीटीडीसी कार्यालय को कांगड़ा शिफ्ट करना एक मजबूत कड़ी होगी। इससे प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। कई वर्षों से एचपीटीडीसी का मुख्यालय शिमला में किराए की बिल्डिंग में चल रहा था और इसे खाली करने के लिए नोटिस भी आ रहे थे। इस मामले पर बीओडी की बैठक में लंबी चर्चा के बाद निर्णय लिया है कि यह मुख्यालय धर्मशाला या फिर कांगड़ा जिले में उपयुक्त स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा। मुख्यालय शिफ्ट होने पर एचपीटीडीसी के प्रबंध निदेशक सहित अन्य उच्चाधिकारियों के अलावा अधिकतर स्टाफ भी बैठेगा। एचपीटीडीसी के प्रबंध निदेशक डॉ. राजीव कुमार को धर्मशाला या कांगड़ा जिले में उपयुक्त स्थान तलाश करने के लिए अधिकृत किया है।

## कांगड़ा जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं

**कांगड़ा** जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, जिसके जरिए कांगड़ा में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। कांगड़ा में स्थानीय कला और संस्कृति को बढ़ावा देने और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए पर्यटक गांव स्थापित किया जा रहा है। पर्यटक गांव में स्थानीय कला, संस्कृति, हस्तशिल्प, संगीत और अन्य चीजों को प्रदर्शित किया जाएगा। पर्यटक गांव में स्थानीय युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। इसके तहत बनखंडी में 300 करोड़ की लागत से चिड़ियाघर बनाया जा रहा है। वहीं, कांगड़ा जिले में अंतरराष्ट्रीय मानकों का एक गोल्फ कोर्स भी बनाया जाएगा। सरकारी अधिकारी ने बताया कि शिमला में एशिया के सबसे बड़े प्राकृतिक आइस स्केटिंग रिंक को अपग्रेड करने और बर्फ विकसित करने के अलावा पर्यटन स्थलों पर इलेक्ट्रिक बसें, वाटर स्पोर्ट्स, थीम पार्क, सड़क के किनारे सुविधाएं, हाई-एंड फूड कोर्ट, विरासत स्थलों का सौंदर्यीकरण और इको-टूरिज्म जैसी आधुनिक सुविधाएं बनाई जाएंगी। इसमें मनाली में रोलर स्केटिंग रिंक को भी जोड़ा गया है। कांगड़ा में एडीबी के 280 करोड़ रुपए का फंड जारी किया है, जिसका उपयोग पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है।

## कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तार भी अहम



कांगड़ा एयरपोर्ट की हवाई पट्टी की लंबाई 1376 मीटर ही है। योजना के मुताबिक, हवाई पट्टी को 3010 मीटर लंबा बनाना है, ताकि बड़े विमान भी लैंडिंग व उड़ान भर सकें। इसके लिए 8 पंचायतों के 14 राजस्व गांवों के तहत आने वाली जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांगड़ा हवाई अड्डे में मार्च, 2025 से सूर्य उदय से सूर्यास्त तक हवाई जहाज की उड़ानें शुरू हो जाएंगी। पालमपुर में विकसित होने वाले हेलिपोर्ट के निर्माण की प्रशासनिक और व्यय स्वीकृति दी जा चुकी है। लोक निर्माण विभाग को इसकी टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके निर्माण पर 13 करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी।

## रैंसर दी गढ़ी आईलैंड को नहीं मिली अभी पहचान



**अभी** तक पौंग झील व मध्य स्थित रैंसर दी गढ़ी आइलैंड को पर्यटन के मानचित्र पर कोई पहचान नहीं मिल पाई है। पौंग बांध व रैंसर गढ़ी आईलैंड में घूमने आने वाले पर्यटकों को सुविधाएं न मिलने से उन्हें मायूस वापस लौटना पड़ रहा है, रैंसर दी गढ़ी में वन्य प्राणी विभाग की ओर से विश्रामगृह बनाया गया है। इसके चारों तरफ फेंसिंग भी की गई है। रैंसर दी गढ़ी को मिनी गोवा के नाम से भी जाना जाता है, लेकिन अपनी खास पहचान नहीं बना पाया है। इस स्थल तक पहुंचने के लिए पर्याप्त मोटर बोट नहीं हैं। रैंसर दी गढ़ी में चारों तरफ सालभर पानी भरा रहता है। पौंग झील का जलस्तर भले ही कितना भी बढ़ जाए, लेकिन यह गढ़ी पानी में नहीं डूबती है। इसे पर्यटन के मानचित्र पर लाने की कोई पहल नहीं की गई। दूरदराज से पर्यटक यहां आते हैं, लेकिन सुविधाओं का अभाव होने के कारण सरकार को कोसते हैं और मायूस होकर वापस लौट जाते हैं।

**प्रस्तुतिः संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

## न्यूज ब्रीफ

### दिव्यांगों के लिए लगाया परामर्श शिविर



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** दिव्यांगों के लिए दो दिवसीय व्यवसायिक मूल्यांकन, परामर्श व मार्गदर्शन शिविर का आयोजन सुगम्य केंद्र, उपमंडल अधिकारी कार्यालय नगरोटा बगवां में किया जा रहा है। शिविर के पहले दिन लगभग 71 दिव्यांगजनों ने भाग लिया। इन दिव्यांगजनों को प्रशिक्षण एवं रोजगार के बारे में जानकारी दी गई। इस शिविर में ऊना केंद्र से आए व्यवसायिक काउंसलर संजीव कुमार और कुलदीप सिंह ने भारत सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी, जिसमें नेशनल कॅरियर सर्विस, नेशनल अप्रेंटिस, पीएम दक्ष, मुद्रा लोन, आत्मनिर्भर भारत, कौशल विकास योजना, श्रम योगी मान धन योजना, निरमया इंश्योरेंस आदि के साथ-साथ केंद्र में चलाए जा रहे मुफ्त प्रशिक्षण के बारे में अवगत करवाया गया। इसके साथ स्वरोजगार, वैतनिक रोजगार के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर रोजगार कार्यालय से वरुण कुमार ने रोजगार विभाग की निशुल्क सेवाओं की जानकारी दी।

### इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति को दें मान्यता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सक संघ ने राजस्थान सरकार की अधिसूचना का स्वागत करते हुए कहा कि देश में पहला राज्य बना है, जहां इलेक्ट्रो चिकित्सा पद्धति के लिए सरकारी बोर्ड गठित किया है। प्रेस विज्ञप्ति में राज्य संयोजक सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि हिमाचल सरकार से इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति को मान्यता देने का आग्रह किया है और मुख्यमंत्री को इस संबंध में पूरी जानकारी उपलब्ध करवाई जा चुकी है। सुरेंद्र ठाकुर ने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी किसी भी प्रकार के निर्णय लेने का अधिकार राज्य सरकार के पास है, जो जनहित में कोई भी निर्णय ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार की तर्ज पर हिमाचल सरकार को भी इस चिकित्सा पद्धति को अपनाना चाहिए और प्रदेश की जनता को अन्य चिकित्सा सुविधाओं के साथ इलेक्ट्रो होम्योपैथी का लाभ मिलना चाहिए। यह पद्धति पूरी तरह प्राकृतिक वनस्पति विज्ञान पर आधारित होने के कारण शत प्रतिशत स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है।

### तारागढ़ में 10 ग्राम हेरोइन सहित एक काबू

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट पुलिस की ओर से नशा तस्करों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के संबंध में प्रेस मीडिया के साथ जानकारी साझा करते हुए दलजिंदर सिंह ढिल्लों ने बताया कि पठानकोट पुलिस ने नशा तस्करों और तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 30 अप्रैल को भारत- पाक सीमा क्षेत्र के नरोट जैमल सिंह में एक ड्रोन व 500 ग्राम हेरोइन बरामद करने में कामयाबी हासिल की है। इसके अलावा सीमावर्ती क्षेत्र के तारागढ़ में एक 10 ग्राम हेरोइन के साथ एक युवक नरिंदर कुमार पुत्र एंचल दास वासी गांव दर्शोपुर जिला पठानकोट की गिरफ्तार किया है। पठानकोट पुलिस मादक पदार्थों की तस्करी, तस्करी या अन्य अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कानून के अनुसार, सख्त कार्रवाई करेगी। हम अपने नागरिकों की सुरक्षा करने और अपराधियों को न्याय के दायरे में लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### बैजनाथ कृषि सहकारी सभा के सचिव संजीव सेवानिवृत्त

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ की कृषि सहकारी सभा के सचिव संजीव आचार्य वीरवार को 33 वर्ष की नौकरी के पश्चात सेवानिवृत्ति हो गए। इस मौके पर सभा के प्रधान अमित कपूर ने कहा कि इन 33 सालों में जिस निष्ठा और लगन से संजीव आचार्य ने काम किया, उसके लिए सभा के समस्त सदस्य उनके इन प्रयासों भरसक प्रशंसा करते हैं। अमित कपूर ने कहा कि 33 वर्ष पहले यह सभा मात्र कुछ रुपए से आरंभ की की गई थी, लेकिन सचिव के प्रयासों से यह सभा लगभग 10 करोड़ से भी ज्यादा का सालाना कारोबार करती है।

# धर्मशाला आईपीएल मैचों में एंटी ड्रोन से रखी जाएगी नजर

## 4 किलोमीटर तक ड्रोन का पता लगाने में सक्षम, पहलगाम आतंकी हमले के बाद सुरक्षा बढ़ाई

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**जम्मू**-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देशभर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इसका असर आईपीएल मैचों में भी देखा गया है। दरअसल, आईपीएल के मैच जिन स्टेडियम में खेले जा रहे हैं। वहां सुरक्षा के लिए एंटी ड्रोन सिस्टम की तैनाती की गई है। इस हथियार का नाम वज्र सुपर शॉट है, जो आसमान में बाज की तरह नजर रखता है। बता दें कि बीते दिन ईडन गार्डन्स में हुए मैच में वज्र सुपर शॉट की तैनाती की गई थी। आईपीएल दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग है। इसमें दुनिया का हर बड़ा खिलाड़ी खेल रहा है, इसलिए बीसीसीआई सुरक्षा के लिहाज से कोई लापरवाही नहीं करना चाहती। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद हर सावधानी बरती जा रही है। अब हर मैच में एंटी ड्रोन सिस्टम तैनाती करने का निर्णय लिया है।

जानकारी के अनुसार, धर्मशाला में होने जा रहे टाटा आईपीएल मैचों के दौरान भी एंटी ड्रोन सिस्टम को तैनात किया जाएगा। वज्र सुपर शॉट एक हल्का, हाथ में पकड़ा जाने वाला एंटी-ड्रोन हथियार है, जो 4 किलोमीटर दूर तक ड्रोन का पता लगाने और उनके संचार संकेतों को बाधित करने में सक्षम है, जिससे संभावित खतरों को प्रभावी ढंग से बेअसर किया जा सकता है। 4 मई को होने वाला मुकाबला में किंग्स इलेवन पंजाब और लखनऊ जाइंट्स आमने-सामने होंगी। 8 मई को होने वाले पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुकाबला होगा, जबकि 11 मई को 11 मई को पंजाब किंग्स की टीम का मुकाबला लखनऊ टीम के के साथ होगा। वज्र सुपर शॉट की पोर्टेबिलिटी और अनुकूली फ्रीक्वेंसी जैमिंग इसे भीड़ भरे स्टेडियम जैसे गतिशील वातावरण के लिए आदर्श बनाती है। केकेआर बनाम पंजाब किंग्स के मैच के दौरान शनिवार को हवाई क्षेत्र की सुरक्षा के मद्देनजर स्वदेशी एंटी-ड्रोन सिस्टम को इंस्टॉल किया। ये संभावित खतरों को समय से पहले प्रभावी ढंग से बेअसर कर सकता है। अब इसे आईपीएल 2025 के हर मैच के दौरान अलग-अलग शहरों में इंस्टॉल किया जाएगा। बीबीवीबीएस की ओर से जारी बयान में कहा कि पोर्टेबिलिटी और फ्रीक्वेंसी जैमिंग भीड़ से भरे स्टेडियम जैसे गतिशील वातावरण के लिए आदर्श बनाती है। स्टेडियम या उसके चार किलोमीटर के दायरे में कोई फ्लाइंग ऑब्जेक्ट, ड्रोन या अन्य कोई चीज एयर स्पेस में आती है, तो ये उसके कम्युनिकेशन सिग्नल को खत्म कर देगा। (अनंत ज्ञान)

## बेंगलुरु में क्रिकेट शिविर में भाग लेगी मन्नत कौर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से 2025 अंडर-15 (महिला) उच्च प्रदर्शन शिविर का अयोजन करने जा रहा, जिसमें हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले की रहने वाली मन्नत कौर का चयन किया गया है। एचपीसीए की और जारी एक बयान में बताया कि खिलाड़ी को शिविर के लिए 15 मई को स्थल पर रिपोर्ट करना होगा।

कैंप से पहले एचपीसीए की ओर से एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में उक्त खिलाड़ी की शारीरिक फिटनेस का आकलन किया जाएगा, उसके बाद ही उसे शिविर में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी।

एसपीसीए ने बताया कि उच्च प्रदर्शन शिविर का अयोजन बेंगलुरु में किया जाएगा। मन्नत के चयन खुशी जताते हुए बधाई दी है।

## हैप्पी बर्थडे



बंगाणा के बिलग्रा लठियानी गांव के रुद्रांश पाठक को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## हैप्पी बर्थडे



रक्कड़ के अक्षत धीमान को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक



तोरनू के कुलदीप राज और वीना शर्मा शादी की 41वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## जातीय जनगणना करवाने का कदम सराहनीय : राजेश

**टीम, धर्मशाला/पालमपुर**

**भाजपा** के जिला महामंत्री राजेश राणु ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार भारत देश में जातीय जनगणना करवाने का जो बहुत बड़ा निर्णय प्रधानमंत्री मोदी ने लिया है, उसके लिए हम धन्यवाद करते हैं। इससे पहले 1931 में जब जातीय जनगणना हुई थी, जिसका कांग्रेस ने विरोध किया था और आजादी के बाद भी इतना समय राज करने के बावजूद कांग्रेस सरकार ने कभी जातीय जनगणना करवाने का साहस नहीं दिखाया।



हालांकि, 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने लोकसभा में आश्वासन दिया था कि जातीय जनगणना पर कैबिनेट में विचार किया जाएगा, लेकिन कांग्रेस के ही कई बड़े नेताओं ने इसका विरोध किया और यह संभव नहीं हो पाया। राणु ने कहा कि कांग्रेस के कई नेता यह कह रहे हैं कि कांग्रेस की मांग के कारण प्रधानमंत्री मोदी यह फैसला लिया पर मैं उनसे यह पूछना चाहता हूं कि 60 दशक तक कांग्रेस ने इस देश में राज किया, तब क्यों एक बार भी जाति जनगणना नहीं करवाई। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना से समाज में एक पारदर्शिता आएगी तथा किस जाति के कितने लोग कहां-कहां रहते हैं और उनकी संख्या क्या है, उससे भी समाज को एक बहुत बड़ा लाभ होगा। जिला महामंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह फैसला एक ऐतिहासिक और देश को मजबूत करने वाला साबित होगा।

## नूरपुर में सड़क हादसे से फिर उठे कई सवाल

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** 28 अप्रैल को नूरपुर में हुए सड़क हादसे में एक श्रमिक की मौत ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा के दावों को कटघरे में खड़ा कर दिया है। राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य क्षेत्र में वर्षों से चल रहा है, लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या यह कार्य जनसुरक्षा के मानकों पर खरा उतर रहा है? प्रदेश में दुर्गम स्थल, तीव्र मोड़, और निर्माणाधीन राजमार्गों के चलते स्थिति और गंभीर हो जाती है। विशेषकर नूरपुर उपमंडल में कई स्थानों पर निर्माण कार्य के दौरान पर्याप्त चेतावनी संकेत, बैरिकेडिंग, और वैकल्पिक मार्ग नहीं दिए जाते हैं, जिससे हादसे का जोखिम कई गुना बढ़ जाता है। यह हालिया दुर्घटना भी इन्हीं कमियों का परिणाम प्रतीत होती है। नूरपुर में हुए हादसे में फिर कई सवाल खड़े हुए है।

## बैजनाथ के माउंट कार्मेल स्कूल के होनहार छाए



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

**बैजनाथ** उपमंडल के अग्रणी शिक्षा संस्थान माउंट कार्मेल स्कूल ने आईसीएसई परीक्षा 2025 दसवीं कक्षा के परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक नई मिसाल कायम की है।

इस वर्ष कुल 117 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और सभी ने 80 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करते हुए परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय की टॉपर प्राची दीक्षित रहीं, जिन्होंने 97.80 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, नैतिक सूद और नितिका ने 96.60 फीसदी अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं, सिद्धांत जमवाल ने 95.60 फसदी अंक अर्जित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। निर्देशक फादर जिमी जैकब ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रिंसिपल सिस्टर रीमा ने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों की निष्ठा का परिणाम है।

## बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# कांगड़ा जिले में 13 केंद्रों में होगी नीट परीक्षा

## एडीसी ने परीक्षा के संचालन के लिए केंद्र अधीक्षकों को दिए जरूरी टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

नीट की परीक्षा चार मई को कांगड़ा जिले के 13 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। इसमें चार हजार के करीब छात्र भाग लेंगे। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने आज वीरवार को परीक्षा के सफल आयोजन के लिए रखी गई बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। इस अवसर पर केंद्र प्रभारियों को परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए जरूरी टिप्स भी दिए गए।



अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से परीक्षाओं के संचालन का काम पूरी गंभीरता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों से परीक्षा केंद्रों में विद्युत, पेयजल तथा बैठने की उचित व्यवस्था समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी पुलिस कर्मचारियों की सेवाएं ली जाएंगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि नीट की परीक्षा दोपहर दो बजे से सांय पांच बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे और जैमर लगाना भी सुनिश्चित किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि परीक्षा के लिए राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला, आर्ट्स ब्लॉक, राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला सेंटर दो ओल्ड ब्लॉक, राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां केंद्रे एक सेकेंड फ्लोर, राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां केंद्र दो ग्राउंड फ्लोर, पीएम नवोदय विद्यालय नलेटी, पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय भनाला, राजीव गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज नगरोटा, पीएम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गर्ल्स धर्मशाला, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ब्वॉयज धर्मशाला, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल शाहपुर, कॉलेज आफ एग्रीकल्चर पालमपुर, राजकीय बीएड कॉलेज धर्मशाला में केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इस अवसर पर एडीएम शिल्पी बेक्टा तथा पुलिस के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## मजदूर दिवस पर वितरित किए 37 हजार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**डाक** मंडल धर्मशाला की ओर से अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में फव्वारा चौक, कोतवाली बाजार एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के समीप समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधीक्षक डाकघर धर्मशाला, सहायक अधीक्षक डाकघर धर्मशाला, डाकपाल धर्मशाला प्रधान डाकघर, विकास अधिकारी डाक जीवन बीमा एवं विपणन कार्यकारी के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मजदूरों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान सभी श्रमिकों को भारतीय डाक विभाग की विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।



इसमें विशेष रूप से पोस्ट ऑफिस से बचत योजनाएं, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक आईपीपीबी की डिजिटल सेवाएं तथा डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजनाओं की जानकारी दी गई। श्रमिकों को बताया गया कि किस प्रकार ये योजनाएं उनके जीवन को सुरक्षित और आर्थिक रूप से मजबूत बना सकती हैं। इस अवसर पर डाक विभाग की सेवाओं और योजनाओं से जुड़ी प्रचार सामग्री भी वितरित की गई और जलपान की व्यवस्था भी की गई।

इस आयोजन के दौरान श्रमिकों के 15 आईपीपीबी खाते, 9 डाकघर बचत योजनाओं के खाते एवं आधार आधारित लेनदेन के माध्यम से 3700 हजार रुपए की राशि का वितरण किया गया।

## अस्पताल कर्मियों को दिए आपदा से निपटने के टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**धर्मशाला** में आयोजित दो दिवसीय अस्पताल सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न अस्पतालों से डॉक्टरों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निदेशक-सह-विशेष सचिव डीसी राणा ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने प्रतिभागियों को आपदा की स्थिति में अस्पताल स्टाफ की भूमिका पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में अस्पतालों की तैयारियों और कर्मचारियों की सजगता अत्यंत आवश्यक है। राणा ने आपदा प्रबंधन की प्रभावी रणनीतियों, अस्पतालों की आपात योजना, त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र, रोगियों की सुरक्षा और समन्वित प्रयासों पर बल दिया। प्रतिभागियों को विभिन्न आपदाओं के दौरान अस्पतालों की भूमिका, कार्ययोजना और समन्वय से संबंधित व्यावहारिक जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य अस्पताल कर्मियों को आपदा के समय त्वरित, संगठित और प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए तैयार करना था, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में जन हानि को न्यूनतम किया जा सके।

# सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के भरे जाएंगे 200 पद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**5 मई से 13 मई तक उपरोजगार कार्यालयों में होंगे साक्षात्कार**

क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि सिस इंडिया लिमिटेड शाहतलाई, बिलासपुर की ओर से सिक्योरिटी गार्ड व सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 200 पद अधिसूचित किए गए हैं। इन पदों के लिए 19 वर्ष से 40 वर्ष के पुरुष उम्मीदवार, जोकि दसवीं पास हों तथा जिनका भार 52 किलोग्राम से 95 किलोग्राम के बीच हो एवं आवेदक की लंबाई 168 सेंटीमीटर या इससे अधिक हो वे साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि कंपनी की ओर से चयनित उम्मीदवारों को 16 हजार 500 से 22 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों व पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ 5 मई कोउप रोजगार कार्यालय, नगरोटा बगवां, 6 मई को उपरोजगार कार्यालय, ज्वालामुखी, 7 मई को उपरोजगार कार्यालय, कांगड़ा, 8 मई को उप रोजगार कार्यालय, बड़ोह, 9 मई को उप रोजगार कार्यालय, फतेहपुर तथा 13 मई को उपरोजगार कार्यालय, लंबागांव में प्रात: 11:00 बजे कम्पनी के समक्ष साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते हैं। क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि उम्मीदवार अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, रिहायशी प्रमाण पत्र, मूल प्रमाण पत्र एवं अपना बायोडाटा की कॉपी व अनुभव प्रमाणपत्र यदि काई हो तो वह भी साथ लेकर आएं। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नम्बर 8558062252 पर भी संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस साक्षात्कार से संबंधित विवरण विभागीय साइट पर अपलोड कर दिया गया है। सभी इच्छुक आवेदक साक्षात्कार में भाग लेने से पहले बेवसाइड पर पद पर अपनी ई-मेल या मोबाइल नंबर से लॉगिन करने के बाद अपने डैशबोर्ड पर दिख रही सिस इंडिया लिमिटेड की रिक्तियों के लिए आवेदन करें।

## बड़ोह की लड़कियों ने दौलतपुर टीम को हराया

**नगरोटा बगवां।** राजकीय प्रशिक्षण संस्थान बड़ोह में आयोजित चार दिवसीय लड़कियों की खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन कबड्डी खो-खो, वॉलीबाल और बैडमिंटन के मुकाबले हुए। कबड्डी का मुकाबला बड़ोह से दौलतपुर आईटीआई से हुआ।, जिसमें आईटीआई बड़ोह की लड़कियों ने दमखम दिखाते हुए दौलतपुर की टीम को 45:35 के अंतराल से शिकस्त दी। बैडमिंटन के दो मुकाबले हुए। पहला मुकाबला आईटीआई शाहपुर और आईटीआई बालकरूपी के बीच हुआ, जिसमें शाहपुर विजेता रही। दूसरे मुकाबले में बड़ोह ने आईटीआई धर्मशाला को कड़े मुकाबले में धूल चटाई। संस्थान की प्रधानाचार्य बंदना ने बताया कि चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन पर रविवार को नगरोटा के विधायक एवं कैबिनेट रैंक मंत्री आरएस बाली मुख्यातिथि होंगे।

## स्पेशल ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली आकृति ने लिया धर्मगुरु दलाईलामा का आशीर्वाद

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज**

**ट्यूरिन** (इटली) में आयोजित विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में दो कांस्य पदक जीतने वाली युवा एथलीट आकृति को धर्मशाला में परम पावन 14वें दलाई लामा ने व्यक्तिगत रूप से आशीर्वाद दिया।

आकृति के साथ सूर्य उदय स्कूल सह व्यावसायिक केंद्र फॉर स्पेशल नीड्स के संस्थापक अनुराधा शर्मा छेत्री और सचिन शर्मा भी मौजूद थे, जिन्होंने इस क्षेत्र में विशेष जरूरतों वाले बच्चों की क्षमता को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आकृति ने वैश्विक विशेष ओलंपिक में क्रॉस कंट्री स्कीइंग (50 मीटर और 100 मीटर) स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए साहस और दृढ़ता के साथ कांस्य पदक जीता।



धर्मशाला में दलाईलामा से आशीर्वाद लेती युवा एथलीट आकृति

एक छोटे से हिमालयी शहर से अंतरराष्ट्रीय खेल मंच तक की उनकी यात्रा ने कई लोगों को प्रेरित किया है, खासकर विशेष जरूरतों वाले समुदाय के लोगों को। निजी मुलाकात के दौरान परम पावन ने आकृति की उपलब्धियों की सराहना की और उन्हें अपना हार्दिक आशीर्वाद दिया। अनुराधा शर्मा छेत्री और सचिन शर्मा दोनों ही न्यूरोडाइवरजेंट व्यक्तियों के लिए लंबे समय से वकालत करते हैं, उन्होंने आध्यात्मिक प्रोत्साहन के लिए गहरा आभार व्यक्त किया। अनुराधा ने कहा कि यह आशीर्वाद केवल आकृति के लिए ही नहीं, बल्कि हर उस बच्चे के लिए है जो अपनी सीमाओं से परे सपने देखता है।

## टांडा में अव्यवस्थाओं के चलते रिकॉर्ड रूम लावारिस

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

टांडा अस्पताल में दाखिल होने के बाद जिन रोगियों को स्वास्थ्य होने के उपरांत अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया जाता है। नियमों के अनुसार, उनका सारा रिकॉर्ड टांडा अस्पताल में सुरक्षित रखा जाता है, परंतु टांडा अस्पताल के सरकारी सिस्टम की लापरवाही के चलते यह रिकॉर्ड यहां वहां बिखरा पड़ा है।

ऐसे में अगर बारिश होती है, तो सारा पानी अस्पताल परिसर तक के भीतर घुस आता है व सारा रिकॉर्ड खराब हो सकता है। लोगों ने टांडा प्रशासन से मांग की है कि इस सारे रिकॉर्ड को सही जगह तक पहुंचाएं, ताकि हमें धक्के न खाने पड़े। सबसे बड़ी समस्या यहां पर उन महिलाओं के लिए होती है जिनकी डिलीवरी के बाद बच्चों का जन्म टांडा में होता है उनके रिकॉर्ड के लिए भी उन्हें काफी धक्के खाने पड़ते हैं। यहां रिकॉर्ड इतना ज्यादा हो गया है, जिसको की रिकॉर्ड रूम के बाहर खुले में रखा है यह तो लोगों के लिए लॉटरी सिस्टम बन कर रह गया है, क्योंकि जो भी लोग यहां पर अपना रिकॉर्ड जैसे जन्म प्रणाम पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र इत्यादि निकलवाने के लिए आते हैं, तो उन्हें खुद कर्मचारी के साथ लग कर इन सबके इसके लिए काफी मशकत करनी होती है । इन सबके चक्कर में यहां दुरदराज से आने वाले रोगियों को पिसना पड़ रहा है। अनंत ज्ञान ने जब इस बारे यहां आए चंबा निवासी भुवनेश कुमार, भरमौर से आई चंपा देवी, मंडी से प्रेम लता, देहरा से मिलाप चंद, बिलासपुर से शिल्पा इत्यादि से बातचीत की तो उनका कहना था की कि वह सुबह से रिकॉर्ड के लिए यहां आकर धक्के खा रहे हैं, परंतु रिकॉर्ड नहीं मिला। वहीं, इस संदर्भ मे टांडा मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विवेक बनियाल से बात कि तो उन्होंने कहा कि मैंने अभी ज्वॉइन किया है। मैं इन सारे मामलों को लेकर संबंधि विभागों के अधिकारियों से मिल कर बैठकें कर इन मसलों निपटाने के प्रयास किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)



अस्पताल के अंदर बिखरे पड़ा कीमती रिकॉर्ड ।

## न्यूज ब्रीफ

### रामेश्वर ठाकुर व भुवनेश्वर भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के कोटखाई क्षेत्र के एक दिवसीय प्रवास के दौरान ग्राम पंचायत प्रेमनगर के शवाला गांव से संबंध रखने वालें भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता रामेश्वर ठाकुर व भुवनेश्वर ठाकुर ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली से प्रभावित होकर भाजपा छोड़ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने रामेश्वर ठाकुर व भुवनेश्वर ठाकुर को फूलों की माला पहनाकर कांग्रेस पार्टी में स्वागत क़िया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने रामेश्वर ठाकुर व भुवनेश्वर ठाकुर को विश्वास दिलाया कि पार्टी में उन्हें पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा।

### केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 20 को हड़ताल : सीटू

**अनंत ज्ञान, शिमला।** सैहब सोसाइटी वर्कर्ज यूनियन संबंधित सीटू ने कालीबाड़ी हॉल शिमला में वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, यूनियन अध्यक्ष जसवंत सिंह व महासचिव ओमप्रकाश गर्ग ने कहा कि अगर सैहब सोसाइटी, आउटसोर्स व सफाई कर्मियों की मांगों का हल तुरंत न हुआ तो सभी सैहब कर्मी चार लेबर कोड को निरस्त करने, अपने नियमितीकरण, क्यू आर कोड रद्द करने, आउटसोर्स प्रथा बंद करने, नियमित कर्मियों के बराबर वेतन देने सहित अन्य मांगों के लिए 20 मई को सभी केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर हड़ताल करेंगे व शिमला शहर में कार्य पूरी तरह ठप्प कर देंगे।

### नगर परिषद ने किया सुन्नी के पहले एसडीएम का स्वागत



**अनंत ज्ञान, सुन्नी ।** उपमंडल सुन्नी के पहले उपमंडलाधिकारी राजेश वर्मा का नगर परिषद सुन्नी द्वारा तहसील कार्यालय में स्वागत किया गया। अध्यक्ष नगर परिषद सुन्नी प्रदीप शर्मा की अगुवाई में उपाध्यक्ष श्यामा देवी, पार्षद नरेश राय,अमित वर्मा, रूप लाल, उमा हिमराल, आशा कंवर तथा कार्यकारी अधिकारी हिमेश पाल द्वारा एसडीएस को शाल व टोपी भेंट कर स्वागत किया गया। इस दौरान अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने कहा कि सुन्नी में एसडीएम कार्यालय आरम्भ होने से सुन्नी में विकास कार्य को गति प्रदान होगी और सुन्नी में ही प्रशासनिक कार्य पूर्ण होने से सुन्नी के सैकड़ों ग्रामीण लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि सुन्नी के नवनियुक्त एसडीएम राजेश वर्मा पूर्व में भी सुन्नी में ही बतौर तहसीलदार अपनी सेवाएं दे चुके है और सुन्नी की भौगोलिक परिस्थितियों से वाकिफ है तथा प्रदेश सरकार द्वारा उनकी तैनाती एसडीएम के पद पर की गई, उनकी तैनाती से विकास कार्यों को गति मिलेगी ।

### शिक्षा मंत्री लोगों को गुमराह करने में जुटे : सुंदर डोगरा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** कोटखाई-नावर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुन्दर डोगरा ने आज कांग्रेस पार्टी और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रेमनगर पंचायत के रामेश्वर ठाकुर व भुवनेश्वर ठाकुर कभी भी भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता नहीं रहे हैं। ऐसे में उन्हें भाजपा का कार्यकर्ता बताकर कांग्रेस में शामिल करना और माला पहनाकर प्रचारित करना केवल जनता को गुमराह करने की सस्ती राजनीति है। सुन्दर डोगरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जानबूझकर ऐसे लोगों को दिखाकर झूठे प्रचार की कोशिश कर रही है, जिनका भाजपा से कोई लेना-देना ही नहीं। यह दर्शाता है कि कांग्रेस अब जमीन पर अपनी पकड़ खो चुकी है और अब केवल फोटो खिंचवाकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने जनता से अपील की कि कांग्रेस के ऐसे दिखावटी प्रचार से सावधान रहें और सच्चाई को पहचानें। भाजपा एक विचारधारा आधारित पार्टी है, जहां समर्पित कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं, और ऐसे झूठे दावे कार्यकर्ताओं के मनोबल को प्रभावित नहीं कर सकते।

गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी, यूरोलॉजी और प्लास्टिक सर्जरी विभागों के वार्ड अटल सुपर स्पेशलिटी संस्थान चमियाना शिफ्ट

# मरीजों को चमियाना में मिलेगी लैब सेवाएं

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (आईजीएमसी) में चल रहे गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी, यूरोलॉजी और प्लास्टिक सर्जरी विभागों के वार्ड अटल सुपर स्पेशलिटी संस्थान चमियाना शिफ्ट कर दिए हैं। अब मरीजों को ऑपरेशन थियेटर और लैब सेवाएं चमियाना में ही मिलेंगी। गुरुवार से यहां आईपीडी भी शुरू हो गई है।

गुरुवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने चमियाणा में आंतरिक रोगी विभाग (आईपीडी) का शुभारंभ किया। उन्होंने संस्थान का निरीक्षण करने के बाद स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों की बैठक की और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल, पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। इस दौरान सीएम सुक्खू ने सभी वार्डों सहित अन्य सेवाओं का निरीक्षण किया। सीएम ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि चुनिंदा अस्पतालों में हाई एंड सुविधाएं उपलब्ध करवा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि चमियाना अस्पताल में 337 बिस्तरों की सुविधा दी गई है। आधुनिक ऑपरेशन थियेटर भी है। आने वाले छह महीनों में यहां सभी सुविधाओं को उपलब्ध करवाया जाएगा।

बता दें, अब तक गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी, यूरोलॉजी और प्लास्टिक सर्जरी विभागों की ओपीडी चमियाना में चल रही थीं लेकिन मरीजों को दाखिल आईजीएमसी में किया जा रहा था। इससे मरीजों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। अब ओपीडी और वार्ड सेवाएं चमियाना में ही मिलने से मरीजों की भागदौड़ खत्म हो जाएगी।

इन विभागों की इंडोर और सर्जिकल सेवाएं भी चमियाना में उपलब्ध हो जाएंगी। गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी, यूरोलॉजी और प्लास्टिक सर्जरी के प्रत्येक विभाग को 20-20 बिस्तरों वाले वार्ड आवंटित किए हैं। ऑपरेशन थियेटर की सेवाएं भी रोजाना मिलेंगी। गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग में पाचन तंत्र की सूजन, पेट की गंभीर बीमारियां, आंतों की समस्याएं आदि का उपचार किया जाता है। (अनंत ज्ञान)



मुख्यमंत्री सुक्खू चमियाणा में आंतरिक रोगी विभाग का शुभारंभ करते हुए।

### चमियाना में छह विभागों की सेवाएं शुरू

**चमियाना** ने छह विभागों की सेवाएं शुरू चमियाना अस्पताल में छह सुपर स्पेशलिटी विभागों की सेवाएं उपलब्ध हो चुकी हैं। इनमें गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी, यूरोलॉजी और प्लास्टिक सर्जरी के साथ न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी और एंडोक्रिनोलॉजी विभाग सक्रिय हैं।

### ढली टनल से हर एक घंटे में टेंपो ट्रैवलर चलेंगे

**अटल** सुपर स्पेशलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान को एक प्रमुख उच्च स्तरीय चिकित्सा केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि चमियाना लिए ढली टनल से हर एक घंटे में टेंपो ट्रैवलर चलाए जा रहे हैं।

### यूरोलॉजी विभाग में कई बीमारियों का इलाज

**यूरोलॉजी** विभाग में गुर्दे की पथरी, मूत्र प्रणाली की रुकावट, प्रोस्टेट, जन्मजात विसंगतियों और अन्य मूत्र संबंधित बीमारियों का उपचार किया जाता है। प्लास्टिक सर्जरी विभाग में जलने, कटने, जन्मजात विकृतियों का उपचार होता है।

# शिमला में आवारा कुत्तों का कहर, मेयर के इस्तीफे की मांग

अनंत ज्ञान, शिमला



शिमला शहर में आवारा कुत्तों के आतंक ने एक बार फिर शहरवासियों को हिला कर रख दिया जब आठ साल के एक मासूम बच्चे को कुत्तों के झुंड ने बुरी तरह से काट कर घायल कर दिया। यह दर्दनाक घटना आम नागरिकों में आक्रोश का कारण बन गई है। नेशनल असिस्टेंट चीफ एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल फोर्स के राष्ट्रीय सहायक नाथूराम चौहान ने इस घटना की तीव्र निंदा करते हुए इसे प्रशासनिक विफलता करार दिया। उन्होंने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि शिमला जैसे शिक्षित और जागरूक राज्य में ऐसी घटनाएं प्रशासन की लापरवाही को उजागर करती हैं। शुक्र है कि बच्चे की जान बच गई, वरना स्थिति और भी भयावह हो सकती थी।

नाथूराम चौहान ने कहा कि शिमला नगर निगम के मेयर का वो बयान दुर्भाग्यपूर्ण है, जिनमे उन्होंने कुत्तों के हमले को 'रोजमर्रा की घटना' बताया था। चौहान ने कहा कि अगर मेयर की सोच ऐसी है तो उन्हें नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस घटना के बाद नगर निगम की बैठक में भी स्थिति विस्फोटक हो गई। कांग्रेस के ही पार्षद मेयर से उलझ गए और कहासुनी के बीच मामला हाथापाई तक पहुंच गया। राजनीतिक मंच पर ऐसी स्थिति पहली बार देखी गई, जो कि 'सभ्य समाज के लिए शर्मनाक' करार दिया।

बता दें कि घटना के विरोध में बच्चे के परिजन ने मेयर कार्यालय के बाहर अनशन शुरू कर दिया है, वहीं शहरवासियों की भी मांग है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर ध्यान दे और ठोस कदम उठाए ताकि भविष्य में कोई और मासूम इस तरह का शिकार न बने।

# पुरानी पेंशन, एक समान वेतन और डीए की उठी मांग

अनंत ज्ञान, रोहड़ू

राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ का राष्ट्रीय अधिवेशन बुंदी राजस्थान में संपन्न

राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ का राष्ट्रीय अधिवेशन बुंदी राजस्थान में राष्ट्रीय अध्यक्ष विपन कुमार डोगरा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । मुख्यातिथि के रूप में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने शिरकत की। विशिष्ठ अतिथि के रूप में विद्युत मंत्री राजस्थान, भामसं के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व जीईएनसी के प्रभारी एमपी सिहं, भामसं की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीता चौबे, राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री विष्णु वर्मा, सगंठन मंत्री प्रमोद मिश्रा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अमोद श्रीवास्तव शामिल रहे।

राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष मेघवान सिंह ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर अतिथियों को राजस्थान इकाई द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि ने बताया कि वीरों की धरती व छोटी काशी से विख्यात बूदीं में देश से आए हुए सभी कर्मचारी प्रतिनिधियों का स्वागत है। उन्हें प्रसन्नता है कि बीएमएस व ठेगंड़ी की राष्ट्र हित को सर्वोपरी मानने की नीति अपनाने व कर्मचारी वर्ग को न्याय प्रदान करवाने के लिए संगठन को बढ़ाने का कार्य जो कर रहे है यह ईश्वरीय कार्य है।

महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपन कुमार डोगरा ने देश के सभी कर्मचारियों को पुरानी पैन्शन देने, देश में एक समान वेतनमान, सेवानिवृत्ति आयु, महंगाई भत्ते देने, आदि मांगो को पूर्ण करवाने के लिए प्रयासरत हैं। दूसरे सत्र में महामंत्री विष्णु वर्मा ने 3 साल का कार्य विवरण महामंत्री की रिपोर्ट में प्रस्तुत किया। वित्त सचिव अमोद श्रीवास्तव ने वित्त रिपोर्ट पेश की, जिसे हाऊस ने सर्वसम्मति से पारित किया।

प्रस्ताव सत्र में चर्चा के उपरांत पुरे देश में कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देने, एक समान वेतनमान, डीए व अन्य सुविधाएं देने, समान काम समान वेतन देने के प्रस्ताव पारित किए गए। बौदिक सत्र में बीएमएस के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष एवं जीईएनसी प्रभारी एमपी सिंह भारतीय मजदूर संघ के उद्देश्य व नीतियों पर प्रकाश डाला। वहीं बीएमएस के 70 वर्ष व आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर पंच तत्व पर विस्तार से चर्चा की गई।

# मेले हमारी सांस्कृतिक धरोहर : शिक्षा मंत्री

अनंत ज्ञान, शिमला



मेले में शिरकत करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कोटखाई उपमंडल के तहत जिला स्तरीय महासू मेले में शिरकत की। शिक्षा मंत्री ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मेले हमारी देवभूमि हिमाचल की सांस्कृतिक धरोहर है, जिनके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सभी को उचित कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि आने वाली पीढ़ी अपनी संस्कृति से परिचित हो सके।

उन्होंने कहा कि महासू मेला क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण पर्व है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को अपनी प्राचीन संस्कृति एवं इतिहास को संजोए रखने के लिए बधाई दी। इसी कड़ी में प्रदेश सरकार ने क्षेत्र के महासू मेले को जिला स्तरीय घोषित किया है। इसके अतिरिक्त राथल एवं रामपुरी के मेले को भी जिला स्तरीय घोषित किया गया है ताकि इन मेलों का उचित संरक्षण हो सके। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मेले में क्षेत्र के ठोडा दलों ने भी भाग लिया है। ठोडा खेल का अपना एक इतिहास है। उन्होंने शीला गांव ठोडा दल को ठोडा खेल वस्त्रों के लिए 1 लाख रुपए देने की घोषणा की।

इसके अतिरिक्त बस की मांग, स्पोर्ट्स हॉस्टल एवं कुछ अन्य मांगे सामने आई है, जिनके समाधान के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे ताकि लोगों को इनका लाभ मिल सके। उन्होंने मेला कमिटी को मेले के आयोजन के लिए 1 लाख रुपए देने की घोषणा की। शिक्षा मंत्री ने सभी ठोडा दलों को 11-11 हजार रुपए की राशि एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

वही मेले में सांस्कृतिक प्रस्तुति देने के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला महासू, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटखाई एवं राजकीय उच्च विद्यालय बखौ़ल के छात्रों को 11-11 हजार रुपए की राशि देकर सम्मानित किया।

### झंडूता में 22 वन मित्रों की 5 दिवसीय ट्रेनिंग शुरू

**झंडूता।** झंडूता उपमंडल में वन संरक्षण और प्रबंधन को मजबूत करने के लिए वन विभाग ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी देशराज संख्यान ने बताया कि झंडूता और कलोल क्षेत्र में कार्यरत 22 वन मित्रों की पांच दिवसीय ट्रेनिंग वीरवार से शुरू हो गई है, जो 5 मई तक चलेगी। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य वन मित्रों को वन संरक्षण, पौधारोपण और वन्य जीवन की सुरक्षा के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना है। देशराज संख्यान ने बताया कि झंडूता की 12 बीटों के लिए 12 वन मित्रों को नियुक्ति पत्र जारी किए गए थे, लेकिन एक वन मित्र ने ज्वॉइन नहीं किया। वर्तमान में झंडूता में 11 और कलोल में 11, कुल 22 वन मित्र कार्यरत हैं। यह प्रशिक्षण इन सभी वन मित्रों के लिए आयोजित किया जा रहा है, ताकि वे वन विभाग के कार्यों को और प्रभावी ढंग से अंजाम दे सकें। पांच दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में वन मित्रों को वन विभाग के विभिन्न कार्यों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। जंगलों में पेड़-पौधों की सही तरीके से रोपाई और उनकी देखभाल। जंगलों में लगने वाली आग को रोकने व वन्य जीवों की सुरक्षा के उपायों के बारे में बताया जाएगा।

# बिलासपुर के स्कूलों में स्वच्छता की नई क्रांति

## शिक्षा विभाग ने शुरू की मेरा शौचालय, साफ शौचालय योजना, छात्र बनेंगे हेल्थ कैप्टन, शिक्षक होंगे हेल्थ कमांडर

शुभम राही, बिलासपुर

**बिलासपुर** जिले के शिक्षा विभाग ने स्कूलों में स्वच्छता को लेकर जागरूकता पहल की शुरुआत की है। इस योजना का नाम 'मेरा शौचालय, साफ शौचालय' है, जिसका उद्देश्य न सिर्फ स्कूलों को स्वच्छ बनाना है, बल्कि छात्रों में जिम्मेदारी, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक सरोकार की भावना का विकास करना भी है। इस योजना के तहत जिले के अब हर स्कूल में सप्ताह में एक दिन, एक छात्र को हेल्थ कैप्टन नियुक्त किया जाएगा।

यह हेल्थ कैप्टन न सिर्फ स्कूल परिसर की साफ-सफाई की निगरानी करेगा, बल्कि विशेष रूप से शौचालयों की स्थिति, सफाई की नियमितता, पानी की उपलब्धता, सैनिटरी सुविधाओं आदि की रिपोर्ट भी तैयार करेगा। इस कार्य में छात्र अकेला नहीं होगा। स्कूल प्रबंधन की ओर से एक शिक्षक को भी हेल्थ कमांडर के रूप में नियुक्त किया जाएगा, जो सप्ताह भर छात्र हेल्थ कैप्टन के साथ समन्वय बनाकर काम करेगा। सप्ताह के अंत में हेल्थ कैप्टन की ओर से तैयार की गई रिपोर्ट सबसे पहले हेल्थ कमांडर को सौंपी जाएगी। इसके बाद हेल्थ कमांडर यह रिपोर्ट प्रधानाचार्य को सौंपेगा, और अंत में यह रिपोर्ट शिक्षा उपनिदेशक तक भेजी जाएगी। (अनंत ज्ञान)






"जिले के स्कूलों में मेरा शौचालय साफ शौचालय योजना को शुरू किया गया है। जिसमें हाउस वाइज एक विद्यार्थी को हेल्थ कैप्टन बनाया जाएगा। इस संदर्भ में जिले के सभी स्कूलों में आदेश जारी कर दिए गए हैं।
**-रेणू कौशल, उच्च शिक्षा उपनिदेशक, बिलासपुर।**

### हर हफ्ते हाउस वाइज छात्रों को मिलेगी हेल्थ कैप्टन की जिम्मेदारी

**हर** सप्ताह हाउस वाइज छात्रों को हेल्थ कैप्टन की जिम्मेदारी दी जाएगी, जिससे सभी छात्रों को इस प्रक्रिया में भागीदारी का अवसर मिलेगा। उच्च शिक्षा उपनिदेशक रेणु कौशल ने बताया कि बिलासपुर जिला शिक्षा विभाग का यह प्रयास स्कूलों में स्वच्छता को एक दिन की जिम्मेदारी न बनाकर, एक सतत प्रक्रिया के रूप में विकसित करने का प्रयास है। जब छात्र खुद सफाई के संरक्षक बनेंगे, तो उनमें न केवल जिम्मेदारी की भावना आएगी, बल्कि वे समाज में भी जागरूक नागरिक के रूप में उभरेंगे। इसके साथ ही स्कूल प्रशासन को निर्देशित किया है कि सफाई संबंधित किसी भी समस्या को प्राथमिकता पर हल किया जाए और यदि किसी प्रकार की सामग्री की आवश्यकता हो, तो उसकी समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इस योजना से उम्मीद की जा रही है कि जिले के सभी स्कूल स्वच्छता के नए मानदंड स्थापित करेंगे और छात्र स्वयं स्वच्छता अभियान के सक्रिय हिस्सेदार बनेंगे। इस नवाचार से न केवल स्कूलों की भौतिक स्थिति में सुधार होगा, बल्कि मानसिक और नैतिक शिक्षा के स्तर पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा।

### श्रमिक कल्याण को समर्पित है सुक्खू सरकार : नरदेव

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की ओर से स्वारघाट में कार्यकम का आयोजन किया गया। इसमें कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक नालागढ़ एवं इंटक प्रदेश अध्यक्ष बावा हरदीप सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। नरदेव सिंह कंवर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस का उद्देश्य श्रमिक वर्ग की उपलब्धियों को सम्मान देना और राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को याद करना और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में कामगार कल्याण बोर्ड वर्तमान में श्रमिकों के हित में 14 योजनाएं चला रहा है। बिलासपुर जिले के पंजीकृत श्रमिकों को 77 लाख 56 हजार रुपए की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार अब तक 27 विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर श्रमिकों की समस्याओं को समझा गया है और अनेक मामलों में समाधान भी सुनिश्चित किया है।

### अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट की शिकायत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं थाना क्षेत्र में कश्मीर मूल के व्यक्तियों और कुछ लोगों के बीच हुई मारपीट की घटना ने नया मोड़ ले लिया है। जहां एक ओर पहले पुलिस कर्मी की शिकायत पर उनके विरुद्ध मामला दर्ज किया था। वहीं, अब कश्मीरी मूल के व्यक्तियों ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज करवाई है, जबकि इनके खिलाफ एक पुलिस कर्मचारी की ओर से ड्यूटी के दौरान इन लोगों से पंजीकरण दस्तावेज मांगने पर अभद्र व्यवहार करने व कुल्हाड़ी दिखाकर उसे धमकाने की शिकायत पर इन लोगों के खिलाफ पहले से ही पुलिस थाना में मामला दर्ज किया गया है।

### बिलासपुर में 10 मई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर, घुमारवीं और झंडूता न्यायालय परिसरों में 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर के सचिव प्रतीक गुप्ता ने बताया कि इस लोक अदालत में बैंक से संबंधित मुकदमे, आपसी विवाद से जुड़े मामले, बिजली व पानी के बिल, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, मोटर वाहन दुर्घटना दावे (एमएसीटी), चेक बाउंस के मामले, सेवा संबंधी विवाद और अन्य दीवानी मामले शामिल होंगे। ऐसे मामले जो न्यायालय में लंबित हैं या न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने योग्य हैं और जिनमें आपसी समझौते की संभावना है, वे सभी लोक अदालत में निपटाए जा सकते हैं।

### भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का जिला सम्मेलन संपन्न

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का जिला सम्मेलन वीरवार को झंडूता के अंबेडकर भवन में आयोजित किया गया। यह जिला स्तरीय कार्यक्रम वसुदेव वसू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें झंडूता बाजार से अंबेडकर भवन तक रैली निकाली गई। इसमें जिला सचिव भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी इकाई जिला बिलासपुर ने प्रमुख मुद्दे पर प्रकाश डाला। सरकार बढ़ती बेरोजगारी पर लगाम लगाएं, समस्त विभागों के अंदर रिक्त पदों को भरे। बढ़ती नशाखोरी तथा सांप्रदायिकता पर नियंत्रण करें। आवारा, जंगली जानवरों से किसानों की फसलों को हो रहे नुकसान से निजात दिलाएं।

### धनीराम रघुवंशी का आकस्मिक निधन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** रक्षा मंत्रालय सचिव के ओएसडी प्रेम सिंह रघुवंशी के ताया के बेटे एवं बड़े भाई 74 वर्षीय धनीराम रघुवंशी का वीरवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे अर्की उपमंडल की घनागुघाट पंचायत के गांव ध्यानपुर निवासी थे और शिक्षा विभाग में शारीरिक शिक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उन्होंने अपने सेवाकाल में खो-खो, कबड्डी जैसे खेलों में जिला एवं राज्य स्तर पर उल्लेखनीय योगदान दिया। धनीराम रघुवंशी के निधन पर स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल, अर्की विधानसभा के विधायक संजय अवस्थी, सतीश कश्यप अर्की ब्लॉक कोंग्रस अध्यक्ष आदि ने शोक व्यक्त किया।

परेशानी — लोगों को मंगवाने पड़ रहे पानी के टैंकर, शिकायत के बाद भी समस्या का नहीं हुआ हल

# कोलबांध के साथ लगते एरिया के लोग पानी को तरसे



सेड़पा कॉलोनी में पानी न आने से दिक्कतों का सामना कर रहे लोग।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

कोलबांध परियोजना के निर्माण को लेकर अपना अहम योगदान देने वाले विस्थापितों को पीने के पानी के लिए महरूम होना पड़ रहा है।

आलम यह है कि पिछले चार दिनों से विस्थापित परिवार पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस गए हैं। लोगों को जरूरत के लिए पानी के टैंकर खरीद कर मंगवाने पड़ रहे हैं। लोगों का कहना है कि शिकायत के बावजूद पानी की समस्या हल नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने वीरवार को 1100 नंबर पर भी शिकायत दर्ज करवा दी है। ग्रामीणों में शामिल जगदीश कुमार, प्यार सिंह, बाबू राम, बीरबल राम, किशोरी लाल, सतपाल शर्मा, जगत पाल आदि कोलबांध विस्थापितों ने बताया कि सेड़पा कॉलोनी में करीब डेढ़ सौ परिवार बसर कर रहे हैं। यहां पर लिफ्ट वॉटर सप्लाई स्कीम एनटीपीसी जमथल, हरनोड़ा, धौणकोठी से पानी की आपूर्ति होती है, जबकि पुरानी स्कीम से पानी आना बंद है। नई स्कीम से सुबह के समय ही एक घंटा पानी आता था, लेकिन अब चार दिनों से नलों से पानी की एक भी बूंद नहीं टपक रही है। उन्होंने कहा कि पानी का प्रबंध करने में सारी दिनचर्या प्रभावित हो रही है।

### ग्रामीणों का आरोप, बिना फिल्टर कोलबांध जलाश्य से उठाकर दिया जा रहा पानी

**ग्रामीणों** का आरोप है कि यहां पर सीधे कोलबांध जलाश्य से पानी उठाकर दिया जा रहा है, जो फिल्टर्ड नहीं है। इससे जलजनित रोगों के फैलने का खतरा बना हुआ है। गर्मियों के मौसम में यह खतरा और भी बढ़ जाता है। इन विस्थापितों का कहना है कि लोगों का स्वच्छ पानी नहीं मिल रहा है, जिससे विभाग के स्वच्छ पानी देने के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पाइें टूटी हुई हैं। शिकायत करने के बावजूद विस्थापितों की कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। पानी की समस्या के स्थायी हल को लेकर कई बार विस्थापित उपायुक्त बिलासपुर के पास गुहार लगा चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। विस्थापितों ने चेतावनी दी है कि शीघ्र ही उनकी पानी की समस्या का हल नहीं किया गया, तो वे संघर्ष के लिए रणनीति तैयार करेंगे, जिसकी सारी जिम्मेदारी एनटीपीसी और जिला प्रशासन की होगी। उधर, इस बारे में एक्सईएन जलशक्ति मिशन बिलासपुर ई. सतीश शर्मा ने कहा कि उनके पास अभी समस्या पहुंची है, वह इस बारे में एसडीओ से बात कर समस्या को दूर करने का प्रयास करेंगे।

# लोकतंत्र को कमजोर कर रही भाजपा विपक्ष की दबा रही आवाज : प्रतिभा

## बिलासपुर में की संविधान बचाओ अभियान की शुरुआत



बिलासपुर में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करतीं प्रतिभा सिंह।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद प्रतिभा ने वीरवार को कांग्रेस भवन बिलासपुर में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और जिला स्तरीय संविधान बचाओ अभियान की शुरुआत की।

प्रतिभा सिंह ने कहा कि बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर देश के संविधान में लोकतंत्र की मजबूती की जो नींव रखी थी, उस नींव को भाजपा कमजोर करने की कोशिश कर रही है। विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी देश में बढ़ती बेरोजगारी व महंगाई के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं, पर सदन के अंदर उन्हें बोलने से रोका जाता है। उन्होंने कहा कि संविधान बचाओ 10 मई तक जिला स्तरीय उसके बाद 11 मई से 17 मई तक हर विधानसभा यानी ब्लॉक स्तर का और उसके बाद 20 मई से 30 मई तक कार्यकर्ता घर- घर जाकर लोगों को इस अभियान के महत्व से लोगों को जागरूक करेंगे। उन्होंने पार्टी के सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। बैठक में पूर्व मंत्री ठाकुर रामलाल, पूर्व विधायक बंबर ठाकुर, तिलक राज शर्मा ने भी बैठक को संबोधित किया।

### गर्ग ने ब्रांज मेडल विजेता अभिनव को नवाजा



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजस्थान के कोटा में खेली गई जूनियर नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप में बिलासपुर जिले के मसौर गांव के अभिनव मैहता ने ब्रांज मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। अभिनव ने हिमाचल का प्रतिनिधितत्व करते हुए यह उपलब्धि 65 किलोग्राम वर्ग भार में हासिल की। पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने वीरवार को एक सादे समारोह में शॉल व टोपी पहनाकर अभिनव को सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में देशभर से सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विकास मेहता, कर्म चंद चंदेल, नवीन शर्मा व नतीश रणौत आदि उपस्थित रहे।

### 86.21 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी।** बिलासपुर जिले के विधानसभा क्षेत्र के श्रीनयना देवी जी के तहत स्वारघाट थाना की पुलिस टीम ने बुधवार रात नाकाबंदी के दौरान फोरलेन पर टनल नंबर 2 थापना (नरली) के पास वॉल्वो बस से 86.21 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने हरियाणा निवासी एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने देर रात करीब 1:30 बजे बिलासपुर से किरतपुर की ओर आ रही वॉल्वो बस (नंबर एचआर 38 जेड 3000) को रोका। इस दौरान बस में बैठे एक युवक की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। युवक ने अपना नाम अतुल शर्मा (20 वर्ष), पुत्र संजय कुमार, निवासी गांव ढाणी, जिला फतेहाबाद (हरियाणा) बताया। पुलिस ने उसके बैग से 86.21 ग्राम चरस बरामद की। बिलासपुर डीएसपी हेडक्वार्टर मदन धीमान ने पुष्टि की है।

## न्यूज ब्रीफ

### कुलदीप पठानिया आज चुवाड़ी विश्रामगृह में सुनेंगे समस्याएं

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया जारी प्रवास कार्यक्रम की निरंतरता में 2 मई को लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह चुवाड़ी में जनसमस्याएं सुनेंगे। इसके पश्चात कुलदीप सिंह पठानिया चुवाड़ी सेक्टर के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी करेंगे।

### नगर निकायों में वरिष्ठ अधिकारियों की हुई पदोन्नति

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार के शहरी विकास विभाग ने नगर परिषदों में प्रशासनिक दक्षता और नेतृत्व को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। हिमाचल प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1994 की धारा 305(1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं विभागीय पदोन्नति समिति की सिफारिशों के आधार पर पांच कार्यकारी अधिकारियों को सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर के पद पर अस्थायी आधार पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नत अधिकारियों की सूची में ललित कुमार, रणबीर सिंह, बाबू राम नेगी, संजय कुमार, राखी कौशल शामिल हैं।

### नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म प्रदेश के लिए शर्मनाक




**अनंत ज्ञान, चंबा।** बिलासपुर जिले में 16 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ हुए सामूहिक बलात्कार की घटना से पूरा प्रदेश स्तब्ध और व्यथित है। यह घटना न केवल अमानवीय है, बल्कि हमारे समाज की नैतिकता और सुरक्षा तंत्र पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करती है। भवानी ठाकुर ने इस घृणित घटना की घोर निंदा करते हुए कहा कि एक बेटी के साथ ऐसा पाशविक कृत्य मानवता के नाम पर कलंक है। दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए ताकि ऐसे अपराध करने वालों में भय उत्पन्न हो। साथ ही पीड़िता और उसके परिवार को पूर्ण सुरक्षा व मानसिक-सामाजिक सहायता प्रदान की जाए। भवानी ठाकुर ने प्रदेश की जनता से भी अपील की है कि वे एकजुट होकर बेटियों की सुरक्षा के लिए सजग रहें और किसी भी आपराधिक गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। यह समय सहानुभूति का नहीं, बल्कि सशक्त कार्रवाई का है। सरकार से मांग की जाती है कि वह इस केस को विशेष प्राथमिकता से ले और एक मिसाल कायम करे।

### चंबा वन मंडल को मिले 59 नए वन मित्र

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा वन मंडल ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 59 नए वन मित्रों का स्वागत किया, जो अब स्थानीय स्तर पर वन प्रबंधन और समुदाय सहभागिता को मजबूती प्रदान करेंगे। इन वन मित्रों के लिए 1 मई से 7 मई 2025 तक एक सप्ताह का व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें हिमाचल प्रदेश वन विभाग की कार्यप्रणाली, वन निगम की भूमिका, संयुक्त वन प्रबंधन समितियां (जेएफएमसी), वन जैविकी, वनस्पति विज्ञान, वृक्षों की पहचान, पौधशाला संचालन, जल व मृदा संरक्षण और स्प्रिंगशेड प्रबंधन जैसे विषयों को शामिल किया गया है। इस प्रशिक्षण में केएफडबल्यू वित्तपोषित परियोजनाओं सहित राज्य और केंद्र प्रायोजित योजनाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिनका उद्देश्य वन आधारित आजीविका को बढ़ावा देना और पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखना है। प्रशिक्षण पूरा होने के पश्चात सभी वन मित्रों को चंबा वन मंडल के विभिन्न बीटों में तैनात किया जाएगा, जहां वे जमीनी स्तर पर वन विभाग के कार्यों में सहयोग प्रदान करेंगे। वन विभाग को विश्वास है कि ये वन मित्र भागीदारी आधारित वन प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अहम भूमिका निभाएंगे और चंबा क्षेत्र में हरियाली की नई मिसाल पेश करेंगे।

### तीसा में मानसिक रोगी पीट-पीट कर किया जख्मी

**अनंत ज्ञान, तीसा ।** तीसा क्षेत्र में एक मानसिक रोगी को अज्ञात लोगों ने पीट-पीट कर जख्मी कर दिया। घायल व्यक्ति तीसा अस्पताल में उपचाराधीन है। व्यक्ति की पहचान तारीक मुहम्मद पुत्र कलीम असगर गांव ढांजू डाकघर खुशनगरी तहसील चुराह जिला चंबा के रूप में हुई है। पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।वीरवार को नागरिक अस्पताल तीसा से पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति घायल अवस्था में अस्पताल में लाया गया है। सूचना मिलते ही थाना तीसा की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान घायल व्यक्ति के पिता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसका बेटा मानसिक रोगी है। कई बार घर से बिना बताए वह चला जाता है। बुधवार रात को भी वह बिना बताए घर से चला गया। जब उसे ढूंढने निकले तो सुबह आना मोड़ के पास पाया। यही नहीं, वह बिना कपड़ों के घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। घर से कपड़े मंगवाकर उसे पहनाए। उसके बाद उसे 108 एम्बुलैंस की मदद से तीसा अस्पताल पहुंचाया गया। इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाल कर अज्ञात लोगों का पता लगाने में जुट गई है। इसके साथ ही स्थानीय लोगों से भी पुलिस पूछताछ कर पता लगा रही है कि युवक के साथ मारपीट किसने की। एसपी चम्बा अभिषेक यादव ने बताया कि पुलिस मामले में जांच कर रही है। जल्द ही अज्ञात लोगों का पता लगाकर उनके खिलाफ पुलिस नियमानुसार कार्रवाई करेगी।

### बसों में डस्टबिन की अनिवार्यता पर नहीं सहमति

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सरकार की ओर से सरकारी और निजी बसों में डस्टबिन रखना अनिवार्य किए जाने के फैसले का चालकों-परिचालकों ने विरोध किया है। नई व्यवस्था के तहत अब बस में डस्टबिन रखना जरूरी है। इसका पालन न करने पर बस संचालकों पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। हालांकि, चालकों-परिचालकों का कहना है कि इस व्यवस्था को लागू करना व्यावहारिक नहीं है। उनका कहना है कि व्यवस्था का सारा जिम्मा बस स्टाफ पर डाल दिया है, जबकि यात्रियों की जिम्मेदारी तय नहीं की गई है। बस चालकों ने मांग की है कि सरकार इस फैसले पर पुनर्विचार करे और ऐसी व्यवस्था बनाए जिसमें यात्रियों को भी जिम्मेदार बनाया जाए। सवारियां सीट से उठकर डस्टबिन में कचरा फेंकने नहीं जाती हैं। ऐसे में अगर विभाग की ओर से जुर्माना किया जाता है तो वह जुर्माना कहां से भरेंगे। सरकार इस फैसलो को बदले

कुलदीप पठानिया ने किया राजकीय उच्च विद्यालय समत्तर का लोकार्पण, कहा–

# सीमावर्ती क्षेत्रों में मजबूत प्रशासनिक ढांचा होगा तैयार

**अनंत ज्ञान, चंबा**



विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भटियात विधानसभा क्षेत्र के सीमावर्ती ग्राम तारागढ़ पंचायत में नव स्तरोन्नत राजकीय उच्च विद्यालय समत्तर का विधिवत लोकार्पण कर शिक्षा और विकास के नए अध्याय की शुरुआत की। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गुणवत्ता–युक्त शिक्षा को प्राथमिकता दे रही है। रिक्त शिक्षकों के पदों को शीघ्र भरा जा रहा है और दुर्गम क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं को गेस्ट टीचर के रूप में नियुक्त करने पर भी विचार किया जा रहा है, जिससे शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हो सके।

उन्होंने समत्तर क्षेत्र के गांवों को मिलाकर नई ग्राम पंचायत के गठन का भी ऐलान किया और कहा कि पंचायतें विकास की आधारशिला होती हैं, इसलिए सीमावर्ती क्षेत्रों को संगठित कर एक मजबूत प्रशासनिक ढांचा तैयार किया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन की मांग पर अतिरिक्त भवन निर्माण और सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आश्वासन भी उन्होंने दिया।

विधानसभा अध्यक्ष ने क्षेत्र में सड़क संपर्क विस्तार की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला, विशेषकर ककीरा–कटलू संपर्क मार्ग पर 6 करोड़ की राशि व्यय किए जाने की जानकारी दी। कार्यक्रम में ककीरा और समत्तर स्कूल के विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। अध्यक्ष ने दोनों स्कूलों को सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु 21,000–21,000 की धनराशि देने की घोषणा की। स्थानीय जनता की समस्याएं भी सुनीं और अधिकांश का समाधान मौके पर ही किया, जिससे क्षेत्रीय जनता में संतोष और उत्साह का माहौल बना। कार्यक्रम में वन निगम निदेशक मंडल सदस्य चेला कृष्ण चंद, स्वामी हरी गिरी चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य तरुण मल्होत्रा, एसडीएम पारस अग्रवाल, डीएसपी योगेश्वर कुमार, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, वन विभाग के अधिकारी समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पानी की कमी के कारण लोगों ने किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** डलहौजी में पानी की कमी के कारण लोगों ने जल विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया । सदर बाजार के निवासी सभी इकट्ठा होकर उपमंडल अधिकारी डलहौजी में एकत्रित हुए और सभी ने पानी की कमी के कारण जल विभाग के खिलाफ नारे लगाए। उपमंडल अधिकारी अनिल भारद्वाज ने जल विभाग के एसडीओ व जेई को अपने ऑफिस में बुलाकर पानी की समस्या के बारे में जानकारी ली।

लोगों का कहना है कि अभी तक गर्मियां शुरू नहीं हुई और पानी की कमी अभी से शुरू हो गई है । इसलिए जब तक हमें पानी की सप्लाई नहीं दी जाती हम यह प्रदर्शन करते रहेंगे। जल विभाग के एसडीओ ने कहा कि डलहौजी के लिए 65 करोड़ की योजना का काम चल रहा है, लेकिन जैसे ही यह यह कार्य पूरा हो जाता है डलहौजी में पानी की कमी नहीं रहेगी, लेकिन लोगों का पानी के खिलाफ गुस्सा फूटा कई वरिष्ठ लोगों का कहना है की डलहौजी में आमतौर पर पानी की कमी को देखा गया है। अपमंडल अधिकारी अनिल भारद्वाज ने आश्वासन दिलाया कि अब उन्हें पानी की कमी नहीं होगी वह विभाग से पूरी जानकारी लेकर इस पानी की कमी को पूरा करेंगे ।

# बाबा साहेब का सपना, हर मजदूर का सम्मान : किशोर

**अनंत ज्ञान, चंबा**

मजदूर दिवस के पावन अवसर पर राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव किशोर कुमार सारसर ने देशभर के मजदूरों को संबोधित करते हुए उन्हें उनके संवैधानिक अधिकारों और सामाजिक सम्मान के प्रति जागरूक किया।

उन्होंने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के ऐतिहासिक योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि, 'बाबा साहेब ने सिर्फ संविधान नहीं रचा, बल्कि हर मजदूर को अधिकार, गरिमा और आत्मसम्मान की लड़ाई लड़ने की शक्ति दी।

महासचिव सारसर ने बताया कि डॉ. अंबेडकर ने 15 अगस्त 1936 को इंडिपेंडेंट लेबर पार्टी की स्थापना कर भारत में श्रमिक आंदोलन की नींव रखी। 7 नवंबर 1938 को एक लाख से अधिक मजदूरों की ऐतिहासिक हड़ताल का नेतृत्व करते हुए उन्होंने श्रमिकों की ताकत को संगठित किया। 1942 से 1946 तक कार्यकारी परिषद में श्रम मंत्री रहते हुए उन्होंने कारखाना अधिनियम 1946, ट्रेड यूनियन अधिनियम 1947 और मजदूरों के लिए आवास, जल, शिक्षा और सहकारी योजनाएं लागू कीं।

### संविधान में श्रमिक अधिकारों की गारंटी

डॉ. अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से मजदूरों के लिए 'समान कार्य के लिए समान वेतन, श्रमिक सुरक्षा, न्यायपूर्ण कार्य परिवेश, और सामाजिक सुरक्षा योजनाएं सुनिश्चित कीं। उन्होंने केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक दृष्टिकोण से भी श्रमिकों के जीवन को ऊपर उठाया अस्पृश्यता के उन्मूलन, महिला अधिकारों और दलित श्रमिकों की भागीदारी को बढ़ावा दिया।

### महासंघ का संदेश

किशोर कुमार सारसर ने आह्वान किया कि 'हर मजदूर को बाबा साहेब के सिद्धांतों से प्रेरणा लेकर अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर खड़ा होना चाहिए। मजदूर दिवस सिर्फ उत्सव नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और अधिकारों की चेतना का दिन है। आज जब देश सामाजिक न्याय और श्रमिक कल्याण की नई दिशा की ओर बढ़ रहा है, बाबा साहेब की विचारधारा श्रमिकों के लिए एक अमिट मशाल बन चुकी है।

# चंबा के कलाकारों को मिलेगा मंच 6 से रंगमहल में होगी ग्रेडिंग प्रक्रिया

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला चंबा के कलाकारों के लिए एक सुनहरा अवसर आ रहा है। जिला भाषा अधिकारी कार्यालय द्वारा 6 व 7 मई, 2025 को रंगमहल स्थित कार्यालय में कलाकारों की ग्रेडिंग प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। जिला भाषा अधिकारी तुकेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह चयन प्रक्रिया गायन, वादन, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक विधाओं से जुड़े कलाकारों को पहचान और मंच देने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

इस ग्रेडिंग प्रक्रिया का उद्देश्य पारदर्शिता के साथ योग्य कलाकारों को अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर के मेलों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भागीदारी के लिए श्रेणीबद्ध करना है।

ग्रेडिंग की तिथि व स्थान 6 मई, 2025 भरमौर, भटियात, सलूणी और चुराह उपमंडल के कलाकार।

7 मई, 2025 चंबा, डलहौजी व पांगी उपमंडल के कलाकार होंगे।

पूर्व में पंजीकृत कलाकारों को चयन प्रक्रिया में भाग लेने हेतु दो पासपोर्ट साइज फोटो और आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। जिन कलाकारों को आकाशवाणी, दूरदर्शन या किसी अन्य मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा श्रेणी प्रदान की गई है, वे प्रमाणपत्र कार्यालय में जमा करवा सकते हैं।

# टैक्सी यूनियन को मिली अस्थायी पार्किंग

**आरके सहगल, चंबा**



लंबे समय से पार्किंग की समस्या का सामना कर रही शिव शक्ति टैक्सी यूनियन चंबा को आखिरकार एक अस्थायी समाधान की ओर कदम बढ़ता दिखा।

यूनियन के अध्यक्ष राकेश चोना ने बताया कि 1 मई को उनकी एसएचओ सदर चंबा से विस्तृत बातचीत हुई, जिसमें वैकल्पिक पार्किंग स्थलों पर चर्चा के बाद शून्य बिंदु को टैक्सी पार्किंग के लिए अस्थायी रूप से चयनित किया गया।

यह स्थान भरमौर चौक से चंबा की ओर लगभग 20 मीटर दूरी पर स्थित है, जहां से एचआरटीसी की 'राइड विद प्राइड' वैन भी चंबा के लिए चलती है। राकेश चोना ने बताया कि यह व्यवस्था तीन से चार दिनों के ट्रायल आधार पर लागू की गई है। एसएचओ सदर ने उन्हें आश्वस्त किया है कि यदि यह प्रयोग सफल रहता है, तो इसके बाद पुख्ता अधिसूचना जारी की जाएगी।

राकेश चोना ने यह भी कहा कि चूंकि पर्यटन सीजन चरम पर है और चंबा में वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है, ऐसे में एक स्थायी और सुव्यवस्थित पार्किंग स्थल की आवश्यकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि यातायात को नियंत्रित करने और टैक्सी चालकों को सुचारु कार्य संचालन का अवसर देने के लिए शीघ्र ही दृढ़ नीति और स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। राकेश चोना पहले भी कई बार इस विषय को लेकर प्रशासन से गुहार लगा चुके हैं और उन्हें अब उम्मीद है कि इस बार कोई न कोई ठोस निर्णय अवश्य सामने आएगा। (अनंत ज्ञान)

## बिलों का भुगतान न होने पर गरजे ठेकेदार

**अनंत ज्ञान, करसोग।** उपमंडल के सरकारी ठेकेदारों ने वीरवार को लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह परिसर में बैठक आयोजित की। इसकी अध्यक्षता ठेकेदार सुरेश शर्मा ने की। ठेकेदारों की विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। इस अवसर पर करसोग यूनियन का गठन किया गया।

इसमें सुरेश शर्मा को अध्यक्ष चुना गया जबकि गुरुवक्ष ठाकुर महासचिव चुने गए। बैठक में ठेकेदारों के बिलों का भुगतान न होने पर चर्चा की। भुगतान संबंधित विभागों की ओर से न किए जाने से ठेकेदार कर्जदार बनते जा रहे हैं।

# वन मित्र लोगों को वनों के प्रति करें जागरूक

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



भरमौर में वन विभाग द्वारा शुरू किए गए वन मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ उप अरण्यपाल भरमौर शिवाजी नवनाथ सिंह माने द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम वन मंडल भरमौर के 39 वन मित्रों को लेकर आयोजित किया गया है, जिसमें उन्हें वन संरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम में नवनाथ माने शिवाजी ने वन मित्रों को कहा कि आज के युग में वनों का संरक्षण न केवल पर्यावरणीय दृष्टिकोण से जरूरी है, बल्कि इसका सीधा संबंध जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता और स्थानीय समुदायों की आजीविका से भी है। उन्होंने वन मित्रों से आह्वान किया कि वे स्थानीय स्तर पर लोगों को वनों के प्रति जागरूक करें और वृक्षारोपण, वन अग्नि से बचाव तथा वन्य जीव संरक्षण जैसे कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं।

समापन के अवसर पर वन मित्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वन विभाग के लिए उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और भविष्य में भी विभाग उनसे इसी तरह की निष्ठा और तत्परता की अपेक्षा करता है।

वहीं वन एवं जन चेतना केंद्र लाहल में एक मई से लेकर 6 मई तक वन मित्रों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस ट्रेनिंग में वन परिक्षेत्र अधिकारी भरमौर, होली बनखंडा अधिकारी भरमौर, वनरक्षक शिर्डी चन्हौता में भी वन मित्रों को विभाग से संबंधित जानकारी व प्रशिक्षण दिया ।

# 65 वर्षीय व्यक्ति की अंधेरे में पैर फिसलने से दर्दनाक मौत

**बबलू पठानिया, भटियात**

चुवाड़ी उपमंडल की पंचायत जंदरोग (ददरियाडा) के गांव चक्की से एक दुखद घटना सामने आई है। बुधवार रात 65 वर्षीय दुनी चंद पुत्र दुमका की घर लौटते समय पैर फिसलने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, वह जींद रोग से अपने गांव चक्की की ओर पैदल लौट रहे थे, जो लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर है।

रात के अंधेरे और दुर्गम रास्ते के कारण उनका पैर फिसल गया, जिससे सर में गंभीर चोट आई और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। सुबह जब ग्रामीणों ने शव देखा, तो तुरंत पंचायत प्रधान सुरेंद्र को सूचित किया गया। प्रधान ने घटना की जानकारी चुवाड़ी थाना को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार, दुनी चंद का एक बेटा पिछले चार से लापता है और आज तक उसका कोई सुराग नहीं मिला है। मामले की पुष्टि एसएचओ चुवाड़ी रमन चौधरी ने की है। (अनंत ज्ञान)

अनंत Classifieds

**सार्वजनिक सूचना**

मैं शेर सिंह शर्मा पुत्र स्वर्गीय बरागी राम गांव तपौंन, डाकघर गाहर इलाका भद्रोता, तहसील सरकाघाट जिला मंडी हि.प्र. घोषणा करता हूं कि मेरा नाम पंचायत रिकॉर्ड में शेर सिंह दर्ज है तथा बैंक रिकॉर्ड में शेर सिंह शर्मा दर्ज है, यह दोनों नाम मेरे ही हैं और सही हैं। अत: भविष्य में मुझे शेर सिंह व शेर सिंह शर्मा के नाम से जाना जाए। सभी संबंधित नोट करें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत खणी**
**विकास खंड बालीचौकी जिला मंडी ( हि.प्र. )**
**निविदा सूचना**

**समस्त** कुटेशनदाताओं/निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खणी में वर्ष 2025-26 हेतु निविदाएं आमंत्रित की गई थीं और निविदाएं खोलने की तिथि 17.04.2025 को निश्चित थी । किन्तु सरकार व प्रशासनिक आदेशानुसार निविदाएं खंड स्तर पर लगाने के आदेश प्राप्त हुए, जिस कारण प्राप्त निविदाओं को पंचायत स्तर पर खोला नहीं गया था और निविदा को आगामी आदेशों तक स्थगित किया गया था, जिसकी सुचना ग्राम पंचायत के सुचना पट्ट पर प्रकाशित की गई थी। दिनांक 25 अप्रैल 2025 को सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज हि.प्र. सरकार से प्राप्त पत्र अनुसार पुनः ग्राम पंचायत को निविदा/टेंडर लगाने हेतु अधिकृत किया गया।

जिसके संदर्भ में सभी निविदादतों को सूचित किया जाता है ग्राम पंचायत खणी में प्राप्त निविदाओं को खोलने की तिथि दिनांक 03/05/2025 निर्धारित की गई है। अतः सभी निविदादाता दिनांक 03/05/2025 को कार्यालय ग्राम पंचायत खणी में उपस्थित होने की कृपा करें ।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत खणी**
**विकास खंड बालीचौकी जिला मंडी (हि.प्र.)**

**सूडोकू नवताल- 7418** (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 4 | 7 | | | | 8 | 3 | | 9 |
| | | 8 | 7 | 3 | | 1 | 2 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 1 | | 7 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 1 | | 8 | 7 | | 4 | 9 | |
| | 2 | 4 | | 6 | 5 | 7 | | |
| 7 | | 1 | 3 | | | | 5 | 8 |
| | | | 1 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकू नवताल -7417 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |

# बीपीएल के लिए 17 मई तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार के ग्रामीण विकास विभाग ने प्रदेश में (बीपीएल) परिवारों के चयन की प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश जारी किए हैं। विभाग के निदेशक द्वारा जारी आदेश के अनुसार, इच्छुक परिवार अब 17 मई, 2025 तक संबंधित ग्राम पंचायत में आवेदन कर सकते हैं। इस बार बीपीएल सूची में पारदर्शिता और निष्पक्षता को सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रिया में कुछ महत्त्वपूर्ण बदलाव और समय–सीमाएं तय की गई हैं।

बीपीएल सूची में शामिल होने के इच्छुक परिवारों को आवश्यक घोषणा–पत्र सहित आवेदन 17 मई, 2025 तक जमा करना होगा। 8 मई, 2025 तक उपमंडलाधिकारी (ना.) की देखरेख में त्रिसदस्यीय सत्यापन समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें पंचायत सचिव, पटवारी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। सत्यापन के बाद तैयार की गई सूची 25 जून, 2025 तक ग्राम पंचायत के नोटिस बोर्ड पर सार्वजनिक की जाएगी ताकि जुलाई माह की ग्राम सभा में उस पर चर्चा की जा सके। संपूर्ण प्रक्रिया को 15 अक्तूबर, 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। ग्रामीण विकास विभाग ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे इस संशोधित समय–सीमा का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें।

## डलहौजी में अब होगी वन-वे व्यवस्था

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** पर्यटन स्थल डलहौजी में अब वन–वे व्यवस्था लागू होगी। गर्मियों में पर्यटकों की बढ़ती आमद को देखते हुए प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। इस बाबत गत दिवस एसडीएम कार्यालय में बैठक भी हुई, जिसमें ट्रैफिक व्यवस्था को चुस्त–दुरुस्त रखने पर चर्चा की गई। वन–वे व्यवस्था के तहत पर्यटन स्थल डल्हौजी आने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों को बस अड्डा से सुभाष चौक और सुभाष चौक से जीपीओ जाना होगा, वहीं गांधी चौक से बस अड्डा के लिए चर्च बैलून रोड से गुरु नानक पब्लिक स्कूल होते हुए पहुंचा जाएगा।

वहीं सुभाष चौक से एसडीएम कार्यालय और नागरिक अस्पताल जाने के लिए वाया कोर्ट रोड जाना होगा और पतरेनी रोड से होते हुए सुभाष चौक पहुंचा जा सकेगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सदोह**
**विकास खंड सदर मंडी, जिला मंडी ( हि.प्र. )**
**निविदा सूचना**

**ग्राम** पंचायत सदोह विकास खंड सदर मंडी जिला मंडी आवश्यकता अनुसार समय-समय पर निम्न निर्माण सामग्रियों की, वित्त वर्ष 2025-26 में कार्यों के निष्पादन हेतु आपूर्ति के लिए अधिकृत विक्रेताओं से मुहरचंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 15.05.2025 को 5 बजे तक पंचायत कार्यालय में स्वीकार की जाएगी व दिनांक 16.05.2024 को अपराहन 11.00 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी।

**सामग्री का विवरण:-** 1. रेत (KANSA QUERRY) Per cubic meter, 2. रेत (CRUSHER) Per cubic meter 3. बजरी (20MM KANSA QUERRY) Per cubic meter 4. बजरी (10MM CRUSHER) Per cubic meter 5. बजरी (20MM CRUSHER) Per cubic meter 6. बजरी (40MM CRUSHER) Per cubic meter 7. सोलिंग/बोल्डर पत्थर Per cubic meter 8. पत्थर (CUT STONE) Per cubic meter 9. इंट Per brick/per thousand 10. जेसीबी कार्य ढुलाई व ब्रेकर Per hour 11. सेटरिंग लकड़ी, स्टील इत्यादि Per sqm 12. सीमेंट किराया HPS CSC Depot Per Bags.

**शर्तें:** 1. निविदादाता के पास अपना पंजीयन पैन संख्या, जीएसटी नंबर होना आवश्यक है। 2. दरें अंको और शब्दों दोनों में लिखी जाएं। 3. ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता की व विभाग से हस्ताक्षतिर एम-फार्म जमा करवाने होंगे। 4. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 5. निविदादाता प्रति सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में की गई सामग्री आपूर्ति की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। 6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवत्ता के चयन का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सरिक्षत रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार रहेगा। 7. सामग्री की उपलब्धता निर्माण स्थल तक (जहां तक गाडी जा सकती हो) करवानी आवश्यक होगी। 8. निविदाता को 30000/-रू धरोहर राशि साथ में जमा करवानी होगी।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत सदोह, विकास खंड सदर मंडी**

**कार्यालय ग्राम पंचायत गुम्मर**
**विकास खंड सुरानी, तहसील ज्वालामुखी, जिला कांगड़ा ( हि.प्र. )**
**निविदा सूचना**

**प्रस्ताव संख्या : 03** **दिनांक: 01-05-2025**

**उपस्थित 07/07**

**विषय :** ग्राम पंचायत गुम्मर में पंचायत ने वित्त वर्ष 2025-2026 के विकास कार्यों को करवाने हेतु पंचायत प्रधान शिमला देवी तथा उपस्थित सदस्यों के समक्ष विकास कार्य करवाने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया है, जिसमें निम्नलिखित सामग्री के लिए निविदाएं आमंत्रित की जानी हैं।

**सामग्री का विवरण**

1.रेता धूला/प्रति घन मीटर, 2. रेता क्रैशर/ प्रति घन मीटर , 3.बजरी क्रैशर 10MM,20MM/ प्रति घन मीटर, 4. बजरा क्रैशर/40MM प्रति घन मीटर, 5.सोलिंग प्रति घन मीटर, 6. टूटा पत्थर/प्रति घन मीटर 7. पानी का टैंक/प्रति टैंक, 8. मिक्सचर मशीन तेल सहित/प्रति दिन, 9. शेटरिंग/प्रति स्केयर फीट, 10. शैटरिंग नाली व डंगों के लिए प्रति फट्टा, 11. लोकल फेरा/प्रति फेरा, 12. बजरा खड्डु/प्रति घन मीटर, 13. स्टील प्लेट 2×4/प्रति प्लेट, 14. फलदार पौधे/प्रति पौधा, 15. जंगली पौधे/प्रति पौधा, 16. सीमेंट बैंच/प्रति बैंच, 17. सीमेंट साइन बोर्ड/प्रति बोर्ड, 18. ईंट अब्बल/प्रति सैकड़ा।

**नोट– नियम व शर्तें:-**

निविदाएं दिनांक 15/05/2025तक समय प्रातः 11बजे तक पंचायत कार्यालय गुम्मर में पंहुच जानी चाहिए। निविदाएं 16/05/2025 को 11: 00 PM सबके समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएंगी। इच्छुक फर्म या ठेकेदार के पास जी.एस.टी.नंबर होना अनिवार्य है । सामग्री की गुणवता का विशेष ध्यान रखना होगा। फाइनल पेमेंट तकनीकी मूल्यांकन के उपरांत दी जाएगी। आपूर्तिकर्ता यदि सप्लाई आदेश के सात दिन तक सामग्री की सप्लाई नहीं करता है तो निविदादाता को नोटिस देकर निविदा को रद्द कर दिया जाएगा। जिसके लिए कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। निविदाएं स्वीकृत या रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास होगा। बैठक में प्रस्ताव नियम के आधार पर पारित किया गया तथा नोटिस बोर्ड पर चिपकाया गया। **नोट** – जिस आपूर्तिकर्ता की निविदा न्यूनतम दर पर होगी, वह आपूर्तिकर्ता ग्राम पंचायत गुम्मर में 25000 रुपए (Security Cheque) जमा करवाएगा।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत गुम्मर**
**विकास खण्ड सुरानी जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

2 मई, 2025, शुक्रवार

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत्** :1946 (क्रोधी), **मास** : वैशाख, **तिथि** एकादशी (14:33): **नक्षत्र** शतभिषा (10:49), **पक्ष:** शुक्ल, **योग** : सुकर्मा (05:39) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:51-12:44), **राहुकाल** (10:30-12:00)।

**विशेष दिन**

2 मई : सोमनाथ प्रतिष्ठ दिवस कल।

2 मई 2025 : श्री सूरदास जयंती कल।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी।

**वृषभ:** अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे।

**मिथुन:** कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे।

**कर्क:** कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**सिंह :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मनोविनोद बढ़ेगा। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा।

**कन्या :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**तुला:** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

**वृश्चिक:** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**धनु:** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी।

**कुंभ :** विद्यार्थियों को लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा।

**मीन :** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है।

स्त्रियां सिर्फ रसोई और खेत पर काम करने के लिए नहीं बनी हैं, वह पुरुषों से बेहतर कार्य कर सकती हैं। –सावित्रीबाई फुले

## संपादकीय

# केंद्र का क्रांतिकारी कदम

केंद्र सरकार ने आखिर लंबे अर्से बाद जाति गणना करवाने का फैसला तो कर लिया, लेकिन अब बुद्धिजीवियों में इस बात को लेकर चर्चा होने लगी है कि क्या केंद्र ने वाकई सही काम किया है ? दरअसल, जाति गणना एक ऐसा संवेदनशील और बहस का मुद्दा है, जिसकी चर्चा होना तो स्वाभाविक है। केंद्र ने जाति गणना करवाने की हामी भरकर एक ऐतिहासिक कदम उठाया है, जिसकी सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से गहरी प्रासंगिकता है। भारत में पहली बार जाति आधारित गणना ब्रिटिश काल में 1881 में शुरू हुई थी, लेकिन पूरी और विस्तृत जाति गणना 1931 में हुई थी। उसके बाद, 1941 में भी जनगणना हुई थी, लेकिन इसी दारौन द्वितीय विश्व युद्ध हो गया, जिसकी वजह से जातियों के आंकड़े अधूरे रहे। 1951 से लेकर अब तक हर 10 साल पर जनगणना होती रही है, लेकिन उसमें जातिगत आंकड़े सिर्फ अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) तक सीमित रहे।

अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और सवर्ण जातियों की गिनती नहीं की गई। 1990 के दशक में जब मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू की गई, तब ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर जातिगत जनगणना की मांग जोर पकड़ने लगी, लेकिन समय के साथ वह फिर ठंडी पड़ गई। हालांकि, 2011 में मनमोहन सिंह सरकार ने सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना करवाई थी, लेकिन उसके जातीय आंकड़े आज तक सार्वजनिक नहीं किए गए। कारण था डेटा की जटिलता, अशुद्धियां और संभावित राजनीतिक विवाद। अब जब भाजपा नीति नरेंद्र मोदी सरकार ने जाति गणना कराने का निर्णय लिया है तो यह कदम सामाजिक न्याय की दिशा में एक बड़ा और निर्णायक माना जा रहा है।

बिहार जैसे कुछ राज्यों ने पहले ही अपने स्तर पर जातिगणना का काम शुरू कर दिया है। यह केवल एक आंकड़ों की कवायद नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को समझना और नीतियों को उसी हिसाब से बनाना है। अगर सरकार के पास जाति आधारित ठोस आंकड़े होंगे, तो वह शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आरक्षण जैसी नीतियों को ज्यादा सटीक बना सकेगी। यह विशेष रूप से ओबीसी और अन्य हाशिए पर मौजूद जातियों के लिए फायदेमंद होगा। सामाजिक न्याय की मजबूती भी होगी। यह कदम सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को व्यवहारिक रूप देने में मदद करेगा। हाशिए पर मौजूद वर्गों की वास्तविक स्थिति जानकर उन्हें सही प्रतिनिधित्व और संसाधन मिल सकते हैं। यही नहीं, राजनीतिक प्रतिनिधित्व का संतुलन भी बना रहेगा। जातिगत आंकड़े यह स्पष्ट कर सकते हैं कि कौन सी जातियां प्रतिनिधित्व से वंचित हैं और उन्हें कितना भागीदारी मिलनी चाहिए।

इससे 'सशक्तिकरण' की नीति अधिक प्रभावी हो सकती है। आरक्षण को लेकर बार-बार यह सवाल उठता है कि क्या यह अब भी प्रासंगिक है ? क्या सही वर्गों को लाभ मिल रहा है ? जाति गणना इस प्रश्न का उत्तर आंकड़ों के आधार पर दे सकती है। इसके संभावित राजनीतिक लाभ और दुष्परिणाम भी हैं। राजनीतिक दल अब जातिगत आंकड़ों के आधार पर अपनी रणनीति बना सकेंगे। इससे अल्पसंख्यक और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को केंद्र में लाया जा सकता है। जातीय विभाजन की आशंका भी बराबर बनी रहेगी। जातिगत आंकड़े सामने आने पर समाज में जाति आधारित ध्रुवीकरण भी हो सकता है, जो सामाजिक एकता के लिए खतरा बन सकता है। कुछ सियासी दल जातिगत आंकड़ों का उपयोग करके वोट बैंक की राजनीति कर सकती हैं जिससे मुद्दा सामाजिक विकास के बजाय जातिगत समीकरणों तक सिमट सकता है। जाति गणना का सबसे बड़ा विरोध यह कहकर होता है कि इससे जातिवाद को बढ़ावा मिलेगा। कई विचारकों का मानना है कि हमें जातियों को मिटाने की दिशा में काम करना चाहिए, न कि उन्हें दोबारा केंद्र में लाकर स्थायी बना देना चाहिए। साथ ही, तकनीकी रूप से जातियों की सही पहचान, उपजातियों की गिनती, और डेटा की सटीकता भी एक बहुत बड़ी चुनौती है। जाति गणना एक बेहद महत्वपूर्ण लेकिन जटिल प्रक्रिया है।

यह समाज के वास्तविक चेहरे को दिखा सकती है, जो वर्तमान में आंकड़ों के अभाव में अदृश्य है बशर्ते इसका इस्तेमाल सकारात्मक दिशा में किया जाए। जैसे कि वंचित समुदायों को पहचानकर उन्हें सशक्त बनाने के लिए, तो यह सामाजिक न्याय की दिशा में क्रांतिकारी कदम हो सकता है, लेकिन अगर इसका दुरुपयोग केवल राजनीतिक लाभ के लिए किया गया, तो यह सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए जरूरी है कि सरकार और समाज इस प्रक्रिया को पारदर्शिता और संतुलन के साथ आगे बढ़ाएं। जातिगत आंकड़े सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी की दिशा में उठाया गया कदम होने चाहिए। ■


## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत की प्रसिद्ध लोक गायिका

**उषा** बारले भारत की प्रसिद्ध लोक गायिका हैं जो पंडवानी गायन के लिए जानी जाती हैं। दुर्ग क्षेत्र की पंडवानी गायिका उषा बारले को पद्म श्री, 2023 से सम्मानित किया गया है। सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका पद्म विभूषण तीजनबाई ने उन्हें पंडवानी सिखाई है। पंडवानी का प्रदर्शन भारत के बाहर लंदन और न्यूयॉर्क जैसे स्थानों पर भी उषा बारले द्वारा किया गया है। उषा बारले का जन्म भिलाई में हुआ था। उनके पिता का नाम खाम सिंह जांगड़े व माता का नाम धनमत बाई था। उषा बारले का बाल विवाह अमरदास बारले से हुआ था। उन्होंने गुरु मेहतरदास बघेलजी के अधीन सात साल की उम्र में पंडवानी गायन का अध्ययन शुरू किया। इसके बाद उन्होंने इस कला रूप की नाटकीय पेचीदगियों को समझने के लिए तीजनबाई के साथ अध्ययन करना शुरू किया। उषा बारले बताती हैं कि आर्थिक तंगी का समय भी गुजारा। उस समय को याद करती हैं तो उनकी आंखे नम हो जाती हैं। उन्होंने बताया था कि गृहस्थी चलाने के लिए वह सेक्टर-1 की बस्ती में रहकर केला, संतरा व अन्य फल बेचा करती थीं। वह खासा संघर्ष भरा दिन था। पंडवानी के अलावा अनेक लोक विधाओं में भी वह पारंगत है। पंडवानी शैली में गुरु घासीदास की जीवनी सर्वप्रथम प्रस्तुत करने के लिए उषा बारले प्रशंसा की पात्र हैं। पंडवानी में उषा बारले ने छत्तीसगढ़ के बाहर न्यूयॉर्क, लंदन और जापान सहित शहरों में प्रदर्शन दिया है। ■


उषा बारले
जन्म : 2 मई, 1968

## कविता: चक्रव्यूह


वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन, ऊना

*आज फिर दुष्कर्म हुआ, समूचा देश शर्मसार हुआ।*
*मां बाप की लाडली गुड़िया, कहां देखी थी उसने दुनिया।*
*नई फ्राक में सजधज कर,*
*सखियों संग थी खेल रही।*
*तभी एक दरिंदा वहां आया,*
*खेल रही गुड़िया को उठाया।*
*अनजान दुनियादारी की बातों से,*
*वहशी दरिंदे ने उसे पास बुलाया।*
*बच्ची थी अभी छोटी, उम्र की वह थी कच्ची।*
*दरिंदे के एक झपटे से,*
*खत्म हुई वह गुड़िया रानी।*
*दरिंदा फंसा उन्मादी भीड़ में, खत्म हुई उसकी कहानी।*
*निर्भया कांड तो फिर हुआ,*
*20 मार्च, 2020 सुबह को फांसी।*
*दुष्कर्म कहीं रोक सकी क्या ?*
*चक्रव्यूह क्या ऐसे चलता रहेगा ?*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# रेटपेयर्स की सक्रिय भागीदारी से ही अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति

आज हमारी अर्थव्यवस्था भले विश्व की दस प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक हो व जीडीपी रैंकिंग में इस साल हम विश्व की तीसरी प्रमुख अर्थव्यवस्था बनने की तैयारी में हों पर अर्थव्यवस्था के तेजी से विकास के लिए रेटपेयर्स की भागीदारी बढ़ाने की आज सबसे अधिक आवश्यकता है।

फ्रीबीज के जमाने में केंद्रीय वित्त सचिव अजय सेठ द्वारा एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देश की आर्थिक वृद्धि के लिए रेटपेयर्स को प्रोत्साहित करना जरूरी बताया गया है। दरअसल, एक ओर राजनीतिक दलों द्वारा लोक लुभावन फ्रीबीज सुविधाओं की घोषणाएं-दर-घोषणाएं की जा रही हैं तो दूसरी ओर देश को 2025 में जीडीपी रैंकिंग के अनुसार दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की चुनौती है। अर्थव्यवस्था का सीधा-सीधा गणित यह है कि एक तो करदाताओं द्वारा प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से कर के रूप में सीधे-सीधे आय सरकार को प्राप्त होती है तो दूसरी ओर सरकार अपनी विकास योजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिए उधारी से काम चलाने वाली स्थिति होती है जिसे हम बजट प्रस्तावों में उधारी के रूप में देखते हैं।


लेखक : डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

तीसरा प्रमुख स्रोत रेटपेयर्स होते हैं, देश का सेविंग पूल इन्हीं से बनता है। जहां तक आयकर का प्रश्न है तो आधार और पैनकार्ड के चलते अब आयकर के दायरे से कोई बच नहीं सकता। खासतौर से नौकरीपेशा या निश्चित पगार पाने वालों का तो आयकर सीधे-सीधे और बिना किसी छीजत के सरकार को प्राप्त हो जाता है। इसमें किसी तरह की चोरी की संभावना न के बराबर है। लगभग यही स्थिति जीएसटी के बाद देखने को मिल रही है और साल दर साल जीएसटी संग्रह में बढ़ोतरी भी हो रही है। दरअसल, जब स्थानीय स्वशासन की परिकल्पना की गई थी तो उसके साथ यह भी था एक समय आते-आते यह संस्थाएं अपनी गतिविधियों के संचालन



के लिए सरकार पर निर्भर ना रहकर आत्मनिर्भर हो जाएंगी और इन संस्थाओं को सरकार के सामने हाथ नहीं फैलाना पड़ेगा। पर एक ओर यह सपना ही बनकर रह गया दूसरी ओर राजनीतिक दलों ने फ्रीबीज का ऐसा चलन चलाया कि रेटपेयर्स की भूमिका कम से कम होती जा रही है। रेटपेयर्स का प्रयोग सबसे पहले 1845 में माना जाता है। रेटपेयर्स की भूमिका को हम इससे अच्छी तरह समझ सकते हैं कि न्यूजीलैंड सहित अनेक देशों में तो रेटपेयर्स अपने हितों की रक्षा के लिए एसोसिएशन बनाकर आगे आ रहे हैं। हमारे देश में हालात इससे विपरीत है। हमारे यहां पिछले कुछ सालों में रेटपेयर्स की सहभागिता दिन-प्रतिदिन कम होती जा रही है। केंद्रीय वित्त सचिव अजय सेठ के अनुसार संभवत: यही चिंता का कारण बन रहा है।

रेटपेयर्स से सीधा-सीधा अर्थ सरकार द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र में जो बुनियादी सेवाएं उपलब्ध कराई जाती है। बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, सार्वजनिक परिवहन या इसी तरह की सेवाएं इसके दायरे में आती हैं। चुनावी वादों के चलते सरकार द्वारा बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि को कम-ज्यादा पर फ्रीबीज के दायरे में प्रमुखता से ला रही हैं। पेंशन योजनाएं और फ्री राशन, सार्वजनिक परिवहन में महिलाओं, सीनियर सिटीजन व अन्य को राहत या अन्य दूसरी इसी तरह के निर्णय रेटपेयर्स की अर्थव्यवस्था में भागीदारी को सीमित करते हैं।

लोकतंत्र में समान अवसर और आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अनुदानित योजनाओं का संचालन संवेदनशील और लोकहितकारी सरकार के लिए आवश्यक है। पर इसका मतलब यह नहीं होना चाहिए कि सार्वजनिक सुविधाओं के लिए सरकार द्वारा जो राशि कर या अन्य रूप में प्राप्त की जाती है वह नहीं मिले और उसका भार भी ईमानदार कर दाताओं पर पड़े तो यह किसी भी हालत में सही नहीं है। सरकार को सक्षम और कम सक्षम में अंतर करके चलना होगा।

केंद्रीय वित्त सचिव की मंशा कहीं न कहीं यही होगी कि फ्रीबीज के कारण जो रेटपेयर्स की अर्थव्यवस्था में भागीदारी दिन-प्रतिदिन कम हो रही है उस पर ध्यान देना आवश्यक है। इसमें दो राय नहीं कि समाज की मुख्यधारा से वंचित लोगों को सहायता दी जाए पर यह नहीं होना चाहिए कि मुख्यधारा से वंचित के नाम पर आर्थिक दृष्टि से सक्षम लोगों या परिवारों को भी यह सुविधाएं दी जाए। इससे होता यह है कि जो आम करदाता है वह तो अपने आपको ठगा महसूस करता ही है, कहीं न कहीं समाज में गैप भी बढ़ता है। आर्थिक विकास में जो जनभागीदारी होनी चाहिए वह भी बाधित होती है। ऐसे में फ्रीबीज की राजनीति के बीच रेटपेयर्स की भागदारी को भी बढ़ाना होगा जिससे अर्थव्यवस्था का मल्टिपल विकास संभव हो सके। आज के लाभार्थियों को भी अर्थव्यवस्था के व्यापक हित में समझना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करे भारत

पवित्रता का अर्थ है शुद्धता, निर्मलता, और पवित्रता की अवस्था। यह किसी व्यक्ति, के विचार में मौजूद एक गुण या अवस्था है जो इसे विशेष रूप से पवित्र, शुद्ध या नैतिक रूप से सही बनाती है। पवित्रता का मतलब किसी चीज में 100 परसेंट वही हो जो दूध में होता हालांकि यह संभव नहीं होता है, लेकिन 99 प्रतिशत हो सकता है मेरी पवित्रता को परखने की कोशिश न करो नहीं तो नफरत की आग में जलना तय है उसे कुछ भी नहीं होगा, क्योंकि वो पवित्र है भगवान राम का सच्चा भक्त जो राग, द्वेष, काम, क्रोध लोभ से परे हो मन में यदि एक बार इससे नाता टूटा तो आपका जीवन बदल गया धर्म क्या है एक पवित्र गुण जैसे आग का गुण जलना पानी का गुण शीतलता प्रदान करना है।

आतंकवादी पूर्ण रूप से अपवित्र और क्रूर होता है जो 100 परसेंट अशुद्ध है जो अपनी गंदी हरकतों से डराता है, लेकिन आप भगवान राम को याद करें आपको डरने की जरूरत नहीं है। आपका मरना निश्चित है, लेकिन यदि डर गए, तो ऐसे भी मरेंगे सामना करना चाहिए और यदि उस परमात्मा का नाम लेकर मरे तो आपको वह पुन: नई जिंदगी दे देगा और मरने का भय नहीं होगा।


लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

दरअसल आप वहां जाने से पहले मिलावटी लोगों की बातों पर भरोसा कर लिया और वहां की सच्चाई जानने के लिए पता नहीं किया और यह परिणाम सामने आया लोग उस मुद्दे को कागजी शेर की तरह बस मंच पर ही गरज रहे हैं और जहां पाकिस्तान की गर्दन पकड़नी चाहिए वहीं आप पानी बंद कर, दुनिया में इसका ढिंढोरा पीट कर आप खुद ही असहाय हो गए, जहां फाइटर जेट भेजकर आतंकवादियों के गढ़ में घुसकर उन्हें मिट्टी में मिलाना चाहिए, वहां इन छोटी सी कार्यवाही से काम नहीं चलेगा कैसे इजराइल करता है। एक बहुत छोटा सा देश होकर चारों तरफ से आतंकवादी से घिरा है, लेकिन



हर मोर्चे पर किसी से न डरते हुए उसे सबक सीखा रहा है। भारत में जम्मू-कश्मीर की नई सरकार बनी है।

अत: उस पर नजर बनाए रखनी चाहिए, जिसे कभी 370 हटने पर होम अरेस्ट किया आज उनकी सरकार बनी तो निश्चित रूप से कभी वो आपका साथ नहीं देंगे, क्योंकि उनका ताल्लुक अलगवादी नेता से है वो चुप क्यों है क्या सुरक्षा के लिए उनकी जिम्मेदारी नहीं थी। जब तक दुश्मन को नहीं मारोगे तो अपने शहीद सैनिकों व नागरिकों के ताबूत इसी तरह आते रहेंगे कुछ ठोंककर उधर भी भेजवा दो तो मालूम होगा कि जान की क्या कीमत होती है, लेकिन केवल कागजी शेर की तरह बोलने से नहीं करके दिखना होगा चाहे इसके लिए कोई भी कीमत क्यों न चुकाना पड़े देश सर्वोपरि है, लेकिन आप को बार-बार की झंझट से छुटकारा मिलेगा और देश की प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी और लोगों में आपके प्रति विश्वास भी बढ़ेगा। आज यदि गुरु गोविंद सिंह होते तो अब तक तो लाशों के ढेर लगा देते और उसमें उनके भक्त शहीद भी होते, क्योंकि उनमें एक जज्बा था और इसलिए चमकौर के युद्ध में मुट्ठी भर सैनिकों से दुश्मन की लाखों की सेना को मात दे दी, इसलिए उनकी पूजा होती है, क्योंकि वो 100 परसेंट शुद्ध थे जो खालसा कहलाता है।

इसके लिए हर इंसान के पास एक कृपान तो दे दो गुरु गोविंद सिंह जी ने उस समय कृपान रखना जरूरी किया था जो आत्म रक्षा हेतु था आज भी इजराइल में आत्मरक्षा हेतु पिस्टल दिए जाते हैं उसका गलत इस्तेमाल कभी नहीं, बल्कि आत्मरक्षा हेतु मिलता है, भगवान श्री राम अपने जीवन में सभी संघर्ष के बाद भी जब राजा बने तो प्रजा के हित में माता सीता को भी छोड़ दिया नहीं तो उन पर परिवारवाद का आरोप लगता ईश्वर का साक्षात रूप होते हुए भी न तो उस पर कोई स्कालर की पढ़ाई है न लोग उसमें रुचि रख रहे हैं, इसी सब के कारण हम सब एक जुट नहीं हो रहे हैं।

भगवान राम के प्रेम में एक अलग आनंद मिलता है ध्यान करो साक्षात् मिलेंगे और एक साहस देंगें। अत: आज देश को जरूरत है अपने दम पर सैन्य कार्रवाई करने की, क्योंकि धर्म देखकर जिस तरह गंदा काम किया और यह पूर्ण रूप से पाकिस्तान का हाथ तो इनका सही इलाज करें देखें कैसे सब उगल देगा, क्योंकि इस घटना के कुछ दिन पूर्व ही पाकिस्तान के सेना प्रमुख का भारत को लेकर विवादित बयान सामने आया था हाथी के पूंछ पकड़ कर कुछ हासिल नहीं होगा उसका सूड़ पकड़ने की जरूरत है तभी आप शुद्ध नजर आएंगे और भारत माता का मस्तिष्क गर्व से ऊंचा होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**भारत** के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाक आतंकियों और उनके आकाओं पर प्रहार करने की सेना को खुली छूट दे दी है। हमले का तरीका, लक्ष्य और समय सेनाएं ही तय करेंगी। मोदी ने देश की तीनों सेनाओं की क्षमताओं पर विश्वास जताया है। यह जरूर स्पष्ट किया गया है कि आतंकवाद को करारा जवाब देना हमारा दृढ़ राष्ट्रीय संकल्प है। कश्मीर में ही उड़ी और पुलवामा आतंकी हमलों के बाद भी मोदी ने सेना को खुली छूट दी थी। हालांकि सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट हवाई हमले की अंतिम स्वीकृति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जरूर ली गई थी। मोदी ने बीते दो दिनों में दो बार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। उन बैठकों में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ भी मौजूद रहे, लेकिन निर्णायक बैठक में तीनों सेनाओं के प्रमुख भी मौजूद थे। जाहिर है कि प्रधानमंत्री के सामने संभावित हमलों के प्रारूप और रोडमैप रखे गए होंगे! इसी को लेकर सेना को स्वतंत्र छूट दी गई।

**बादल सिंह, बगली**

# कश्मीर में पहलगाम की गोलियां, धर्म पर नहीं, मानवता पर चली थीं

कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुआ आतंकी हमला सिर्फ एक गोलीबारी नहीं थी—यह एक ऐसा खौफनाक संदेश था जिसमें गोलियों ने धर्म की पहचान पूछकर चलना शुरू किया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो आतंकियों ने पहले पर्यटकों से उनका धर्म पूछा, फिर उन्हें जबरन कलमा पढ़ने के लिए कहा, और इंकार करने पर गोली मार दी। यह न केवल एक घृणित धार्मिक कट्टरता का प्रदर्शन था, बल्कि एक सुनियोजित राजनीतिक षड्यंत्र भी था, जिसका उद्देश्य कश्मीर में पुन: स्थापित होती शांति और विश्वास को तार-तार करना था।


लेखिका : प्रियंका सौरभ
कवयित्री, स्वतंत्र पत्रकार

**धर्म के नाम पर किया गया अमानवीय अपराध :** जब किसी को गोली मारने से पहले उसका धर्म पूछा जाता है, तो यह न केवल उस व्यक्ति की जान का अपमान है, बल्कि उस पूरे समाज का अपमान है जो 'सर्व धर्म समभाव' की बात करता है। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि आतंकियों ने पहले 'हिंदू' पहचान की पुष्टि की, फिर 'गोली' को धर्म की रेखा पर खड़ा कर दिया। इससे बड़ा पाखंड क्या होगा कि किसी भी धर्म की आड़ में आतंक फैलाया जाए, जबकि हर धर्म की जड़ में 'मानवता' बसती है। इस हमले ने यह साबित कर दिया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन आतंकवादी अक्सर धर्म को ढाल बनाकर उसे इस्तेमाल करते हैं। जबरन किसी से कलाम पढ़वाना और न मानने पर जान ले लेना, यह इस्लाम के मूल सिद्धांतों के भी खिलाफ है। पैगंबर मोहम्मद ने तो मक्का में भी अपने दुश्मनों को माफ किया था—यहां तो बेगुनाह पर्यटकों पर गोली चलाई गई।

**साजिश सिर्फ जान लेने की नहीं, छवि बिगाड़ने की भी :** यह हमला न केवल मानवता पर था, बल्कि भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि पर भी हमला था। पहलगाम, जो 'मिनी स्विट्जरलैंड' के नाम से जाना जाता है, वहां इस तरह की घटना का होना वैश्विक स्तर पर कश्मीर को फिर एक बार 'संवेदनशील और अस्थिर' क्षेत्र के रूप में प्रस्तुत करता है। पिछले कुछ वर्षों में कश्मीर में पर्यटन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई थी—लोगों ने धीरे-धीरे डर के माहौल से बाहर निकलना शुरू किया था। लेकिन यह हमला उस विश्वास को तोड़ने की कोशिश है। पर्यटकों की वापसी का मतलब था स्थानीय लोगों की आजीविका का पुनर्जन्म। कश्मीरी दुकानदार, टैक्सी चालक, होटल कर्मचारी—सभी इस बढ़ते पर्यटन पर निर्भर थे, लेकिन अब, एक बार फिर सैकड़ों पर्यटक कश्मीर छोड़ने लगे हैं।

**राजनीति की परछाई- इस हमले के असली मकसद :**'द रेजिस्टेंस फ्रंट' ( ,स्न), जो कि लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा संगठन माना जाता है, ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। सूत्रों का कहना है कि यह हमला पाकिस्तान से संचालित हो सकता है। यदि यह सच है, तो यह स्पष्ट संकेत है कि यह केवल एक धार्मिक हिंसा नहीं थी, बल्कि भारत की आंतरिक शांति को अस्थिर करने की अंतरराष्ट्रीय साजिश भी थी। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब भारत चुनावों की तैयारी में जुटा है।



**पीड़िता की आंखों से देखें—राजनीति नहीं, पीड़ा दिखती है :** इस हमले में मारे गए पर्यटक की पत्नी के बयान ने पूरे देश को हिला दिया—'मैंने उसे मरते देखा, लेकिन कुछ नहीं कर सकी।' यह वाक्य किसी भी भाषण या नारे से कहीं ज्यादा असरदार है। एक महिला की चीख, एक बच्चे का रोना, एक पर्यटक का डर—ये किसी चुनावी भाषण या न्यूज चैनल की बहस से नहीं मिटते। यह हमला न केवल गोली से मारे गए व्यक्ति का अंत था, बल्कि एक पूरे परिवार की स्थिरता का अंत था। यह उस महिला की नींद का अंत था, जो अब शायद जिंदगीभर अपने पति की लाश की छवि नहीं भूल पाएगी

**क्या भारत सरकार ने पर्याप्त कदम उठाए ?:** सरकार की ओर से इस हमले की निंदा की गई और सुरक्षा बलों को सतर्क किया गया, परंतु सवाल यह उठता है कि क्या निंदा पर्याप्त है ? क्या हम उस स्तर पर इंटेलिजेंस नेटवर्क खड़ा कर पाए हैं कि ऐसे हमलों को रोका जा सके ?

**कश्मीरी मुसलमानों की भी चुप्पी नहीं, चिंता दिखी :** यह ध्यान देने योग्य है कि कश्मीरी समाज के कई मुसलमानों ने इस घटना की खुलकर निंदा की। कुछ स्थानीय व्यापारियों ने पर्यटकों को सुरक्षित बाहर निकलने में मदद की। इससे स्पष्ट होता है कि आतंकवाद को समर्थन स्थानीय नहीं, बाहरी है।

यह हमला केवल एक पर्यटक की हत्या नहीं है, यह हमारी आत्मा पर हमला है। हमें इस चुप्पी को तोड़ना होगा। हमें न केवल आतंकी संगठन TRF से सवाल करना चाहिए, बल्कि उन शक्तियों से भी जो इन्हें पनाह देती हैं और उन राजनीतिक दलों से भी जो इस दुख का इस्तेमाल अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए करते हैं। पहलगाम की घाटियों में बहती नदियों का पानी अब पहले जैसा नहीं रहा—वहां अब एक सवाल तैरता है-'कब तक धर्म की पहचान मौत का पैमाना बनी रहेगी ?'

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# आदि शंकराचार्य ने चार मठों की स्थापना कर धर्म व संस्कृति को किया संरक्षित

हिंदू धर्म के महान दार्शनिक व आध्यात्मिक गुरु आदि शंकराचार्य से भला कौन परिचित नहीं,,,,, ? अद्वैत वेदांत दर्शन के प्रतिपादक व ब्रह्म ज्ञान के इस विद्वान का जन्म 788 ईस्वी के वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की पांचवीं वाले दिन( 8 वीं शताब्दी में) एक ब्राह्मण परिवार में, माता आर्याभा व पिता शिवगुरु भट्ट के यहां केरल के एक गांव कालड़ी में हुआ था, क्योंकि पिता शिव गुरु भगवान शिव के अनन्य भक्त थे और उन्हीं की आराधना के परिणाम स्वरूप ही बालक शंकराचार्य का जन्म हुआ था, लेकिन बालक के जन्म के तीन वर्ष पश्चात ही इनके पिता का देहांत हो गया था। बाद में इनकी माता को ही इनकी देख भाल करनी पड़ी थी। बालक शंकराचार्य जिनको बचपन में शंकर के नाम से पुकारा जाता था, बड़ी ही तीव्र बुद्धि रखते थे और इन्होंने अपनी 6 वर्ष की आयु में ही कई एक शास्त्रों का अध्ययन करके, प्रकांड पंडित बन गए थे। अध्यात्म में विशेष रुचि होने के कारण ही यह हमेशा विद्वानों, साधु संतों के साथ रहते और उनके साथ वाद विवाद में भी हमेशा आगे ही रहते थे। अभी यह आठ वर्ष के हुए ही थे कि इन्होंने संन्यास की बातें करनी शुरू कर दी थीं, लेकिन अकेली मां का एक ही अकेला सहारा होने के कारण, वह इसके लिए आज्ञा देने से आना कानी करती रहीं।


लेखक : डॉ. कमल के प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी


आदि शंकराचार्य जयंती पर विशेष

जिससे बालक आदि शंकराचार्य उदास रहने लगा। एक दिन दोनों मां बेटा नदी किनारे आपस में बाते कर रहे थे कि अचानक ही शंकराचार्य का पैर पानी के अंदर से मगरमच्छ ने पकड़ लिया, बालक शंकराचार्य के लिए यह अवसर था अपनी माता को मनाने का और वह तत्काल चिल्लाते हुए मां से कहने लगा, 'मां अब तो मगरमच्छ मुझे खा जाएगा, अच्छा होता जो आप मुझे संन्यास ही लेने देती,,,,,,,, !' मा ने स्थिति को देखते हुए आखिर कह ही दिया,' कोई बात नहीं मेरे लाल तू जैसा कहता है, कर लेना।' मां की जैसे ही उसे आज्ञा मिली वैसे ही वह मगरमच्छ भी शंकराचार्य के पैर को छोड़ कर पानी में ही लुप्त हो गया। इसी आलौकिक घटना के शीघ्र बाद ही बालक शंकराचार्य ने गुरु गोविंद नाथ से संन्यास प्राप्त कर लिया।

फिर कुछ दिन काशी में व्यतीत करने के पश्चात भारत भ्रमण के लिए निकल पड़ा और साथ साथ वैदिक धर्म का प्रचार भी करता रहा। शंकराचार्य के इसी भ्रमण से भारतीय संस्कृति व धर्म पर अमिट छाप पड़ी। इनका दर्शन जो कि अद्वैत वेदांत कहलाता है के अनुसार केवल ब्रह्म ही सत्य है और शेष सभी कुछ उसी की ही माया है। इनका कहना था कि मोक्ष प्राप्ति के लिए ज्ञान का होना जरूरी होता है और ज्ञान के लिए अंहकार व आसक्ति का त्याग अति आवश्यक होता है। शंकराचार्य ने ही देश के चारों कोनों पर मठों की स्थापना करके अपने धर्म व संस्कृति को संरक्षित कर दिया था। इन मठों में शामिल हैं-

1. उत्तर में ज्योतिषपीठ बद्रिकाश्रम, इसकी स्थापना युधिष्ठिर संवत 2641द्ध2645 में की गई थी।
2.पश्चिम में द्वारिका शारदा पीठ ,इसकी स्थापना युधिष्ठिर संवत 2648 में हुई थी।
3.पूर्व में जगन्नाथपुरी, गोवर्धन पीठ की स्थापना युधिष्ठिर संवत 2655 में हुई थीं।
4.दक्षिण में श्रृंगेरी पीठ की स्थापना युधिष्ठिर संवत 2648 में की गई थी।

देश में इन मठों का आज भी उतना ही धार्मिक महत्व है, जितना कि उस समय गुरु शंकराचार्य के समय था। आखिर विद्वान दार्शनिक,आध्यात्मिक गुरु ,शास्त्र टिप्पणीकार व चारों मठों के संस्थापक जगत गुरु शंकराचार्य 32 वर्ष की अल्प आयु में ही केदारनाथ में समाधि लेकर लीन हो गए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# टीबी मुक्त नौ पंचायतों को मिला सम्मान

**सुनील शर्मा, गोहर**



पंचायतों को टीबी मुक्त होने पर प्रतिनिधियों को सम्मानित करते हुए।

टीबी (क्षय रोग) के उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत ब्लॉक बगस्याड़ की 9 पंचायतों को टीबी मुक्त होने पर एसडीएम गोहर लक्ष्मण कनेट ने सम्मानित किया।

लक्ष्मण कनेट ने कहा कि बगस्याड़ ब्लॉक के अंतर्गत टीबी मुक्त अभियान के तहत कुल 9 पंचायतें क्षय रोग मुक्त हुई हैं जिनमें सेरी व नेहरा पंचायत को सिल्वर श्रेणी में, किलिंग, शिल्हणु, लोट, गवाड़, अनाह, खारसी, घरोट-मुसरानी सात पंचायतों को ब्रांज श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक पंचायत में समय-समय पर 1000 लोगों पर 30 टेस्ट किए जाते हैं और टेस्ट रिपोर्ट के आधार पर पंचायत को टीबी मुक्त श्रेणी में रखा जाता है।

इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश रोशन भारद्वाज ने टीबी संक्रमण व उसके इलाज पर विस्तृत जानकारी दी।

सभी पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वह अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को टीबी के संक्रमण व उसके इलाज पर विस्तृत जानकारी दें और किसी पंचायत में संभावित मरीज की पहचान हो जाती है तो आशा कार्यकर्ता के माध्यम से मरीज की जांच, मरीज दवा उपलब्ध कराने में मदद करें। इस अवसर पर नागरिक चिकित्सा अधिकारी गोहर रविंद्र ठाकुर व टीबी मुक्त पंचायत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# केंद्रीय विद्यालय में बिना अनुमति के किया उद्घाटन : रजत ठाकुर

**अनंत ज्ञान, मंडी।** धर्मपुर के विधायक ने स्कूल में बच्चों और स्टाफ को लेकर जबरदस्ती कार्यक्रम में आने को कहा है। जवाब में स्कूल ने स्टाफ व बच्चों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मना कर दिया। इस बात को लेकर विधायक अपनी धौंस दिखाने लगे। स्कूल स्टाफ ने विधायक को समझाने की कोशिश की, लेकिन विधायक ने एक नहीं सुनी। हैरानी की बात तब हुई जब विधायक चंद्रशेखर ने स्टाफ को राज्य सरकार के कर्मचारी कह डाला। इस पर भाजपा मीडिया सह प्रभारी व पूर्व में रहे भाजपा प्रत्याशी रजत ठाकुर ने कहा कि यह घटना बहुत निंदनीय है। हम इसकी निंदा करते हैं।

रजत ठाकुर ने कहा कि आपने किसकी परमिशन के साथ इस कार्यक्रम को करवाया। विधायक को साफ शब्दों में उत्तर दिया कि पहले आप केंद्रीय विद्यालय के बारे में कुछ जान लें उसके बाद ही इसके ऊपर टीका टिप्पणी करें। इतनी दूर से आए हुए अध्यापक गण और यहां आकर उनके साथ देने के बजाय उनको धमकाया जा रहा है, बहुत ही निंदनीय घटना है। लगता है विधायक के सिर के ऊपर सत्ता का नशा है ये नशा भी थोड़े दिनों में उतर जाएगा।

# खुले में कूड़ा फेंकने पर लगेगा जुर्माना

**कविता, पधर**




एसडीएम कार्यालय पधर में पंचायत डलाह को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता एसडीएम सुरजीत सिंह ने की। इस दौरान पंचायत के अंतर्गत ठोस और तरल कूड़े-कचरे के सुरक्षित निष्पादन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। स्थानीय बाजार में साफ-सफाई रखने और कूड़े-कचरे के निपटारे को लेकर दिशा-निर्देश जारी करने बारे भी योजना बनाई गई। इसके अलावा स्वच्छता शुल्क के साथ सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने बारे भी चर्चा की। एसडीएम ने कहा कि पधर में स्थानीय लोगों और ढाबा संचालकों द्वारा कई बार नालों और जंगलों सहित खुले में कूड़ा फेंका जाता है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता बनाए रखने के उद्देश्य से ढाबा मालिकों, स्थानीय दुकानदारों और जनता को निर्देश दिया है कि वे कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही डालें और इसका उचित निस्तारण सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि यदि कोई ढाबा संचालक या स्थानीय व्यक्ति खुले में कूड़ा फेंकता पाया जाता है, तो उस पर जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके अलावा कूड़ा प्रबंधन, जंगलों, सड़क किनारे और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा न फेंकने, कचरा निस्तारण व्यवस्था, कूड़ा एकत्र करने और उसे उचित स्थान पर पहुंचाने और जागरूकता अभियान के तहत स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के बारे में भी चर्चा की गई। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### मारपीट को लेकर क्रॉस एफआईआर दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना धनोटू में मारपीट को लेकर दो भाईयों ने एक दूसरे पर क्रास एफआईआर दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई एफआईआर में परस राम पुत्र लौंगू राम निवासी गांव पाटा डाकघर अपर बैहली तहसील सुंदरनगर ने कहा है कि उसके भाई मस्त राम व भतीजा नरेश अपनी नई बनाई हुई चारदीवारी को पानी देते समय उसकी क्यारी में आए और क्यारी को पैरों से और पानी से नुकसान करने लगे और उसके साथ और पत्नी सत्या देवी के साथ मारपीट की। जबकि मस्त राम ने थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में कहा कि जब वह अपने घर की चारदीवारी को बाहर की तरफ से पानी दे रहा था तब परस राम व उसकी पत्नी ने गाली-गलौज कर उसका रास्ता रोककर हाथ-मुक्कों से मारपीट करके जान से मारने की धमकी दी। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया दोनों पक्षों की ओर से एफआईआर दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है।

### आयुष मिस्टर और मिस फ्रेशर बनी दिवांशी

**विनोद जसवाल, नेरचौक।** ब्यास वयू मॉडल स्कूल बग्गी में हवन और नवागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस विशेष अवसर पर छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए और पूरे वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। फ्रेशर पार्टी के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं के आधार पर मिस्टर फ्रेशर का खिताब आयुष को तथा मिस फ्रेशर का खिताब दिवांशी को प्रदान किया गया। वहीं, मिस्टर पर्सनेलिटी के रूप में रुद्राक्ष और मिस पर्सनेलिटी के रूप में तनिका को चुना गया। इस समारोह में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मिस्टर नरेंद्र वालिया, प्रधानाचार्य कुसुम नेगी, उप प्रधानाचार्य विजय सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### वॉलीबॉल, खो-खो और बैडमिंटन में जोगिंद्रनगर की जीत



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) की जिला स्तरीय महिला वर्ग की चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन जोगिंद्रनगर की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए वॉलीबॉल, खो-खो और बैडमिंटन में शानदार जीत दर्ज की। इन मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अपनी ताकत झोंकते हुए दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। प्राचार्या इंजीनियर नवीन कुमारी ने जानकारी दी कि मंडी जिला के 12 आईटीआई संस्थानों बगस्याड़, चच्योट, डैहर, कोटली, मंडी ग्रेड ए, मंडी ग्रेड डब्ल्यू, निहरी, पधर, पपलोग, सुंदरनगर, थलोट और मेजबान जोगिंद्रनगर के कुल 340 प्रशिक्षु खिलाड़ी खेलों में भाग ले रहे हैं।

### आंगनबाड़ी केंद्र सलवाहन में बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** बाल विकास परियोजना सदर मंडी के वृत्त सलवाहन के आंगनवाड़ी केंद्र सलवाहन-2 में एएलएमएससी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए पर्यवेक्षक संदीप चौहान ने बैठक में उपस्थित महिलाओं को सामुदायिक आधारित कार्यक्रम के तहत सुपोषण दिवस पर जानकारी दी। तथा एएल एमएससी की रूपरेखा से भी अवगत कराया। उन्होंने इस दौरान छोटे बच्चों का पोषण स्तर कैसे सुधारा जाए इसके ऊपर विचार रखें तथा पोषण कैलकुलेटर की प्रतिभागियों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के द्वारा बीपीएल परिवार में बेटी की शादी के लिए मुख्यमंत्री शगुन योजना तथा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को अनुदान दिया जाता है। उन्होंने बाल विवाह निषेध अधिनियम की जानकारी देते हुए घरेलू हिंसा अधिनियम की भी जानकारी दी। इस अवसर पर जमना, विमला, निर्मला, कौशल्या, शिवानी, इंद्रा, रेखा, गीता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ज्योति तथा शिवांगी व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय मैराथन में मंडी ने मारी बाजी



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** मंडी जिला स्तरीय मैराथन प्रतियोगिता में आईटीआई मंडी की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। वीरवार सुबह आईटीआई जोगिंद्रनगर परिसर से शुरू हुई इस मैराथन में जिले की 12 आईटीआई की 200 से अधिक खिलाड़ी छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता की शुरुआत कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर की। आईटीआई मंडी की छात्राओं ने न केवल पहला, बल्कि दूसरा और तीसरा स्थान भी हासिल कर अपनी ताकत का लोहा मनवाया। इस अवसर पर पुलिस थाना जोगिंद्रनगर प्रभारी सकीनी कपूर, आईटीआई जोगिंद्रनगर की प्राचार्या इंजीनियर नवीन कुमारी, मास्टर एथलीट अमर सिंह खनोडिया, खेल प्रशिक्षक और स्थानीय गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। मुख्यातिथि जीवन ठाकुर ने कहा, 'युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए ऐसे आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं।

## मजदूर विरोधी कानूनों को लेकर मजदूरों ने किया प्रदर्शन, कहा–

# आठ की जगह 12 घंटे की शिफ्ट का फैसला नहीं मंजूर




मजदूर दिवस पर काले कानूनों पर विरोध प्रदर्शन करते हुए मजदूर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**20 को होगी देशभर में हड़ताल**

सीटू, रेहड़ी-फहड़ी और वर्कर यूनियन ने सेरी मंच पर अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया। मजदूर दिवस को हर वर्ष मजदूर अपनी मांगों और सरकार विरोधी निर्णय के खिलाफ संघर्ष के दिन के रूप में मनाया जाता है। देश की सरकार आज मजदूर वर्ग पर जन विरोधी फैसले लगातार ले रही है। इन्हीं फैसलों के तहत चार मजदूर कानूनों को मजदूरों के ऊपर थोपना और उन्हें बंधुआ मजदूर बनाने की तरफ धकेलना चाहती है। मजदूरों ने लड़कर काम के घंटे सुनिश्चित करवाए थे, मगर मोदी सरकार और उनके मित्र पूंजीपति काम के घंटों में बदलाव करने पर जोर दे रहे हैं। मजदूरों को अब 8 घंटे की जगह 12 घंटे की शिफ्ट करनी पड़ेगी, जो उन्हें मंजूर नहीं है, इसके साथ ही मजदूरों के यूनियन बनाने के अधिकार को भी खत्म करने जा रही है, जो गलत है। यह मजदूरों के अधिकारों के साथ धोखा करने वाले फैसले हैं। मजदूर दिवस के दिन शिकागो के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मजदूरों के अपने संघर्ष को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा प्रदान करता है और अपने अधिकारों की लड़ाई को और तेज करने के लिए एकजुट होने की भी जरूरत है।

सरकार द्वारा मजदूर विरोधी निर्णयों के खिलाफ 20 मई को पूरे देश में संयुक्त ट्रेंड के आह्वान पर हड़ताल की जा रही है। तमाम मजदूर चाहे वह हाइडल प्रोजेक्ट्स, फोरलेन, आंगनबाड़ी, मिड-डे मील, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव, रेहड़ी-फहड़ी, आशा वर्कर और असंगठित क्षेत्र का मजदूर भी इस हड़ताल में शामिल होगा और सरकार की जन विरोधी नीतियों का डटकर विरोध करेगा। आज के इस कार्यक्रम में सीटू जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह, जिला महासचिव राजेश शर्मा आदि ने हिस्सा लिया।

# मकड़ैना गांव में 15 दिन में दूसरी चोरी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल जोगिंद्रनगर की निचला गरोड़ू पंचायत के मकड़ैना गांव में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। गांव के एक ही घर में महज 15 दिन के भीतर दूसरी बार चोरी की वारदात सामने आई है। चंडीगढ़ निवासी अमित कुमार के मकान को चोरों ने फिर निशाना बनाया है।

जानकारी के अनुसार अमित कुमार हाल ही में ढेलू में एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। इस दौरान जब वे अपने मकड़ैना स्थित घर पहुंचे तो देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा है और लगभग 15 हजार रुपए की नकदी गायब है। अमित ने बताया कि करीब दो हफ्ते पहले भी उनके घर से दो लाख रुपए के आसपास की चोरी हो चुकी है, लेकिन उस मामले में भी पुलिस अब तक खाली हाथ ही है।

घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी सकीनी कपूर पुलिस टीम सहित मौके पर पहुंचीं और जांच शुरू कर दी गई। पुलिस ने घर का जायजा लिया और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। लगातार हो रही चोरियों से स्थानीय लोग सहमे हुए हैं और उन्होंने पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए लगेंगे शिविर : कनेट

**अनंत ज्ञान, गोहर**

- एसडीएम की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित
- आय स्रोतों को बढ़ाने पर अधिकारियों से की चर्चा

नागरिक चिकित्सालय गोहर के अंतर्गत रोगी कल्याण समिति की बैठक एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में आज यहां आयोजित की गई।

बैठक में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा गत वर्ष के वितीय खर्चों व वर्ष 2025-26 के लिए वित्तीय व्यय की समीक्षा की गई। एसडीएम ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए शिविरों का आयोजन किया जाए, ताकि सभी लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें।

इन शिविरों में चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की जांच करने को भी कहा। बैठक में बताया गया कि नागरिक चिकित्सालय गोहर में गत वर्ष आरकेएस के तहत 11 लाख 40 हजार रुपए के वित्तीय खर्च हुए। इस वर्ष 2025-26 के लिए 18 लाख 90 हजार रुपए वित्तीय खर्चों की कार्य सूची तैयार की गई है। इसके अंतर्गत लोगों को सभी प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने जैसे लैब ब्लड टेस्ट, एक्स-रे, लोगों के स्वास्थ्य जांच पर प्रयोग की जाने वाली मशीनरी, गर्भवती महिलाओं को प्रसव के अंतर्गत दी जाने वाली सुविधाएं व नागरिक चिकित्सालय भवन की मरम्मत, सेनेटरी मैटेरियल, सर्जरी उपकरण, एडमिट मरीजों को दी जाने वाली अन्य सुविधाओं पर व्यय शामिल हैं।

नागरिक चिकित्सालय गोहर के अंतर्गत आरकेएस के आय स्त्रोतों को बढ़ाने पर भी विस्तृत चर्चा की गई। चिकित्सालय में सरकारी लैब के अंतर्गत किए जा रहे सभी प्रकार के निःशुल्क ब्लड टेस्ट व अन्य प्रकार की सभी स्वास्थ्य सुविधाएं लोगों को उपलब्ध करवाने पर भी चर्चा की गई।

बैठक में मंडी जिला के जिला परिषद उपाध्यक्ष मुकेश चंदेल, खंड विकास अधिकारी सरबन कुमार, चिकित्सा अधिकारी गोहर डॉ. रविंद्र, तहसील कल्याण अधिकारी दिवाकर सिंह व अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चौंतड़ा में नशे के खिलाफ गरजे भाजपाई

**अनंत ज्ञान, मंडी।** भाजपा ने नशे के खिलाफ वीरवार को चौंतड़ा में रैली निकाली।

रैली के माध्यम से नशे के खिलाफ आवाज बुलंद की। विधायक प्रकाश राणा ने शादी समारोह में नशाबंदी पर शगुन के तौर पर 11 हजार देने का ऐलान किया। रैली के बाद एसडीएम मनीश के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर नशे के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई अमल में लाने का आग्रह किया। विधायक प्रकाश राणा ने कहा कि वर्तमान समय में नशे की लत युवाओं में बड़ी तेजी से फैलती जा रही है।

# पुलिस ने 20 ग्राम चिट्टे सहित राजस्थान के दो आरोपी किए काबू

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

जिला मंडी पुलिस की एसआईयू टीम ने सुंदरनगर में पैदल जा रहे दो व्यक्तियों को 20 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई के लिए धनोटू थाना के हवाले कर दिया गया है। जानकारी अनुसार एसआईयू टीम को सूचना मिली कि दो व्यक्ति चिट्टे की खेप के साथ मंडी की ओर जा रहे हैं।

इस दौरान पुलिस को जांच के दौरान उनसे चिट्टा बरामद हुआ। इसका वजन करने पर 20 ग्राम पाया गया। टीम ने आरोपी गौरव कुमार पुत्र लीला राम और लोकेश कुमार पुत्र हीराराम निवासी गांव व डाकघर भंडारी तहसील सिकराई जिला दौसा राजस्थान को गिरफ्तार कर लिया।

बुधवार शाम को सुंदरनगर स्थित न्यायालय ने आरोपियों को पेश किया गया। जहां पुलिस की मांग पर न्यायालय ने आरोपियों को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया दोनों आरोपियों से रिमांड के दौरान नशे की खेप को लेकर जानकारी जुटाई जाएगी।

# डॉक्टरों की कमी से मरीज बेहाल

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**



- विशेष चिकित्सकों के पद खाली

सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर में डॉक्टरों की भारी कमी ने मरीजों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। वीरवार को अस्पताल की ओपीडी में केवल तीन डॉक्टर मरीजों को देख रहे थे, जबकि रोजाना सैकड़ों की संख्या में लोग इलाज के लिए अस्पताल पहुंचते हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की यह बदतर स्थिति आमजन के लिए चिंता का विषय बन चुकी है।

अस्पताल में ऑर्थोपेडिक (हड्डी रोग विशेषज्ञ), ईएनटी (नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ), नेत्र रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ और मेडिसिन विशेषज्ञ जैसे महत्वपूर्ण पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं। स्थानीय निवासी रमेश ठाकुर का कहना है, 'मेरे पिता को आंखों की गंभीर समस्या है, लेकिन अस्पताल में नेत्र रोग विशेषज्ञ न होने के कारण हमें मंडी ले जाना पड़ा। वहीं अस्पताल प्रशासन भी संसाधनों की कमी को लेकर चिंतित है। तीन डॉक्टरों के भरोसे ओपीडी चल रही है, जहां रोजाना 300 मरीज आते हैं। इस स्थिति में गुणवत्तापूर्ण इलाज देना कठिन हो जाता है।(अनंत ज्ञान)

### लोगों को मिले स्वास्थ्य सेवाएं

**विधायक** प्रकाश राणा ने इस मुद्दे को विधानसभा में भी उठाया था, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। लोगों ने सरकार से मांग की है कि जल्द अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की जाए ताकि आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

# सजाओपिपलू में 12 मई को होगा एफपीओ धर्मपुर का जनरल हाउस

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

किसान उत्पादक संघ धर्मपुर-एफपीओ का वार्षिक जनरल हाउस 12 मई को अंबेडकर भवन सजाओपिपलू में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें गत वित्त वर्ष के कार्यों व वित्तीय स्थिति की रिपोर्ट पर चर्चा की जाएगी और इस वर्ष की योजना तैयार की जाएगी।

एफपीओ वर्किंग कमेटी के अध्यक्ष सत्तपाल सिंह चौहान ने बताया कि सदस्यता अभियान के तहत अप्रैल में सबसे ज्यादा 30 शेयरहोल्डर्स को 90 शेयर बिक्री करने में एफपीओ के सचिव भूपेंद्र सिंह ने सराहनीय उपलब्धि हासिल की है। उसके बाद संधोल क्षेत्रीय टीम जिसमें एमएल भरमौरिया, डीआर भरमौरिया, मॉन सिंह सकलानी, तारा चंद व सकीना ठाकुर इत्यादि शामिल हैं ने 50 सदस्य बनाए हैं। एफपीओ ने छह प्रोसेसिंग सेंटर सकोह, घरवासड़ा, तनियार, बरोटी, जोढन, संधोल में रजिस्टर्ड कर लिए हैं और दो इस साल बिंगा और बसंतपुर में दो सेंटर और स्थापित करने की योजना है और समौड़ में वर्मीकम्पोस्ट केंचुआ खाद बनाने का सेंटर पंजीकृत किया जा रहा है। चौहान ने बताया कि आम, हल्दी और अन्य फलों के उत्पाद बनाने को प्राथमिकता दी जाएगी।

# कुथाह मेले में पहली बार होगी छिंज

**अनंत ज्ञान, थुनाग ( मंडी )**

जिलास्तरीय कुथाह मेले में बॉलीबॉल, कबड्डी के अलावा पहली बार छिंज का भी आयोजन होगा। रस्साकशी, मटका फोड़ जैसी प्रतियोगिताएं भी आकर्षण का केंद्र होंगी। पांच सांस्कृतिक संध्याओं में लोक गायक धमाल मचाएंगे। महिला मंडल, युवक मंडल, स्कूल और कॉलेज के सांस्कृतिक दल अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे।

मंडी जिले के जंजैहली क्षेत्र में 22 से 31 मई तक जिला स्तरीय कुथाह मेला आयोजित किया जाएगा। इस बार मेले में मैदान ठेके पर नहीं दिया जाएगा। प्रशासन स्वयं एक-एक प्लाट बेचेगा, जिससे छोटे व्यापारियों को कम किराए में दुकानें मिलेंगी। व्यापारियों को 5 जून तक मैदान खाली करना होगा। कुथाह मेला गुच्छी के कारोबार के लिए प्रसिद्ध है और स्थानीय देवता महादेव तुंगासी और देवी महामाया इसकी शोभा बढ़ाएंगे।

मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने कवायद शुरू कर दी है। एसडीएम थुनाग लक्ष्मण कनेट की अध्यक्षता में सभी विभागों और पंचायत सदस्यों के साथ बैठक हुई। इसमें मेले की रूपरेखा और समितियों के गठन पर चर्चा की गई। एसडीएम लक्ष्मण कनेट ने बताया कि मेले की विस्तृत रूपरेखा जल्द तैयार की जाएगी।

### मुख्यमंत्री को किया जा रहा आमंत्रित

**मेले** के समापन समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को मुख्यातिथि के रूप में आमंत्रित किया जा रहा है। इस दौरान जंजैहली क्षेत्र में 90 करोड़ रुपए की विभिन्न योजनाएं उद्घाटन के लिए तैयार हैं। इनमें सड़कें, जंजैहली बस अड्डा और लघु सचिवालय भवन प्रमुख हैं। मुख्यमंत्री इन योजनाओं का उद्घाटन कर सकते हैं।

# अंधड़ और बारिश से फसलों को नुकसान

**भीम बसेड़ू, महादेव।** गुरुवार को गेहूं की पकी फसल के कार्य के चलते मंडी जिला के एक बड़े भाग में उस वक्त व्यवधान पड़ा जब अचानक ही अंधड़ और बारिश का मौसम बन गया।

हालांकि अभी कुछ हद तक ही कार्य आरंभ हुआ है। पहले ही आवारा पशुओं से किसानों को अब बिगड़े मौसम के मिजाज ने ऐसे ऐन मौके पर चिंता में डाल दिया है जब वह बची- खुची अपनी फसल को इकट्ठा कर रहा था। रबी की फसल इस तरह भीगता देख अन्न रक्षक यानि किसान वर्ग कितना दुख झेल रहा है सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

## कृषि

## मेहनत और कृषि विभाग के सहयोग एवं परामर्श ने साधा लक्ष्य

# बेमौसमी सब्जियां उगाकर बदली तकदीर

**रूपी ठाकुर, बरोट**

दुर्गम क्षेत्र भंगाल के लोगों ने गत लगभग पंद्रह वर्षों से बेमौसमी सब्जियां उगाकर अपनी तकदीर बदल डाली है। जानकारी अनुसार छोटाभंगाल क्षेत्र में लगभग 2700 हेक्टेयर भूमि ही कृषि योग्य है।

सरकार की सहायता किसानों की मेहनत और कृषि विभाग के सहयोग एवं परामर्श से सभी प्राकृतिक संसाधनों के प्रयोग से यहां बेमौसमी सब्जियों के उत्पादन में बेहतरीन कार्य हुआ है। परंपरागत खेतीबाड़ी से 4 से 5 हजार रुपए प्रति कनाल कमाने वाले यहां के किसान बेमौसमी सब्जी का उत्पादन कर 20 से 25 हजार रुपए प्रति कनाल तक कमा रहे हैं। इस क्षेत्र के किसानों ने अपनी परंपरागत खेतीबाड़ी से हटकर नकदी और बेमौसमी सब्जी का उत्पादन कर आर्थिकी को मजबूत किया है। यहां लगभग 700 हेक्टेयर क्षेत्र में बंद गोभी, फूल गोभी, ब्रोकली, मूली और धनिया का उत्पादन हो रहा है। इस छोटी सी घाटी में लगभग 7000 टन बेमौसमी सब्जियों का उत्पादन हो रहा है, जिससे घाटी के किसानों को लगभग 11 करोड़ की आय प्राप्त हो रही है। किसान अपने उत्पाद सीधे प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में अच्छे भाव पर बेच रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### आर्थिकी को सुदृढ़ करने के प्रयास

**बैजनाथ** में स्थित कृषि विभाग की एस एमएस रेणू शर्मा ने बताया कि यहां के किसानों को प्रति वर्ष ही आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने का प्रयास किया जा रहा और कृषि विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ एवं जानकारी किसानों को दी जा रही है। यहां नाबार्ड की सहायता से 2 करोड़ से एकीकृत जलागम परियोजना के तहत ग्राम पंचायत कोठी कोहड़, बड़ा ग्रां, घरमान, मुल्थान और लुआई, स्वाड़, पोलिंग आदि में स्प्रींकलर सिंचाई सुविधा आरंभ की गई है।

### मिल रहा प्रशिक्षण

**रेणू** शर्मा ने बताया कि विभाग समय-समय पर किसानों के लिए प्रशिक्षण एवं कृषि भ्रमण कार्यक्रमों का आयोजन करता है। यहां के किसानों को बंद एवं फूल गोभी की पनीरी उगाने के लिए 80 प्रतिशत अनुदान दिया गया है। इसके अलावा आतमा परियोजना के तहत महिलाओं को भी सब्जी उत्पादन के लिए प्रेरित करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है और महिलाओं के कृषक समूह बनाकर यहां की महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

# डीएवी स्कूल जोगिंद्रनगर में मनाया श्रमिक दिवस

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**




अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाने के दौरान मौजूद बच्चे व साथ हैं अन्य।

डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने सभी को शुभकामनाएं दीं और श्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रम दिवस हमें समाज में श्रमिकों के अमूल्य योगदान को समझने और सम्मानित करने का अवसर प्रदान करता है।

इस विशेष दिन पर विद्यालय में पहली से चौथी कक्षा के छात्रों द्वारा विभिन्न पेशेवर भूमिकाओं का रोल-प्ले प्रस्तुत किया गया, जिसमें डॉक्टर, नर्स, शिक्षक, पुलिस अधिकारी जैसे किरदारों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। छात्रों ने अपने पसंदीदा पेशे से संबंधित परिधानों में सजकर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने छात्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों को श्रम के प्रति सम्मान और कड़ी मेहनत के मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देते हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को श्रमिकों के योगदान के प्रति जागरूक करना और उनमें श्रम के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों की प्रस्तुति और प्रधानाचार्य के प्रेरणादायक संदेश के साथ हुआ।

# सेवानिवृत्ति पर खाली हाथ घर लौटी कार्यकर्ता : भावना

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** महिला एवं बाल विकास परियोजना के तहत आंगनबाड़ी सर्कल चोलथरा के आंगनबाड़ी केंद्र सरौन से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उर्मिला 27 वर्ष आंगनबाड़ी केंद्र में सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्ति हुई। सेवानिवृत्ति के मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने उर्मिला ठाकुर को उपहार देकर विदा किया।

उर्मिला ठाकुर इस क्षेत्र की पहली महिला है जिन्होंने 27 साल पूर्व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में इस क्षेत्र में अपनी नियुक्ति ली थी। लेकिन विडंबना यह है कि लंबे समय तक इस परियोजना में सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्ति पर बिना किसी विभागीय लाभ खाली हाथ घर लौटना पड़ा। संघ की जिला प्रधान भावना राणा ने कहा कि यह सरकार की कैसी व्यवस्था है जिसमें कार्यकर्ताओं को लंबी सेवाएं देने के बाद बेरंग लिफाफे की तरह घर लौटना पड़ रहा है। उन्होंने संघ के माध्यम से सरकार से मांग की है कि कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को उनकी आजीविका को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक कार्रवाई अमल में लाई जनी चाहिए। इस अवसर पर आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका शीला देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चंपा आदि मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री सुक्खू के फैसले का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश साइंस मास्टर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष चंद्र केश धीमान ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से कुछ दिनों पहले ही सेवानिवृत्ति के वक्त मिलने वाली कम्युटेशन राशि को बंद न करने का आग्रह किया था, इसलिए आज हिमाचल प्रदेश साइंस मास्टर एसोसिएशन उस बयान का स्वागत और धन्यवाद करता है , जिसमें उन्होंने कहा है कि कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के उपरांत मिलने वाली कम्युटेशन राशि को बंद नहीं करेगी। सरकार से आशा व्यक्त की है कि जल्द ही प्रदेश के मुख्यमंत्री सभी समस्याओं का समाधान करेंगे। हिमाचल प्रदेश साइंस मास्टर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष चंद्र केश धीमान, महा सचिव भीम सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष यशपाल, वित्त सचिव संजीव कुमार कार्यालय सचिव राकेश चौहान सलाहकार हरीश गुप्ता, अमित गुप्ता, ओम प्रकाश , विमान सोहल, उपप्रधान निशिकांत शर्मा और समस्त जिला प्रधान ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह सराहनीय कदम है।

### इंदू वाला का उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान



**अनंत ज्ञान, ऊना।** इंदू वाला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में 41 साल सेवाएं प्रदान करने के उपरांत बुधवार को सेवानिवृत्त हुईं। वर्तमान में वह मुख्य चिकित्सा अधिकारी ऊना के कार्यालय में वरिष्ठ सहायक के पर तैनात थीं। कांगड़ा जिले से सम्बन्ध रखने वाली इंदू ने लगभग 40 वर्ष की सेवाएं केवल ऊना जिले को दीं। स्वास्थ्य विभाग में सेवाएं देने के साथ-साथ इंदू राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की जिला इकाई में भी विभिन्न पदों पर रहीं।

### चिंतपूर्णी में सीवरेज की पाइप लीक

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी में मंदिर लिफ्ट के नजदीक एक प्रसाद की दुकान के आगे सीवरेज की पाइप टूट गई है, जिससे सीवरेज का गंदा पानी दुकान के आगे बह रहा है। इस पाइप को टूटे तीन-चार दिन हो गए हैं, लेकिन अभी तक सीवरेज की पाइप को ठीक नहीं किया गया है। दुकानदार ने बताया कि इस टूटी हुई पाइप से दुकान के आगे सारा दिन बदबू रहती है और दुकान में बैठना मुश्किल हो गया है। दुकानदार ने डीसी और एसडीएम से इस टूटी हुई पाइप को शीघ्र ठीक करवाने की मांग की है। उसने बताया कि इस समस्या के कारण उनकी दुकान की बिक्री पर भी असर पड़ रहा है। ग्राहक दुकान में आने से कतराते हैं और दुकान के आगे की बदबू से परेशान हो जाते हैं। दुकानदार ने प्रशासन से मांग की है कि इस टूटी हुई पाइप को शीघ्र ठीक करवाया जाए, ताकि दुकान के आगे की स्थिति में सुधार हो सके।

### छात्रों की संख्या बढ़ाने को टैक्सी सेवा की शुरू



**अनंत ज्ञान, ऊना।** पहली मई से राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला ढककी द्वारा अपने विद्यालय में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए अपने ही प्रयत्नों से टैक्सी सेवा शुरू कर दी है। प्राथमिक विद्यालय के मुख्य अध्यापक और सभी अध्यापकों तथा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य और अध्यापकों के योगदान से यह कार्य संभव हो पाया है। पिछले महीने प्राथमिक पाठशाला के अध्यापकों ने संख्या को बढ़ाने के लिए खूब पसीना बहाया और आसपास के बच्चों को सरकारी स्कूल में मिलने वाली सुविधाओं से अवगत कराया तथा उसके अलावा भी उनकी हर आवश्यकता को पूरी करने का आश्वासन देकर तथा लाने और ले जाने के लिए टैक्सी सेवा का भी शुभारंभ प्रधानाचार्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढककी के कर कमलों से करवाया गया। उन्होंने हरी झंडी देकर छुट्टी के समय टैक्सी को रवाना करने की रसम निभाई। उन्होंने बताया कि उम्मीद है की टैक्सी लगने से बच्चों की संख्या और भी बढ़ेगी तथा लोगों का रुझान सरकारी स्कूल की तरफ अवश्य बढ़ेगा। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को सरकारी स्कूल में दाखिल करने की जोरदार अपील भी की।

# ठेकेदार भुगतान न होने पर करेंगे सरकारी कार्यों का बहिष्कार

## सरकार ने 30 अप्रैल तक दिया था भुगतान का आश्वासन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

लंबित बिलों का भुगतान न होने से ऊना के सरकारी ठेकेदारों ने सरकारी कार्यों के बहिष्कार जारी रखने का फैसला किया है। सरकार ने 30 अप्रैल तक बकाया भुगतान जारी करने का आश्वासन दिया था, लेकिन ठेकेदारों के हाथ मायूसी ही लगी है।

बता दें कि प्रदेश सरकार ने ठेकेदारों को 30 अप्रैल तक उनके लंबित बिलों का भुगतान करने का आश्वासन दिया था, लेकिन एक माह तक भी ठेकेदारों को कोई भुगतान नहीं हो पाया। ऐसे में सरकारी ठेकेदारों में सरकार के खिलाफ रोष देखने को मिल रहा है। वीरवार को जिला ऊना कांट्रैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान अशोक कुमार की अध्यक्षता में सर्किट हाऊस में बैठक कर आगामी रणनीति बनाई गई। इसमें ठेकेदारों से भी सुझाव लिए गए। एसोसिएशन के प्रधान अशोक कुमार, सुभाष चंद अमन

**किस्तों को चुकाना हुआ मुश्किल, दुकानदारों ने उन्हें राशन देने से किया मना**

कुमार, संत कुमार, राजीव कुमार मनन, राजेश मोदगिल, करनैल सिंह, विकास शर्मा व अन्य ठेकेदारों ने कहा कि सरकार ने उन्हें 30 अप्रैल तक लंबित बिल क्लीयर करने का आश्वासन दिया था, लेकिन उन्हें कोई पैसा नहीं मिला है।

उन्होंने करोड़ों रुपए के काम पूरे कर दिए हैं। इनका लंबे समय से भुगतान नहीं हो पा रहा है। ठेकेदारों ने कहा कि अब उन्हें वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकारी काम पूरा करने के लिए क्रशरों से मैटीरियल उठाया था। हार्डवेयर की दुकानों से सरियाए सीमेंट व पेट्रोल पंपों पर उधार किया था। अब क्रशर ए दुकानदार व पेट्रोल पंप संचालक उन्हें पैसे देने के लिए तंग कर रहे है। यही नहीं उन्होंने उक्त कामों के लिए बैंकों से लोन लिया है। उन्हें अब बैंकों की किस्तें निकालना भी मुश्किल हो गया है। ठेकेदारों ने कहा कि पैसों की तंगी के कारण उन्हें अपने परिवारों का पालन पोषण करना भी मुश्किल हो गया है। लंबे समय से दुकानदारों का हिसाब चुकता न कर पाने के कारण अब दुकानदारों ने उन्हें राशन तक देना बंद कर दिया।

कई ठेकेदारों को तो अपने बच्चों के स्कूल की फीस जमा करना भी मुश्किल हो गया है। प्रदेशभर के ठेकेदारों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किए थे, जिस पर सरकार ने 30 अप्रैल तक सभी ठेकेदारों के लंबित बिल अदा करने का वादा किया लेकिन ऊना के ठेकेदारों को कोई पैसा नहीं मिला है। ठेकेदारों ने कहा कि जब तक उनके पेंडिंग बिल क्लीयर नहीं किए जाते, तब तक वह सरकारी काम नहीं करेंगे।

## इंवेस्टिचर सैरेमनी का उत्साहपूर्वक आयोजन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** एसएसआरवीएम विद्यालय में वीरवार को इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एएसपी ऊना सुरेंद्र शर्मा जी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे वातावरण में उमंग और उल्लास भर गया। इस अवसर पर दुर्गा सदन, लॉर्ड कृष्णा सदन, मां लक्ष्मी सदन एवं लॉर्ड शिवा सदन के कैप्टन और वाइस कैप्टन, साथ ही विद्यालय के हैड ब्वॉय, हेड गर्ल, स्पोर्ट्स हेड, कल्चरल हेड और डिसिप्लिन हेड का औपचारिक रूप से चयन किया गया।

विद्यार्थियों ने मार्चपास्ट के माध्यम से मुख्यातिथि को सलामी दी। मुख्य अतिथि, विद्यालय के चेयरमैन सतीश कुमार शर्मा, प्रबंध निदेशक सुमेश कुमार शर्मा, प्रबंधक साक्षी, प्रधानाचार्य बृजबाला एवं शिक्षा प्रमुख द्वारा नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को सेशे प्रदान किए गए और उन्हें कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और अनुशासन के साथ अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई।

# एलपीजी बॉटलिंग प्लांट के समीप खेतों में आग जलाने पर लगा प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान, ऊना**



ऊना जिले के रायपुर सहोड़ा, मैहतपुर स्थित इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) एलपीजी बॉटलिंग प्लांट की सीमा दीवार से 60 मीटर की परिधि के भीतर पराली जलाने तथा किसी भी प्रकार की खुली आग जलाने से संबंधित गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। यह आदेश जिला दंडाधिकारी ऊना जतिन लाल द्वारा आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 33 एवं 34 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जन सुरक्षा एवं संभावित आपदा की रोकथाम के दृष्टिगत जारी किए गए हैं।

डीसी ने बताया कि आईओसीएल का यह एलपीजी बॉटलिंग प्लांट एक अत्यंत महत्वपूर्ण सार्वजनिक सुविधा है, जहां बल्क एलपीजी का भंडारण एवं घरेलू उपयोग हेतु एलपीजी सिलेंडरों में भराई की जाती है। यह प्लांट हिमाचल प्रदेश एवं पंजाब के कुछ क्षेत्रों की घरेलू एलपीजी आवश्यकताओं की पूर्ति करता है तथा इसमें लगभग 900 मीट्रिक टन अत्यधिक ज्वलनशील एलपीजी का भंडारण किया जाता है। उन्होंने कहा कि एलपीजी अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ है और प्लांट के निकट पराली या अन्य किसी प्रकार की खुली आग जलाने से आगजनी एवं विस्फोट का गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है, जिससे जनजीवन, सार्वजनिक संपत्ति एवं पर्यावरण को भारी क्षति पहुंचने की आशंका रहती है।

उपायुक्त ने संबंधित उपमंडल दंडाधिकारी, तहसीलदार, पुलिस तथा स्थानीय पंचायत अधिकारियों को आदेशों की कड़ाई से अनुपालना सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, इन आदेशों की अवहेलना करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धाराओं 51 से 60 के अंतर्गत नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# खडोल-तलमेहड़ा-ऊना बस के 3 दिन से नहीं आने से लोग, विद्यार्थी परेशान

**हीना पठानिया, बड़ूही**

खडोल से ऊना वाया तलमेहड़ा बस के पिछले तीन दिन से नहीं चलने से गांव ठठूंह, बुहाणा, चडोली, चम्वोआ के स्कूली बच्चों एवं यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। बता दें कि इन स्कूली बच्चों को 8 किलोमीटर पैदल चलकर तलमेहड़ा स्कूल पहुंचना पड़ता है। यह बस तीन दिनों से अपने रूट पर सुचारु रूप से नहीं चल रही है।

स्थानीय गांववासियों का कहना है कि यह बस सुबह साढ़े छह बजे खड़ोल से बंगाणा होकर तलमेहड़ा होते हुए ऊना पहुंचती है। इसमें स्थानीय स्कूल एवं चौकीमन्यार, ऊना कॉलेज के बच्चे हर रोज की तरह इस बस में सफर करते हैं। इस बस को नहीं आने की वजह से हर रोज बच्चों एवं यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी रिटायर्ड डीएसपी प्रकाश चंद संधू, रिटायर्ड कर्नल रघवीर सिंह डढवाल तलमेहड़ा, बीडीसी सदस्य राजेंद्र ठाकुर, रवि ठाकुर, प्रकाश ठाकुर कोकरा, वतन सिंह, डॉ. मदन लाल शर्मा, ओंकार दास शास्त्री, किशोरी लाल ने बताया कि इस बारे में आरएम ऊना को भी इस समस्या के बारे में बताया है, लेकिन अभी तक इस समस्या का हल नहीं हो पाया है। स्थानीय जनता ने कुटलैहड़ क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा विक्कू और हिमाचल पत्र परिवहन निगम ऊना के अधिकारियों से आग्रह किया है कि इस बस के रूट को सुचारु रूप से चलाया जाए ताकि इस समस्या से उन्हें जूझना न पड़े।

**परिवहन निगम ऊना के आरएम ने क्या कहा**

इस संदर्भ में आरएम ऊना सुरेश धीमान बताया कि यह मामला उनके ध्यान में आया है। उन्होंने बताया कि 29 अप्रैल को शादियां होने की वजह से और 30 अप्रैल को रिटायरमेंट होने की वजह से इस बस को अपने रूट पर सुचारु रूप से नहीं चलाया गया और कल से सुबह इस बस को सुचारु रूप से अपने रूट पर चला दिया जाएगा।

# अल्पसंख्यक समुदाय ने की आतंकी हमले की निंदा

## डीसी और एसपी को सौंपा ज्ञापन, कुछ लोगों पर भय फैलाने का लगाया आरोप

**अनंत ज्ञान, ऊना**

दलित न्याय आंदोलन के राज्य महासचिव राज महें के नेतृत्व में अल्पसंख्यक समुदाय का एक प्रतिनिधिमंडल वीरवार को उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक से मिला। इस प्रतिनिधिमंडल ने सामाजिक सरोकारों पर आधारित ज्ञापन उक्त अधिकारियों को सौंपे। यह ज्ञापन ऊना जिले में रह रहे भारतीय नागरिक मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपनी व्यवसायिक समस्या व नमाज पढ़ने को लेकर दिया। इसके साथ ही कुछ असामाजिक तत्वों पर भ्रम और भय फैलाने का आरोप लगाया।

राज महें ने बताया की भारत के राज्यों उत्तर प्रदेश व पंजाब के मुस्लिम समुदाय से बहुत सारे परिवार जिला ऊना के संतोषगढ़ में करीब 30 से 50 सालों से रह रहे हैं और स्वां नदी में सब्जी लगाने व सब्जी फल बेचने का काम करते हैं। छ दिन पहले मुस्लिम समुदाय के लोगों ने टाहलीवाल व उसके आसपास में लगने वाली सब्जी मंडियों में सब्जी की दुकानें लगाईं तो



अल्प संख्यक समुदाय के लोगों का प्रतिनिधिमंडल स्थानीय लोगों के साथ।

वहां पर कुछ अज्ञात लोग आए और उन्हें धमकाने लगे। उन्होंने कहा कि सभी मुस्लिम लोग भारत के नागरिक हैं और भारत के राज्यों उत्तर प्रदेश, पंजाब, हिमाचल के स्थायी निवासी है व ऊना जिले में सब को रहते हुए 30 से 50 वर्ष हो गए हैं।

सभी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पहलगांव में हुई अप्रिय घटना को लेकर बहुत खेद प्रकट किया है और इस घटना की दिल से निंदा की है। सब भारतीय नागरिक हैं और उग्रवाद के खिलाफ सरकार के साथ हैं, यह भी आश्वासन दिया। सभी मुस्लिम लोगों ने कहा कि अब तक अमन, शांति व भाईचारे के तहत रहते आए हैं, आगे भी ऐसे ही रहना चाहते हैं।

सब्जी बेचने का काम करके अपनी रोजी रोटी चलाना चाहते हैं। इसके साथ साथ सब हर शुक्रवार को टाहलीवाल में बनी मस्जिद में नमाज अदा करने जाते हैं और वहां पर जाने से भी कुछ लोगों ने इन्हें रोका है, इसलिए उपायुक्त से गुहार लगाई गई कि सब्जी मंडियों में दुकानें लगाने वालों की सुरक्षा के लिए इंतजाम किया जाए व नमाज पढ़ने बारे जाने दिया जाए।

## डीसी ने वनों की सुरक्षा के मद्देनजर जारी किए आदेश

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला दंडाधिकारी ऊना जतिन लाल ने गर्मी के मौसम में वनों में आग लगने की घटनाओं और उससे उत्पन्न होने वाले सार्वजनिक सुरक्षा खतरों को मद्देनजर रखते हुए आदेश जारी किए हैं। डीसी ने यह आदेश हिमाचल प्रदेश ग्राम और लघु नगर गश्त अधिनियम, 1964 की धारा 3(1) के तहत जारी किए हैं।

आदेश के अनुसार, ऊना जिले में आने वाले सभी गांवों के सक्षम वयस्क पुरुष निवासियों को वन विभाग के साथ सहयोग करते हुए वनों में आग की घटनाओं से निपटने तथा सार्वजनिक संपत्तियों/सुविधाओं की सुरक्षा के लिए निगरानी और रखवाली में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त ने कहा कि इसका उद्देश्य जंगलों को आग से बचाने के लिए सामुदायिक भागीदारी को सुनिश्चित बनाना है ताकि प्राकृतिक संसाधनों और सार्वजनिक हितों की प्रभावी रूप से रक्षा की जा सके। यह आदेश आगामी 15 जुलाई तक प्रभावी रहेंगे।

# आपदा प्रबंधन पर दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ऊना के तत्वावधान में क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में वीरवार को अस्पताल सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन योजना पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय अस्पताल ऊना के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय मनकोटिया ने की। इस दौरान डॉ. मनकोटिया ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि बदलते जलवायु परिदृश्य और बढ़ती प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के दृष्टिगत सभी सरकारी एवं निजी स्वास्थ्य संस्थानों को आपदा प्रबंधन योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक स्वास्थ्य संस्था को प्रतिवर्ष दो से तीन मॉकड्रिल आयोजित कर संस्थान की तैयारी, संसाधनों की उपलब्धता और समन्वय की स्थिति का आकलन करना चाहिए जिससे समय पर प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर जलवायु एवं आपदा





अस्पताल सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन पर प्रशिक्षण में अधिकारी और प्रतिभागी।

जोखिम न्यूनीकरण विशेषज्ञ प्रणव सेठी ने रिसोर्सपर्सन के रूप में प्रशिक्षण प्रदान करते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अस्पतालों की आपातकालीन स्थितियों से निपटने की क्षमता को सुदृढ़ करना है, साथ ही यह भी सुनिश्चित करना है कि आपात स्थिति में सुरक्षा बनी रहे तथा आवश्यक सेवाओं की निरंतरता प्रभावित न हो।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ऊना के प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण समन्वयक राजन कुमार शर्मा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम अस्पतालों को आपात स्थिति में तेजी से प्रतिक्रिया देने, शीघ्र पुनर्बहाली सुनिश्चित करने और प्रभावी समन्वय स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगा।

प्रशिक्षण में ऊना जिले के आयुष विभाग, क्षेत्रीय अस्पताल ऊना, निजी क्लीनिक, सरकारी अस्पतालों, खंड स्तरीय नागरिक अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से लगभग 55 चिकित्सा अधिकारी, पैरामेडिकल स्टाफ, स्टाफ नर्स व अन्य स्वास्थ्यकर्मी भाग ले रहे हैं। यह कार्यक्रम अस्पतालों की आपदा से निपटने की तत्परता एवं रणनीतिक योजना निर्माण की दिशा में एक अहम पहल है।

# गुरुकुल स्कूल के छात्र का यंग लीडर्स प्रोग्राम के लिए हुआ चयन

**विवेक शर्मा, अंब**

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल कटोहरकलां के आठवीं के छात्र आरव ने अपने स्कूल का नाम रोशन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। गौरतलब है कि देश की एक प्रतिष्ठित संस्था द्वारा आयोजित यंग लीडर्स प्रोग्राम में देशभर के 824 स्कूलों ने भाग लिया था। इसमें से प्रत्येक स्कूल से एक प्रत्याशी को चुना गया। इन सभी में से पहले राउंड में सिर्फ 50 प्रतिभाशाली छात्र ही इस प्रतियोगिता में पहुंच सके। वहीं, दूसरे राउंड में आरव ने 49 प्रतियाशियों को पछाड़ते हुए प्रतिष्ठित यंग लीडर्स प्रोग्राम में अपना चयन करवाया। अब आरव तीसरे राउंड में हैदराबाद में जाएगा। बताते चलें कि यह अत्यधिक प्रसंशनीय पहल है, जो देश भर से असाधारण युवा दिमागों की पहचान कर उन्हें भविष्य के दूरदर्शी लीडर बनने के लिए कौशल प्रदान करती है।

यंग लीडर्स प्रोग्राम आरव को प्रेरक गुरुओं से जुड़ने, अन्य प्रतिभाशाली दिमागों के साथ सहयोग करने और वास्तविक दुनिया की चुनौतियों पर काम करने का मौका देगा। आरव का चयन उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन, नेतृत्व गुणों और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने के जुनून का प्रमाण है।



चयनित छात्र अध्यापिका के साथ।

स्कूल के प्रबंधक निदेशक राजेश गौतम ने आरव के प्रयासों को सराहते हुए उसे शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा की स्कूल का शिक्षा के स्तर को नई बुलंदियों तक पहुंचाना ही एकमात्र लक्ष्य रहा है। स्कूल में बच्चों के मानसिक, बौद्धिक और सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल में कई क्रियाकलाप करवाए जाते हैं। इस मौके पर निदेशक ज्योति गौतम, प्रिंसिपल डायरेक्टर डीपी राय व प्रिंसिपल डॉ. संतोष कुमारी ने भी आरव को शुभकामनाएं दीं।

## धूमधाम से मनाया मजदूर दिवस

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** मजदूर दिवस पर वीरवार को मिडास केयर वर्कर यूनियन बाथू ने उद्योग के मुख्य द्वार पर कार्यक्रम आयोजित किया। यूनियन प्रधान खुशहाल सिंह ने इंटक का झंडा फहराया और सभी साथियों को मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दीं। यूनियन के प्रधान खुशहाल सिंह ने मजदूरों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में कामगारों को कई नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ उद्योग प्रबंधक मजदूरों को बेवजह प्रताड़ित कर रहे हैं और उन्हें मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने सरकार की ओर से नियुक्त श्रम अधिकारी की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए, जो कि मजदूरों की समस्याओं को अनदेखा कर रहे हैं। इस मौके पर यूनियन महासचिव विजय कुमार और अन्य प्रमुख सदस्य परमजीत कुमार, मक्खन सिंह, विनोद कुमार, राजकुमार, सुभाष सैनी, दविंदर सिंह, हरजीत उपस्थित रहे।

# बुरी संगत से नशे की चपेट में आ रहे बच्चे : सतीश

**अनंत ज्ञान, ऊना**

गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल अंबोटा तथा डीएवी पब्लिक स्कूल अंबोटा मे नशा क्या होता है किशोरावस्था में बच्चे इसकी चपेट में कैसे आ जाते हैं। नशा करने वाले के दिल और दिमाग पर क्या असर पड़ता है तथा यदि कोई बच्चा इसकी चपेट में आ गया है तो उसे बाहर निकालने के उपाए क्या हैं।

इस संबंध में रिसोर्सपर्सन पूर्व सेवानिवृत्त प्रवक्ता सतीश शर्मा ने बच्चों को विस्तार से जानकारी दी कहा कि किशोरावस्था मे बच्चा परिपक्व नहीं होता और नशा तस्करों की बातों में आ जाता है तथा थोड़े समय के आनंद के लिए उसे इसकी लत लग जाती है धीरे-धीरे वह भी इस नशे की कारोबार में पड़ जाता है और अपने जीवन को समाप्ति की ओर ले जाता है। बुरी संगत करने के कारण भी बच्चे नशे की चपेट में आ रहे हैं। समाज नाश करन`वाले पर विश्वास नहीं करता और उसे हर जगह अपमानित होना पड़ता है। नशे के पड़ने वाले दुष्प्रभावों की भी उन्होंने विस्तार से जानकारी दी ।

उन्होंने कहा कि यदि नशा करने वाला आज से बुरी संगत छोड़ दो दे तो नशा अपने आप छूटता जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि आप कंफर्ट जोन में रहेंगे तो तरक्की नहीं कर पाओगे, जितना आप संघर्ष या अनकंफरटेबल माहौल में रहोगे, उतना मुश्किलों से सामना करना सीख जाओगे तथा उन्नत की राह आपके लिए आसान होगी। उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प और मजबूत इच्छा शक्ति भी नशे से छुटकारा दिलवा सकती है।

प्रधानाचार्य नमन शर्मा ने रिसोर्स पर्सन द्वारा बच्चों को दी गई जानकारी की प्रशंसा की तथा बच्चों को इसे अपने जीवन में अमल में लाने के लिए अपील की। इस अवसर पर डीएवी के स्टाफ मेंबर भी उपस्थित रहे।

# संस्कृत महाविद्यालय डोहगी के साथ बंगाणा कॉलेज का समझौता

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंगाणा ने वीरवार को संस्कृत महाविद्यालय डोहगी के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने बताया कि इस ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य विकास की योजना बनाना, संकाय और ढांचागत साधनों को साझा करना, सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान, कौशल आधारित प्रमाणन पाठ्यक्रम संचालित करना, विद्यार्थियों को करियर परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान करना, छात्रों और शिक्षकों के लिए सहयोगात्मक कार्यशाला और प्रशिक्षण आयोजित करना तथा दोनों संस्थाओं के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को विविध परियोजनाओं में संलग्न करना है।

कॉलेज प्राचार्य और वरिष्ठ शिक्षकों ने इस पहल का स्वागत किया और कहा कि यह कदम दोनों संस्थाओं के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो छात्रों के भविष्य को एक नई दिशा प्रदान करेगी। इस अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर, संस्कृत महाविद्यालय डोहगी के प्रोफेसर प्रीतम सिंह , अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा के कमेटी मेंबर डॉ. विनोद कुमार और प्रोफेसर अरविंद रतन आदि मौजूद रहे।



समझौते के दौरान बंगाणा कॉलेज के प्राचार्य और संस्कृत महाविद्यालय डोहगी के प्रतिनिधि।

**श्रद्धा** उपमंडल बंगाणा के हटली सुल्तानू में निकाली श्री बाल कृष्ण की झांकी में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

# ‘अज मथुरा दे बिच अवतार हो गया शाम निका जेहा’ भजन पर झूम उठा पंडाल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के हटली सुल्तानू क्षेत्र में उस समय पूरा पंडाल झूम उठा, जब श्रीमद् भागवत कथा के दौरान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग आया। कथा व्यास के रूप में प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य डॉ. सुमन शर्मा ने श्रीकृष्ण जन्म की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया।

श्रीमद् भागवत कथा का माहौल जैसे-जैसे श्रीकृष्ण जन्म के करीब आता गया, भक्तों की आंखों में श्रद्धा और उत्साह का मिश्रण देखा गया। जैसे ही कथा व्यास आचार्य डॉ. सुमन शर्मा ने श्रीकृष्ण के जन्म का वर्णन शुरू किया, पूरे पंडाल में उल्लास की लहर दौड़ गई। जय-जयकार के नारों से वातावरण गूंज उठा, नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की। आचार्य डॉ. सुमन शर्मा ने कथा के माध्यम से बताया कि किस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण ने कारागार में जन्म लिया। उन्होंने कहा देवकी और वासुदेव का विवाह होने के बाद जब उनकी बिदाई हो रही थी, तभी आकाशवाणी हुई कि देवकी की आठवीं संतान कंस का अंत करेगी। इस डर से कंस ने उन्हें तुरंत बंदी बना लिया और एक-एक करके उनके छह पुत्रों की हत्या कर दी। उन्होंने कहा सातवीं संतान बलराम जी थे, जिन्हें योगमाया ने रोहिणी के गर्भ में स्थानांतरित कर दिया और आठवें पुत्र के रूप में स्वयं भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण जी के रूप में जन्म लिया। उस समय कारागार में दिव्य प्रकाश फैल गया और भगवान ने देवकी-वासुदेव को अपने अष्टभुज रूप में दर्शन दिए। उन्होंने कहा कि मैं वही हूं, जो त्रेता में राम था, द्वापर में कृष्ण हूं और युग-युगों तक धर्म की रक्षा के लिए आता रहूंगा। कथा विराम के बाद भंडारे का प्रसाद भी वितरण किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण जन्म की महिमा के भावपूर्ण वर्णन का आनंद प्राप्त किया।

**श्रीकृष्ण की झांकी से श्रद्धालुओं की आंखें हुईं नम**

श्रीमद् भागवत कथा के दौरान जैसे ही श्रीकृष्ण जन्म का दृश्य प्रस्तुत किया गया, उसी क्षण आयोजन स्थल में भगवान श्रीकृष्ण की झांकी प्रस्तुत की गई। एक बालक को नटवर नागर के रूप में सजाया गया, जिसे देख भक्तों की आंखें नम हो गईं। पंडाल के हर कोने से भजन-कीर्तन की स्वर लहरियां गूंजने लगीं। श्रद्धालु भावविभोर होकर नाच उठे। आयोजन स्थल को वृंदावन की गलियों की तरह सजाया गया था। जगह-जगह फूलों की मालाओं, राधा-कृष्ण की झांकियों और दीयों से साज-सज्जा की गई थी। आयोजनकर्ता विवेकशील शर्मा ने कहा यह आयोजन हमारे पिता स्वर्गीय रामेश्वर दास शर्मा को श्रद्धांजलि स्वरूप है। उन्होंने बताया कि यह श्रीमद्भागवत कथा सात दिवसीय है और इसमें प्रतिदिन श्रीकृष्ण लीला के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। कथा में प्रतिदिन भजन संध्या, झांकी दर्शन और प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। देर रात तक भक्ति और प्रेम का यह प्रवाह थमने का नाम नहीं ले रहा था। पूरे कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों ने पूरे मनोयोग से भाग लिया। लोगों ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से न केवल सामाजिक एकता बढ़ती है, बल्कि बच्चों को भी अपने धार्मिक संस्कारों की जानकारी मिलती है। हटली सुल्तानू में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव न केवल एक धार्मिक आयोजन था, बल्कि भक्ति, समर्पण और सामूहिक सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण भी बना।

## न्यूज ब्रीफ

### 140 स्टूडेंट्स ने चित्रकला में दिखाया हुनर

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** अंतरराष्ट्रीय रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट नग्गर में रौरिक पैक्ट की 90वीं सालगिरह और हिमाचल की संस्कृति के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरुआत वीरवार को चित्रकला प्रतियोगिता के आयोजन से हुई। चित्रकला प्रतियोगिता में कुल्लू के विभिन्न स्कूलों से उपस्थित हुए छात्रों, हैलेना रौरिक अकादमी के छात्रों, अध्यापकों और अभिभावकों का रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना, भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा और रशियन चित्रकार एलीना याकोवलेवा ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आने पर स्वागत किया। चित्रकला प्रतियोगिता का शीर्षक 'रौरिक इन द वैली ऑफ गॉड कुल्लू' विषय के ऊपर रहा। इसमें लगभग कुल्लू जिले के 12 स्कूलों, हैलेना रौरिक अकादमी और एकल रूप में लगभग 140 छात्रों ने भाग लिया। कुल्लू से डीएवी स्कूल मौहल, कुल्लू, डीएवी कटराई, डीपीएस मनाली, यूमज पब्लिक स्कूल नग्गर, सिरी दुर्गा पब्लिक स्कूल नग्गर, मनाली पब्लिक स्कूल जगतसुख, एलएमएस कल्हैली, जवाहर नवोदय विद्यालय बंदरोल, कुल्लू, माइंड स्केप आर्ट गैलरी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कटराई, संभोटा तिब्बत स्कूल, हैलेना रौरिक अकादमी नग्गर आदि स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर सबसे पहले बच्चों ने रशियन चित्रकार द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी को देखा रशियन क्यूरेटर ने सभी छात्रों, अध्यापकों और जनसमूह को रौरिक के कार्यों, बैनर ऑफ पीस में योगदान, कुल्लू देवी-देवताओं के संबंध रौरिक के संबंध और अध्ययन के बारे में जानकारी दी।

### कुल्लू में शुरू हुआ सघन डायरिया अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा सघन डायरिया अभियान शुरू किया गया, ऐसे में अब दो माह तक इस अभियान को जिला कुल्लू के पांच विकासखंड में चलाया जाएगा और घर-घर में छोटे बच्चों को ओआरएस तथा जिंक की गोलियां बांटी जाएगी। इसका शुभारंभ जिले के मुख्यालय ढालपुर क्षेत्रीय अस्पताल में किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुल्लू डॉक्टर नागराज पवार विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉक्टर नागराज पवार ने बताया कि जिले के पांचों स्वास्थ्य खंडों जरी, नग्गर, बंजार, आनी और निरमंड में आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर शून्य से पांच साल तक के बच्चों को जिंक और ओआरएस के पैकेट वितरित करेंगे। जिला कुल्लू में एक मई से 30 जून तक सघन डायरिया अभियान चलेगा, ताकि किसी भी छोटे बच्चे को डायरिया के चलते नुकसान न हो सके। उन्होंने बताया कि इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरी तैयारी कर ली है और आशा वर्कर्स को भी इसका प्रशिक्षण दिया गया है।

### कैंब्रिज स्कूल में मनाया अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल मोहल में वीरवार को अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इसमें श्रमिकों के महत्व और उनके योगदान पर विद्यार्थियों द्वारा विचार प्रस्तुत किए गए। सभा की शुरुआत एक प्रेरणादायक विचार के साथ हुई। इसमें श्रम की गरिमा और श्रमिकों के सम्मान की भावना को जागृत किया गया। आठवीं कक्षा की छात्रा निर्वि मिलु ने सुंदर कविता प्रस्तुत की श्रमिकों का महत्व। चौथी कक्षा की छात्राओं ने भी बेहतरीन नृत्य प्रस्तुत किया। विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने इस दिन को खास बनाने के लिए सहायक स्टाफ के लिए सुंदर और रचनात्मक कार्ड बनाए, जिन्हें बड़े प्रेम और आदर के साथ बारहवीं के छात्रों द्वारा वितरित किया गया। इसके साथ ही विद्यालय प्रशासन की ओर से सभी सहायक कर्मचारियों को विशेष उपहार दिए गए। विद्यालय के प्रबंधक महोदया एवं समाजसेवी श्रद्धा शर्मा ने भी सभी स्टाफ को श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा, हमारी सफलता का आधार आप सबका कठिन परिश्रम है।

### उपपरियोजना जोबरंग व तिनतों का करें रखरखाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति, जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जाइका) के टोक्यो और इंडिया के अधिकारी हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति जिले में पहुंचे। यहां पर उन्होंने हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना चरण-2 के अंतर्गत तैयार की गई बहाव सिंचाई परियोजना, जोबरंग व यारती (तिनतों) की समीक्षा की। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य परियोजना के निर्माण कार्य की समीक्षा करना तथा सिंचाई योजना यारती (तिनतों) को केवीए तिनतों को हस्तांतरित करना था। जाइका मुख्यालय के अधिकारी मिस इनागाकी युकारी और जाइका इंडिया की विकास विशेषज्ञ मिस निष्ठा वेंगुर्लेकर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रही। राज्य परियोजना प्रबंधन इकाई से परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान, वरिष्ठ सलाहकार बलजीत सिंह संधू, प्रदीप शर्मा, उपपरियोजना निदेशक डॉ. डीडी शर्मा (ए.ई) व डॉ. करतार सिंह व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जिला परियोजना प्रबंधन इकाई मंडी से जिला परियोजना प्रबंधक डॉ. हेमराज वर्मा, खंड परियोजना प्रबंधन इकाई कुल्लू से खंड परियोजना प्रबंधक डॉ. गोपाल चंद भारद्वाज व अन्य अधिकारी भी मौके पर उपस्थित रहे। स्वागत के बाद मुख्यातिथि व अन्य अधिकारियों द्वारा ट्रांजेक्ट वॉक के दौरान प्राकृतिक खेती में आलू, फूलगोभी व अन्य प्रदर्शन प्लाट का निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत जोबरंग व तिनतों में किसान मेले का आयोजन किया गया। इसमें जोबरंग में लगभग 100 किसानों ने तथा तिनतों में 320 किसानों भाग लिया। किसान मेले में मुख्यातिथि व अन्य अधिकारियों द्वारा प्रदर्शन स्थल व आधुनिक कृषि यंत्र का अवलोकन किया गया। इसके उपरांत जिला परियोजना प्रबंधक मंडी डॉक्टर हेम राज वर्मा ने कृषक विकास संघ व स्थानीय लोगों से आग्रह किया कि बहाव सिंचाई उपपरियोजना जोबरंग व तिनतों का मिल-जुलकर अच्छे से रखरखाव करें तथा फसल विविधीकरण व नकदी फसलों को बढ़ावा देकर अपनी आर्थिकी सुदृढ़ करें।

### उचित मूल्य की दुकानों के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले कुल्लू अरविंद शर्मा ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत कुल्लू के 4 स्थानों पर उचित मूल्य की दुकानें पुनः आवंटित की जानी है, जिसके लिए निर्धारित प्रपत्र 31 मई तक आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। विकास खंड कुल्लू के अंतर्गत पंचायत बाराहार के लोट में आनी के पांजवी, कोलथा तथा बंजार के हॉर्न गांव में उचित मूल्य की दुकानें पुनः आवंटित तथा पंचायत शुरड के वार्ड नं 3, निरमंड के शिशवी वार्ड नंबर-2 में नई दुकानें खोली जानी हैं। इसके लिए प्रथम प्राथमिकता सार्वजनिक संस्थाओं या सार्वजनिक निकायों जैसे पंचायत, स्वयं सहायता समूह, सहकारी सभा व महिलाओं के समूह को दी जाएगी। इसी प्रकार दूसरी प्राथमिकता एकल नारी (जैसे कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा निर्धारित किया गया हो) विधवा जो अपने बच्चों का स्वयं पालन-पोषण कर रही हो, शारीरिक रूप से अपंग व्यक्ति, जो कि उचित मूल्य की दुकान का कार्य ठीक प्रकार से करने में सक्षम हो, भूतपूर्व सैनिक, शिक्षित बेरोजगार व्यक्ति, जिसके परिवार से कोई भी सदस्य नियमित रोजगार में न हो उसको प्रदान की जाएगी। इच्छुक संस्था/व्यक्ति अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र पर 31 मई तक जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले कुल्लू के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

# बिना सूचना खोले डैम के फाटक

## एचपीपीसीएल सैंज की इस लापरवाही से रातभर खौफ के साये में रहे लोग

**निशित चंद्र चौधरी, सैंज**

न कोई हूटर, न सायरन, न कोई पूर्व सूचना और न ही कोई चेतावनी।

रात के अंधेरे में सौ मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वाली सैंज जल विद्युत परियोजना के निहारनी डैम के फाटक खोल दिए गए। इससे डैम के नीचे बसे क्षेत्र में खासी तबाही हुई। न्यूली, नुनूर बहली, रोपा, करटाह आदि गांव में लोगों द्वारा अपने खर्च पर लगाए गए छोटे पुल क्षतिग्रस्त हो गए। पुल टूटने से दर्जनों गांवों के लोगों को अब आवाजाही करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञान चंद, लाल चंद, यज्ञ देव, कमल सिंह, उत्तम चंद आदि ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार रात करीब दस बजे परियोजना के निहारनी डैम से भारी मात्रा में पानी छोड़ा गया। डैम से पानी छोड़े जाने की कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई थी। परियोजना प्रबंधन कई वर्षों से इस तरह की लापरवाही कर रहा है। वर्ष-2023 में इसी प्रकार की लापरवाही के कारण डैम के डाउन स्ट्रीम में ग्रामीणों को भारी नुकसान हो चुका है। हर बार तबाही के बाद प्रबंधक गलती को सुधारने का आश्वासन देते हैं, लेकिन हर साल इस तरह की हरकत होती है। डैम से अचानक पानी छोड़े जाने के बाद निहारनी से लेकर मातला तक के दर्जनों गांव के लोग पूरी रात सो नहीं पाए। बाढ़ के खौफ से लोग टॉर्च लेकर घरों से बाहर निकल आए। नदी के आसपास बसे गांव में अफरा-तफरी का माहौल रहा। ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन से सैंज परियोजना प्रबंधन पर नकेल कसने व लोगों के जान-माल से खिलवाड़ न करने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)



जल स्तर बढ़ने से क्षतिग्रस्त हुई नूनर बहली गांव की पुलिया।

### एक पद पर बैठे हैं तीन अधिकारी

**सैंज** परियोजना में एक पद पर तीन अधिशाषी अभियंता बैठे हुए हैं और इसके बावजूद इतनी बड़ी लापरवाही सामने आई है। लोगों का कहना है कि जरूरत से अधिक अधिकारी होने से यहां व्यवस्था बनाने में तालमेल नहीं बैठ पा रहा है, जिससे नियमित तौर पर ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं।

**एचपीपीसीएल** के उपमहाप्रबंधक इंद्र शर्मा ने कहा कि वह छुट्टी पर हैं, उन्हें डैम से पानी छोड़े जाने की जानकारी नहीं है। हालांकि, डैम से पानी छोड़ने की स्थिति में साइरन, हूटर और चेतावनी देने वाले वाहन की व्यवस्था है। परियोजना के अधिशाषी अभियंता दुरेंद्र शर्मा ने कहा कि नदी में पानी की मात्रा बढ़ने के कारण डैम के फाटक खोले गए हैं।

# चुटी बिहाली के पास लुढ़की कार, 5 पर्यटकों सहित स्थानीय चालक घायल

**अनंत ज्ञान, भुंतर**



जिला कुल्लू के चुटी बिहाली के पास एक वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने का मामला सामने आया है। इस घटना में पांच पर्यटकों सहित एक चालक घायल हुआ है।

पुलिस की जानकारी के अनुसार वीरवार दोपहर के समय कोलकाता के पांच पर्यटक जब एक कार में गड़सा से पैराग्लाइडिंग कर वापिस लौट रहे थे, तो चुटी बिहाली के पास तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे लुढ़क गई। दुर्घटना में कार में सवार पांच पर्यटक व एक चालक घायल हो गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों व गाड़ी वालों ने तुरंत इनकी मदद की। दुर्घटनाग्रस्त कार से सभी को बाहर निकाला। तुरंत एंबुलेंस को फोन कर बुलाया गया व नजदीकी अस्पताल नगवाई व तेगुबेहड़ अस्पताल में घायलों को लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद इन घायलों को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू रेफर कर दिया है, जहां पर इनका उपचार चल रहा है। घायलों में एक 24 वर्षीय लड़की भी है। दुर्घटना में घायल सभी बेस्ट बंगाल के बताए जा रहे हैं, जो घूमने के लिए कुल्लू आए थे। गड़सा की वादियों को निहारने के बाद यह लोग भुंतर की तरफ आ रहे थे, तो चुटी बिहाली के पास इनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

वहीं, भुंतर थाना के कार्यकारी प्रभारी महेंद्र कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही भुंतर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल ले जाया गया। वहीं, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि इस घटना में सौभी प्रवा साहू पुत्र जवाहर लाल निवासी पश्चिम बंगाल ने शिकायत दर्ज करवाई है कि वाहन चालक तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था, जिस कारण वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे जा गिरा। उन्होंने बताया कि पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### ड्रोन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** एनसीसी एयर विंग के द्वारा कुल्लू में ड्रोन प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। एनसीसी की 1-एचपी एयर स्क्वाड्रन द्वारा ड्रोन तकनीक के प्रति बढ़ती रुचि को देखते हुए, अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं संबद्ध खेल संस्थान, हिमाचल पुलिस, एचपीपीडब्ल्यूडी, अग्निशमन सेवा, संस्थानों ने आईआईटी मंडी और एनआईटी हमीरपुर संस्थानों के सहयोग से ड्रोन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम करवाया जा रहा है। बकत भवन में चार दिनों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करवाया जा रहा है और अंतिम दिन ढालपुर मैदान में प्रशिक्षण करवाया जाएगा। ड्रोन प्रशिक्षण के कोर्स कमांडर, विंग कमांडर कुणाल शर्मा ने कहा कि ड्रोन असेंबली, संचालन, रखरखाव और नागरिक एवं रक्षा क्षेत्रों में इसके विभिन्न उपयोग आने वाले समय में फायदेमंद होंगे।

# पिरडी में 115 युवाओं ने तैराकी कर दिखाया हुनर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



जिला कुल्लू के पिरडी स्थित रिवर राफ्टिंग ट्रेनिंग सेंटर में राफ्टिंग गाइड के लिए ट्रायल हुआ। ब्यास नदी में ट्रायल के लिए युवाओं ने तैराकी कर अपना हुनर दिखाया।

जिला पर्यटन विभाग और अटल बिहारी पर्वतारोहण संस्थान के सहयोग से पिरडी रिवर राफ्टिंग ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित इस ट्रायल में प्रदेश के 115 युवाओं ने भाग लिया। ब्यास नदी में जहां इन दिनों रिवर राफ्टिंग हो रही है। ब्यास की जलधाराओं में देश-विदेश के पर्यटक रिवर राफ्टिंग का लुत्फ उठा रहे हैं। वहीं, रिवर राफ्टिंग के माध्यम से युवा स्वरोजगार भी अर्जित कर रहे हैं। युवाओं की आर्थिकी बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से पिरडी ट्रेनिंग सेंटर में गाइड के लिए ट्रायल करवाया गया। तकनीकी कमेटी में शामिल अनुदेशक गिमनार सिंह ने बताया कि इस ट्रायल प्रक्रिया में रिवर राफ्टिंग का संचालन नदी में भाव के साथ तैराकी सहित अन्य चीजों का ट्रायल लिया गया। ट्रायल में उत्तीर्ण होने पर पर्यटन विभाग द्वारा इन युवाओं को लाइसेंस प्रदान किया जाएगा।

# अन्वेशा के सिर सजा स्प्रिंग क्वीन का ताज

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

पीपल जातर मेले में हर वर्ष की भांति इस बार भी जहां सांस्कृतिक संध्याएं आयोजित हुई। वहीं, स्प्रिंग क्वीन प्रतियोगिता में भी प्रतिभागियों ने रैंप पर हुस्न के जलवे बिखेरे।

इस प्रतियोगिता में इस बार 19 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें फाइनल में पांच प्रतिभागी पहुंची। लालचंद प्रार्थी कलाकेंद्र में पीपल जातर मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या के दौरान हुए फाइनल राउंड में रायसन की अन्वेशा जमवाल ने अन्य प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। वहीं, स्प्रिंग क्वीन की पहली रनरअप साधना शर्मा, जबकि अर्पिता नेगी सेकेंड रनरअप रहीं। सुंदरियों में स्प्रिंग क्वीन का ताज हासिल करने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत और कार्यकारी अधिकारी अनुभव शर्मा ने कहा कि जिले की युवतियों को मंच प्रदान करने के लिए



हर बार स्प्रिंग क्वीन प्रतियोगिता करवाई जा रही है। इस बार भी सांस्कृतिक संध्या में स्प्रिंग क्वीन प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के उद्देश्य से नगर परिषद द्वारा पिछले कुछ वर्षों से प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। नगर परिषद की पूर्व में प्रधान रही बिमला ने अपने कार्यकाल के दौरान कुल्लू शहर के साथ-साथ गांव की लड़कियों को एक अलग मंच प्रदान करने के उद्देश्य यह प्रतियोगिता शुरू की थी, तब से लेकर अब हर साल यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती है और नगर परिषद कुल्लू प्रतिभागियों से किसी तरह की एंट्री फीस व ड्रेस सहित अन्य सभी सामान निशुल्क प्रदान किया जाता है। पूर्व नप अध्यक्ष विमला महंत ने जहां इसकी नींव रखी थी। लिहाजा, नगर परिषद ने इस बार भी स्प्रिंग क्वीन प्रतियोगिता आयोजित की। इसमें युवतियों ने रैंप पर अपने हुस्न का जादू बिखेरा और फाइनल में अन्वेशा के सिर स्प्रिंग क्वीन का ताज सजा। प्रतियोगिता की विजेता को 31 हजार के साथ मोमेंटो व फर्स्ट रनरअप को 21 हजार, जबकि सेकेंड रनरअप को 18 हजार की राशि प्रदान की गई। (अनंत ज्ञान)

### भाषा विभाग के पास अटल सदन और देव सदन जैसी महत्वपूर्ण परिसंपत्तियां : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

पारंपरिक संस्कृति संवर्धन कुल्लू की वार्षिक बैठक वीरवार को डीसी एवं समिति की अध्यक्षता तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में हुई। डीसी कार्यालय में आयोजित बैठक का संचालन समिति की सचिव एवं जिला भाषा अधिकारी प्रोमिला गुलेरिया ने किया।

बैठक में समिति के सभी सदस्यों ने भाग लिया और समिति के वार्षिक कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में आगामी वर्ष के लिए आय-व्यय बनाई गई। सदस्यों ने अपने सुझाव और विचार साझा किए। बैठक में समिति की वार्षिक आय-व्यय और बजट की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। डीसी ने कहा कि भाषा विभाग के पास जिले में अटल सदन और देव सदन जैसी महत्वपूर्ण परिसंपत्तियां हैं। उन्होंने कहा कि पारंपरिक संस्कृति संवर्धन समिति एक महत्वपूर्ण समिति है। उन्होंने समिति की अपनी परिसंपत्तियों के बेहतर रख-रखाव और यहां आने वाले लोगों के लिए अच्छी सुविधाओं के साथ-साथ आय बढ़ाने के लिए भी सुझाव देने की बात कही।

डीसी ने निर्देश दिए कि अटल रेस्टोरेंट/होटल की अगले वर्ष के लिए लीज की टेंडर प्रक्रिया को समय पर पूरा किया जाए, ताकि समय पर इसका आवंटन हो सके। उन्होंने अटल सदन की छत, कुर्सियों, दीवारों और देव सदन की छत एवं अन्य रिपेयर कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए।



पारंपरिक संस्कृति संवर्धन की बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करती हुई डीसी।

### आनी के पहले यूपीएससी उत्तीर्ण विजय पुराने स्कूल का करेंगे दौरा

**अनंत ज्ञान, आनी।** उत्तर प्रदेश के कानपुर के जिलाधिकारी विजय कुमार सिंह आज अपनी मातृभूमि आनी का दौरा करेंगे। वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत मेरा स्कूल मेरा अभिमान कार्यक्रम में भाग लेंगे। अपने पहले स्कूल को नई शिक्षा नीति के तहत गोद भी लेंगे। विजय सिंह आनी क्षेत्र से निकले पहले आईएएस अधिकारी हैं। वे 2015-16 बैच के अधिकारी हैं। वह आज अपने पुराने विद्यालय पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला को गोद लेंगे। इस दौरान वे स्कूल के 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को करियर संबंधी मार्गदर्शन भी देंगे। आनी के नागरिकों ने विजय सिंह के सम्मान में एक नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया है। इस कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ नागरिक और प्रेस क्लब आनी के सदस्य मौजूद रहेंगे।



# बाशिंग स्कूल में केहर ने नाट्य प्रस्तुति से बच्चों को गुदगुदाया



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

'रंगमंच गांव-गांव आंगन-आंगन' के अंतर्गत के डे स्टार सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाशिंग में केहर सिंह ठाकुर ने अपनी एकल नाट्य प्रस्तुति 'कहानियों की कहानी' के शानदार मंचन से उपस्थित छात्रों और अध्यापकों को गुदगुदाया।

कुल्लू घाटी के स्कूलों में स्थानीय रंगमंच संस्था ऐक्टिव मोनाल कल्चरल एसोसिएशन द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का मूल मंत्र बच्चों व युवाओं को अपने व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास तथा नशे जैसी बुरी आदत को दूर रखने के लिए रंगमंच को एक टूल के रूप इस्तेमाल करना है। साथ ही ज्यादा से ज्यादा बच्चों को इस तरह की गतिविधियों से जोड़कर इस ओर आकर्षित करना है, ताकि वे नशे जैसी बुरी आदत से दूर रहें। साई स्टार स्कूल में इस प्रस्तुति को बच्चों ने बहुत ही जिज्ञासा से देखा और इस प्रस्तुति के माध्यम से अपने जीवन के मुल्यों को समझने की कोशिश की। इस दौरान स्कूल के प्रिंसिपल राजेंद्र ने कहा कि इस तरह की रंगमंच गतिविधियां बच्चों के व्यक्तित्व के विकास सहित आज के प्रतिस्पर्धा के दौर में बच्चों की मेंटल टेंशन को कम करने में भी अभूतपूर्व योगदान देती हैं।

### रणविजय ने बॉक्सिंग में झटका स्वर्ण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में शुमार कुल्लू साईस स्कूल बाशिंग के छात्र रणविजय ने पीपल जातर मेले के उपलक्ष्य पर जिला स्तरीय 57 किलोग्राम से 60 किलोग्राम भार वर्ग की बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। रणविजय वर्तमान में बारहवीं कक्षा में विज्ञान संकाय का छात्र है। यह खेलकूद के साथ शिक्षा और अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लेता आ रहा है। रणविजय की इस उपलब्धि से इसके अभिभावक और शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ रही है। स्कूल प्रबंधन ने रणविजय को स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर बधाई एवं शुभकामनाओं के साथ इसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपना शुभाशीष दिया। स्वर्ण पदक विजेता रणविजय का स्कूल प्रांगण में भव्य स्वागत किया गया।



**समापन** राज्य स्तरीय पीपल जातर मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने खूब मचाया धमाल, डीसी रहीं मुख्यातिथि

# किंग ऑफ नाटी के गानों पर झूमे दर्शक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

राज्य स्तरीय पीपल जातर मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में किंग ऑफ नाटी ठाकुर दास राठी ने खूब धमाल मचाया। राठी ने एक से बढ़कर एक गीत गाकर दर्शकों को खूब नचाया।

उन्होंने पहाड़ी गीत हवा लागी चंडीगढ़ री, बांकी चंद्रा याद रखे गला मेरी, अंजना आई लव यू, प्रमिला तेरे गांव लागे मेले, सुषमा मेरी जानी नीरू चली घूमदी, हो सुमित्रा और शालू रे क्वार्टरा जैसे अपने प्रसिद्ध गीत गाकर भरपूर मनोरंजन किया। इसके बाद उन्होंने नॉन स्टॉप पहाड़ी गीतों की झड़ी लगा दी। इस संध्या का आगाज सिहमल सांस्कृतिक कला संगम गाहर के कलाकारों द्वारा कुल्लवी परंपरागत नृत्य पेश कर किया गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने शिरकत की और उत्सव का समापन किया। उनका यहां पहुंचने पर नगर परिषद अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत, कार्यकारी अधिकारी अनुभव सहित पार्षदों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया और उसके बाद टोपी और शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



राज्य स्तरीय पीपल जातर मेले की अंतिम अंतिम सांस्कृतिक संध्या में किंग ऑफ नाटी की प्रस्तुति पर झूमता पंडाल।

### सीएम तोषी सहित अन्य कलाकारों ने भी मचाया धमाल

**इस** मौके पर लोक कलाकार सीएम तोषी ने भी पहाड़ी गीत लोभी दिला रे, किन्नौरिए सहित पहाड़ी और फिल्मी गीत गाकर दर्शकों को नचाया। इसके अलावा लोक कलाकार सेस राम आजाद, टविंकल टिंकू, डिंपल कुल्लवी, रेजी शर्मा, धर्म सिंह, उर्मिला आजाद ने भी अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन किया।

### इन्होंने भी दी प्रस्तुति

उपरोक्त कलाकारों के अलावा स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों को खूब नचाया। इसमें किशन ठाकुर, सोहन सागर, शारदा शर्मा, पल्लवी ठाकुर, जतिन नेगी, भीम सेन, उरू नेगी, तीनेश्वरी, सोनाक्षी, रोमिता, नीरजा, खेम राज, गगन सिंह सहित 61 कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी।





अंतिम सांस्कृतिक संध्या में स्प्रिंग क्वीन की प्रतिभागी रैंप पर अपना जलवा बिखेरती हुई।

### कूड़ा निष्पादन के लिए मिलजुलकर प्रयास और सामुदायिक सहयोग आवश्यक : डीसी

**डीसी** ने शहर में कूड़ा निष्पादन के लिए, मिलजुलकर प्रयास करने तथा सामुदायिक सहयोग की अपील की। कुल्लू कला संस्कृति की उर्वर भूमि है तथा अपनी संस्कृति के लिए विश्वविख्यात है तथा इसकी प्राकृतिक सुंदरता को बचाने के लिए, कूड़े का उचित निष्पादन आवश्यक है। उन्होंने पत्रकार समुदाय का भी संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया।




किंग ऑफ नाटी के गीतों पर नाटी डालती हुई डीसी कुल्लू, नप के अध्यक्ष व अन्य।

# आनी मेले में 7.5 लाख में डोम 2 लाख में बिका झूले का प्लॉट

**अनंत ज्ञान, आनी**

**7 से 10 मई तक रानी बेहड़ा स्थित मेला मैदान में होगा आयोजित**

क्षेत्र का 100 वर्षों से भी पुराना ऐतिहासिक एवं पारंपरिक जिला स्तरीय आनी मेला इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा।

इस वर्ष यह 4 दिवसीय मेला 7 से 10 मई तक रानी बेहड़ा स्थित मेला मैदान में आयोजित होगा। मेले में क्षेत्र के आराध्य देवता शमशरी महादेव, बयुंगली नाग देवता, देवरी नाग देवता, पनेउई नाग देवता, कुलक्षेत्र महादेव आदि शिरकत करेंगे। मेले का आयोजन स्थानीय पंचायत द्वारा, प्रशासन, पंचायतीराज संस्थाओं और क्षेत्र की जनता के सहयोग से किया जा रहा है। मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं पंचायत आनी के प्रधान लाल सिंह ने बताया कि मेले में डोम और झूले का आवंटन कर दिया गया है। डोम का प्लॉट 7 लाख 5 हजार और झूले का प्लॉट दो लाख में बिका है। इसके अलावा मेला स्थल में वीरवार से स्थान चिन्हित करने और प्लॉट आवंटन का कार्य शुरू हो गया है। लाल सिंह ने बताया कि 7 मई को मेले का शुभारंभ आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार, जबकि 10 मई को प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह मेले के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहेंगे। प्रधान ने बताया कि आनी मेले के सफल आयोजन को लेकर 3 और 4 मई को बैठकें रखी गई हैं। इसमें 7, 8 और 9 मई की रात को होने वाली सांस्कृतिक संध्याओं के कलाकारों, स्टार नाइट्स के स्टार कलाकारों के अलावा दिन के कार्यक्रमों, शुभारंभ और समापन समारोह के मुख्यातिथि आदि सहित मेले के सफल आयोजन की तैयारियों को अंजाम दिया जाएगा।

**विधायक लोकेंद्र कुमार करेंगे मेले का शुभारंभ, विक्रमादित्य सिंह करेंगे समापन**



सोलन में मौसम ने ली करवट, बारिश और ओलावृष्टि से तापमान में आई गिरावट।

## न्यूज ब्रीफ

### परवाणू से लापता नाबालिग वृंदावन से बरामद

**अनंत ज्ञान, परवाणू।** पुलिस ने परवाणू से लापता नाबालिग युवती को मोबाइल लोकेशन के आधार पर यूपी के वृंदावन से ढूंढ निकाला। जानकारी के मुताबिक परवाणू निवासी महिला ने पुलिस थाना परवाणू में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि इसकी भांजी, जो इसके साथ परवाणू में रह रही है, जिसकी उम्र 17 वर्ष है, वह 4 अप्रैल को दिन के समय घर से बिना बताए कहीं चली गई। इसकी तलाश उन्होंने अपने तौर पर अपने रिश्तेदारों व अन्य स्थानों पर की, लेकिन वह कहीं भी नहीं मिली, जिस पर पुलिस थाना परवाणू में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त अभियोग के अन्वेषण के दौरान थाना परवाणू की पुलिस टीम द्वारा नाबालिग की तलाश लगातार की जा रही थी, पिछले कल थाना परवाणू की पुलिस टीम द्वारा तकनीकी जांच पद्धति/काल डिटेल/टावर लोकेशन के आधार पर नाबालिग को वृंदावन से बरामद किया गया, जिससे समस्त कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण करने के पश्चात, परिजनों के हवाले किया गया।

### धुंदन स्कूल में मजदूरों के संघर्षों को किया याद

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रवक्ता महेंद्र पाल कौंडल ने मजदूर दिवस की महत्ता और इतिहास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मजदूरों के अधिकारों और उनके संघर्षों को याद किया और विद्यालय के कर्मचारी ज्ञान गुप्ता को सम्मानित किया गया। भारती एयरटेल फाउंडेशन के प्रतिनिधि संतोष भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के समस्त स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया और मजदूर दिवस की बधाई दी।

### धनी राम रघुवंशी के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** रक्षा मंत्रालय सचिव के ओएसडी प्रेम सिंह रघुवंशी के ताया के बेटे एवं बड़े भाई 74 वर्षीय धनी राम रघुवंशी का प्रातः काल आकस्मिक निधन हो गया। वे अर्की उपमंडल की पंचायत घणागुघाट के गांव ध्यानपुर के निवासी थे और शिक्षा विभाग में शारीरिक शिक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उन्होंने अपने सेवा काल में खो-खो, कबड्डी जैसे खेलों में जिला एवं राज्य स्तर पर उल्लेखनीय योगदान दिया। वे कई बार शील्ड विजेता टीम के अभिन्न हिस्सा रहे और उन्हीं के ही स्कूल में लगातार शील्ड रहती थी। सेवानिवृत्ति के बाद वे सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय रहे और ग्राम पंचायत घणागुघाट के प्रधान पद पर भी सेवाएं दीं व लंबे समय तक ब्लॉक कांग्रेस अर्की के कोषाध्यक्ष भी रहे। स्वास्थ्य मंत्री धनी राम शांडिल, अर्की के विधायक संजय अवस्थी, अर्की ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सतीश कश्यप, राज्य उपाध्यक्ष सेवादल सुशील ठाकुर, राज्य सचिव सेवादल सुरेंद्र वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष सेवादल संजय ठाकुर, पूर्व बीडीसी उपाध्यक्ष ऋषि देव शर्मा आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया।

### कंडाघाट के कई हिस्सों में आज बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 2 मई को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी वरिष्ठ अधीक्षण अभियंता सोलन राहुल वर्मा ने दी। राहुल वर्मा ने कहा कि प्रातः 9 से सायं 6 बजे तक कंडाघाट, डोलग, परोथा, डेडघराट, टिक्कर, माही, सिरीनगर, हाथो, पलेच, शलुमना, हिमुडा कॉलोनी, वाकनाघाट, छावसा, डुमैहर, कोट, क्वाराण, कोठी, बाड़ा, आंजी ब्राह्मणा, सैंज, गोग, कैथलीघाट, शालाघाट, क्यारीबंगला, बीशा, बाशा, सूरो, जेपी विश्वविद्यालय, चायल, दोची, मिलिट्री स्कूल, जीतनगर, आलमपुर, भालबाग, ह्रिन्नर, कुराला मिहानी, बिणु, डुबलू, नगाली एवं आस-पास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। खराब मौसम अथवा अन्य कारणों से उपरोक्त निर्धारित तिथि व समय में बदलाव किया जा सकता है।

### 7 को जमटा में होगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** आयुष विभाग द्वारा सिरमौर जिले के अंतर्गत नाहन विकासखंड की पंचायत जमटा के पंचायत घर में आगामी 7 मई को प्रातः 10.30 बजे स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें आयुष चिकित्सा अधिकारी लोगों की स्वास्थ्य जांच करेंगे। यह जानकारी जिला आयुष अधिकारी इंदु शर्मा ने दी।

### किसानों को जल्द मुआवजा दे सरकार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले में देहरादून से पांवटा एनएच का निर्माण कार्य चला हुआ है, लेकिन पांवटा क्षेत्र में जिन किसानों की जमीन आई है, वह लोग मुआवजे की मांग को लेकर पिछले काफी समय से धरने पर बैठे हुए हैं। पांवटा के स्थानीय विधायक सुखराम चौधरी वीरवार को नाहन में पहुंचे और मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों के क्लेम जल्द इन्हें मिलने चाहिए। इसी विषय को लेकर वह केंद्रीय मंत्री नीतिन गडकरी से दिल्ली में व अनुराग ठाकुर से साथ मिले थे और उन्होंने 15 दिनों में इन्हें क्लेम देने के निर्देश दिए थे। जानकारी के अनुसार इनके क्लेम पर स्टे लगा हुआ है, लेकिन डिविजनल कमिश्नर इनका पहले सेटल हुआ मुआवजा दे सकता है। ऐसे में उन्होंने सरकार से मांग की है कि जल्द इनका क्लेम इन्हें प्रदान किया जाए।

### प्राकृतिक रूप से तैयार गेहूं की खरीद शुरू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। इसके तहत सिरमौर में भी इस खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। आत्मा परियोजना के तहत पंजीकृत किसानों से अब प्राकृतिक रूप से तैयार गेहूं की खरीद की जा रही है। इससे पूर्व इसी तर्ज पर मक्का की खरीद की गई थी और अब गेहूं को सरकारी निर्धारित मूल्य पर किसानों से खरीदा जा रहा है। जिले में 11 हजार किसान लगभग 22 हजार हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। प्राकृतिक खेती उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार ने यह पहल की है। आत्मा परियोजना के परियोजना उपनिदेशक डॉ. साहेब सिंह ने बताया कि प्राकृतिक गेहूं को 1160 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा। इसके इलावा विभाग द्वारा थ्री स्टार रेटिंग वाले किसानों से खरीद की जाएगी। उन्होंने किसानों से जल्द इसके लिए आवेदन करने का भी अनुरोध किया। निदेशक ने बताया कि प्राकृतिक खेती के तहत उन क्षेत्रों में किसान हल्दी उगाएं, जो कि बंदरों व जंगली जानवरों की आशंका वाले हैं। हल्दी की उन्नत किस्म कृषि विज्ञान केंद्र धौलाकुआं में उपलब्ध है।

### प्रियंका वर्मा ने संभाला डीसी सिरमौर का कार्यभार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** प्रियंका वर्मा ने जिला सिरमौर के उपायुक्त के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। वह चंबा जिले से संबंध रखती हैं और एमबीए हैं। इससे पूर्व प्रियंका वर्मा ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक के पद पर अपनी सेवाएं दी हैं। वह जुलाई, 2019 से जून, 2021 तक जिला सिरमौर में अतिरिक्त उपायुक्त के रूप में अपनी सेवाएं भी दे चुकी हैं। जिला सिरमौर में उपायुक्त के तौर पर सेवाएं देने के बाद मीडिया से बात करते हुए वर्मा ने कहा कि यह जिला भर व्यापक है, जहां मैदान से लेकर पहाड़ी क्षेत्र हैं और उनकी यह प्राथमिकता रहेगी कि सभी क्षेत्रों में समान विकास कार्य हो। वह खुद यहां पहले एडीसी के तौर पर सेवाएं दे चुकी हैं और जिले से पूरी तरह से वाकिफ हैं। इसके इलावा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचे यह भी सुनिश्चित किया जाएगा। जल्द ही सभी विभागों के अधिकारियों से जिले में विकास कार्यों की प्रगति समस्याओं व उनके समाधान आदि बारे फीडबैक लिया जाएगा और विकास कार्यों को गति दी जाएगी।

## एमसी से घरेलू कनेक्शन लेकर किया व्यावसायिक उपयोग, अब होगी रिकवरी

# सोलन में पानी के 20 अवैध कनेक्शन पकड़े

**आर मोहन चौहान, सोलन**

शहर में पानी के अवैध कनेक्शन को लेकर नगर निगम सोलन लगातार कार्रवाई कर रहा है। ताजा मामले में निगम की टीम ने शहर में 20 ऐसे कनेक्शन पकड़े हैं, जिन्हें घरेलू उपयोग के लिए लिया गया था पर इसका उपयोग व्यावसायिक गतिविधि के लिए किया जा रहा था।

निगम ने अब इस पर कार्रवाई की तैयारी कर ली है। इसके तहत ऐसे भवन मालिकों से कनेक्शन लेने के दिन से अब तक व्यावसायिक दर से बिल की वसूली की जाएगी। बता दें कि नगर निगम पर जल शक्ति विभाग से मिल रहे पानी की एवज में देनदारी बढ़ती जा रही है। निगम पर करीब 100 करोड़ से अधिक की देनदारी है। ऐसे में निगम अब अवैध कनेक्शन और पानी की चोरी को रोकने के लिए कड़े कदम उठा रहा है। (अनंत ज्ञान)



नगर निगम सोलन का कार्यालय।

> पानी के अवैध कनेक्शन को ढूंढने की मुहिम के तहत शहर में 20 ऐसे कनेक्शन मिले हैं, जो घरेलू कनेक्शन थे पर इसका उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा था। निगम अब कनेक्शन के समय से अब तक व्यवसायिक दर के हिसाब से बिल वसूल करेगा।
>
> **एकता कापटा, आयुक्त, नगर निगम सोलन।**

### टीम को कनेक्शन चेक करने के निर्देश

**नगर** निगम की तरफ से गठित टीम फील्ड में उतरकर अवैध कनेक्शन का पता लगा रही है। इसे पहले टैंक रोड में सरकारी आवासीय प्लेट में करीब अवैध कनेक्शन पकड़े थे। प्लेट में निगम की तरफ से पानी की सप्लाई हो रही थी पर पानी का बिल जमा नहीं हो रहा था। निगम ने जुर्माना लगाकर नए कनेक्शन जारी किए। वहीं, अब आने वाले दिनों में शहर में अवैध रूप से लगे पानी के कनेक्शन काटने की मुहिम तेज होगी। नगर निगम एक बार फिर से इस मुहिम को चलाने जा रहा है। ऐसे में जिन भी लोगों ने नगर निगम से बिना सूचना के अपने घरों में अवैध कनेक्शन लगाए हैं, उन पर कार्रवाई तय है। गर्मियों में पानी की भारी किल्लत को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने नगर निगम को शहर में पानी के अवैध कनेक्शन ढूढ़ने को कहा है।

### निगम का पानी की लीकेज को रोकना लक्ष्य

**नगर** निगम ने निर्णय लिया है कि जहां भी पानी की लीकेज की समस्या देखने को मिल रही है, वहां तुरंत प्रभाव से नई पाइप लाइन को बिछाया जाएगा। फिलहाल बाजार में गंज बाजार, टैंक रोड सहित कई जगह पर पानी की पाइप से लीकेज देखने को मिल रही है। इसी को देखते हुए नगर निगम ने यह फैसला लिया है। हालांकि, अभी भी शहर के कई क्षेत्रों में लीकेज के कारण पानी की बर्बादी हो रही है।

## पारंपरिक खेल दंगल के संरक्षण के लिए सभी का योगदान आवश्यक : अवस्थी



दंगल प्रतियोगिता के दौरान पहलवानों से मिलते विधायक अर्की संजय अवस्थी।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि दंगल हमारे पारंपरिक खेल हैं और इसके संरक्षण के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। संजय अवस्थी ने अर्की की पंचायत बागा करोग के शालुघाट में खेलकूद एवं दंगल समिति मांगल (बागा) द्वारा आयोजित एकदिवसीय दंगल प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि दंगल हमारी समृद्ध संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। इस पारंपरिक खेल के संरक्षण में और इसे आगे बढ़ाने में दंगल समितियों व पहलवानों का महत्वपूर्ण योगदान है। नशा वर्तमान में समाज के समक्ष एक चुनौती बनकर उभरा है। युवाओं को नशे से दूर रखने व उन्हें शारीरिक विकास की ओर आकर्षित करने के लिए ऐसे खेल अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि दंगल में आए पहलवानों से प्रेरणा लेकर अपने दैनिक जीवन में खेलों को महत्व देना आरंभ करें। उन्होंने कहा कि खेलों से जुड़कर न केवल युवा शारीरिक तौर पर मजबूत बनेंगे, बल्कि मानसिक रूप से एकाग्र भी होंगे। उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि हार-जीत के अनुभवों का अनुसरण कर जीवन में निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास करें। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू खेलों व खिलाड़ियों के प्रति संवेदनशील हैं। खेलों व खिलाड़ियों के संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित की गई हैं। उन्होंने कहा कि ओलपिंक्स खेलों की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर दी जानी वाली पुरस्कार राशि 3 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपए, रजत पदक जीतने पर पुरस्कार राशि 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ रुपए तथा कांस्य पदक जीतने पर पुरस्कार राशि को एक करोड़ रुपए से बढ़ाकर 2 करोड़ रुपए किया गया है। उन्होंने आयोजक समिति को 31 हजार रुपए देने की घोषणा की।

## डिपो में मिलने वाला राशन सूचना पट्ट पर करें प्रदर्शित : दिनेश शर्मा



उचित मूल्य के दुकान धारकों की बैठक की अध्यक्षता करते दिनेश शर्मा।

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट**

कंडाघाट विकास खंड के उचित मूल्य की दुकान धारकों की बैठक निरीक्षक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले दिनेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

इसमें खंड के सभी उचित मूल्य की दुकान धारकों को निर्देश दिए कि राशन डिपो में पारदर्शिता रखें। वस्तुओं का विवरण, मिलने वाली मात्रा और इसका मूल्य नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित रखें। उन्होंने इसकी सराहना की कि डिपुओं में राशन विधिवत वितरित किया जा रहा है। उन्होंने डिपो होल्डर की पॉस मशीन संबंधित समस्याओं को सुना व निर्देश दिए कि ईकेवाईसी में गति लाई जाए, ताकि किसी राशन उपभोक्ता को कोई परेशानी न हो। बैठक में खंड की सभी 34 उचित मूल्य की दुकानों के धारकों, को-ऑपरेटिव सोसायटी के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

## 12वीं के छात्र ने की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा साहिब उपमंडल में 17 साल के एक नाबालिग ने पंखे से लटक कर अपनी जान दे दी। मृतक गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल पांवटा साहिब में 12 कक्षा का छात्र था। छात्र ने ऐसा खौफनाक कदम क्यों उठाया, फिलहाल इसका खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सिविल अस्पताल पांवटा साहिब से सूचना मिली कि अद्भुत शर्मा (17) पुत्र पंकज शर्मा निवासी गांव बड़गांव तहसील एवं जिला करनाल, हरियाणा को ब्रॉट डेड अस्पताल लाया गया। सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची। पूछताछ पर पता चला कि मृतक छात्र अपने माता-पिता के साथ वार्ड नंबर-6 में अक्षय डेंटल कॉलेज के समीप किराये के मकान में रह रहा था। उधर, डीएसपी पांवटा साहिब मानवेंद्र सिंह ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है।

## चिट्टा सप्लाई में संलिप्त युवक हरियाणा से काबू

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पुलिस ने चिट्टा सप्लाई में संलिप्त हरियाणा के एक युवक को गिरफ्तार किया है। इस मामले में कैथल हरियाणा निवासी दो आरोपियों प्रदीप और मोहित को पहले ही 157 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया जा चुका है।

इस अभियोग की आगामी जांच की गई। इसमें इस चिट्टे की खेप के सप्लायर आरोपी के बारे में पता लगाया गया, जो भौतिक और तकनीकी साक्ष्यों के अन्वेषण के दौरान पाया गया कि गिरफ्तार आरोपियों के साथ उक्त मामले में एक अन्य व्यक्ति, जो हरियाणा का रहने वाला है वह भी शामिल है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस थाना सदर सोलन की टीम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे। जांच के दौरान उक्त आरोपी का तकनीकी विश्लेषण किया गया। इसके आधार पर पुलिस थाना सदर सोलन की टीम द्वारा उक्त मामले में संलिप्त आरोपी सोनू पुत्र स्व. वेदपाल निवासी गांव व डाकखाना कलयात तहसील कलायत जिला कैथल हरियाणा उम्र 30 वर्ष को सोलन पुलिस की टीम द्वारा भिवानी हरियाणा में दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर 4 दिन की पुलिस हिरासत में लिया गया है। इसकी टाटा नेक्सॉन गाड़ी को भी जब्त किया गया है। जांच के दौरान पाया गया कि उक्त आरोपी हरियाणा में चिट्टे का एक बहुत बड़ा सप्लायर है, जो दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब और हिमाचल राज्यों में चिट्टे की सप्लाई कर रहा था। इसके खिलाफ पुलिस थाना कलायत हरियाणा में चिट्टा/हेरोइन की एक मामला दर्ज ह। इसमें उक्त आरोपी के कब्जे से 24 ग्राम हेरोइन बरामद की गई थी। मामले में जांच जारी है।



## संजौली से उद्घोषित अपराधी गिरफ्तार

**सोलन।** थाना धर्मपुर की पुलिस टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर एक उद्घोषित अपराधी भाग चंद पुत्र मोहन लाल निवासी गांव फागली डाकघर नाभा तहसील व जिला शिमला उम्र 28 वर्ष को जिला शिमला के संजौली से गिरफ्तार किया गया, जिस पर पुलिस थाना धर्मपुर में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस थाना धर्मपुर में पंजीकृत एक चोरी के अभियोग संख्या 12/2017 9 जनवरी, 2017 धारा 379,411 भादस में न्यायालय द्वारा बार-बार बुलाने पर भी पेश न होने के कारण 2 मई को भगौड़ा अपराधी घोषित किया था तथा आरोपी अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार अपने ठिकाने बदल रहा था, जिसकी तलाश पुलिस थाना धर्मपुर की टीम द्वारा लगातार की जा रही थी। उक्त आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन के लिए जेल भेजा गया है। मामले में जांच जारी है।

## स्ट्रॉबेरी फील्ड्स स्कूल ने वेल्हम गर्ल्स को हराया

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइन ग्रोव स्कूल धर्मपुर में चल रहे 13वें अखिल भारतीय मेजर जगपाल मेमोरियल जूनियर इंटर पब्लिक स्कूल बास्केटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन भी जोश व उत्साह की कोई सीमा नहीं थी। सभी टीमों ने अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए कमर कसते हुए रोमांचक मैचों की श्रृंखला में भाग लिया।

लड़कियों के पहले दिन के खेल में स्ट्रॉबेरी फील्ड्स हाई स्कूल ने वेल्हम गर्ल्स स्कूल के खिलाफ 21-11 से जीत दर्ज की, जबकि श्री राम स्कूल ने मेजबान स्कूल की पीजीएस(वाई) टीम के खिलाफ मुकाबले में 30-2 के शानदार स्कोर से जीत हासिल कर अपना लोहा मनवाया। लड़कों के मैच के अंतर्गत स्ट्रॉबेरी फील्ड्स हाई स्कूल ने पंजाब पब्लिक स्कूल को 60-04 से तो, लड़कों की पीजीएस (बी) टीम ने वेल्हम ब्वॉयज स्कूल के खिलाफ 34-22 से जीत हासिल करते हुए अगले पायदान में अपनी जगह बनाई। एक अन्य मुकाबले में डेली कॉलेज की टीम ने पीजीएस (वाई) के खिलाफ 30-02 से विजय प्राप्त कर जीत का सिलसिला जारी रखा।



पाइनग्रोव स्कूल में खेली जा रही बास्केटबॉल प्रतियोगिता के मैच में दमखम दिखाती खिलाड़ी।

1 मई को खेले गए लड़कियों के मुकाबलों में श्री राम स्कूल ने डेली कॉलेज की टीम के खिलफ खेलते हुए 42-9 के शानदार स्कोर से जीत हासिल की। वहीं, पीजीएस (बी) टीम ने वेल्हम गर्ल्स स्कूल के खिलाफ कड़े मुकाबले में 21-20 से जीत हासिल कर अपना दबदबा कायम रखा। लड़कों के मैचों की श्रृंखला में बीसीएस नेपीजीएस(वाई)के खिलाफ 30-04 से बाजी मारी। वहीं, वेल्हम ब्वॉयज स्कूल ने पंजाब पब्लिक स्कूल के खिलाफ 18-6 से जीत हासिल की। डेली कॉलेज की टीम ने मेयो कॉलेज की टीम के खिलाफ खेलते हुए 32-13 से शानदार जीत हासिल की। आज के सायं कालीन मुकाबलों में सेमिफाइनल खेले जाएंगे। लड़कियों का सेमीफाइनल मैच शाम 5:30 बजे से श्री राम स्कूल बनाम स्ट्रॉबेरी फील्ड्स हाई स्कूल तथा पीजीएस (बी)बनाम डेली कॉलेज के बीच खेले जाएंगे। इन्हीं से विजेता टीमें ग्रैंड फिनाले में अपना स्थान सुनिश्चित करेंगी।

## मजदूरों को कानूनी अधिकारों व निशुल्क कानूनी सहायता के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिरमौर के द्वारा मजदूरों के लिए एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संजीव कुमार ने मजदूरों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे व निशुल्क कानूनी सहायता के बारे में बताया। मेरा गांव मेरा देश सहारा संस्था के निदेशक डॉ. अनुराग गुप्ता ने मजदूरों को कहा कि वह देश के निर्माता हैं, अगर मजदूर न हो तो कोई भी देश तरक्की नहीं कर सकता। श्रम एवं कल्याण विभाग से मोटिवेटर कोमल चौहान ने मजदूरों को सरकारी योजनाओं के बारे में बताया व भवन निर्माण कल्याण बोर्ड में कैसे मजदूर पंजीकृत हो कर इसका लाभ उठा सकते हैं। इस दौरान ठेकेदार यूनुस, ठेकेदार हनिफ व कामगार मजदूर मौजूद रहे।



अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस को लेकर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते लोग।

## आईसीएससी बोर्ड के नतीजों में शगुन ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** देश के आईसीएससी बोर्ड द्वारा बुधवार को 10वीं कक्षा के घोषित नतीजों में शहर के विख्यात शिक्षण संस्थान कारमल कॉन्वेंट स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा।

स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर उदया ने बताया कि घोषित आईसीएससी के नतीजों में स्कूल की दसवीं कक्षा की छात्रा शगुन वर्मा 97.4 फीसदी अंक लेकर प्रथम रही। इसी कड़ी में स्कूल की सोनाक्षी गर्ग, 97 फीसदी द्वितीय व शानवी अरोड़ा, चितवन अग्रवाल, दक्ष ठाकुर 96.2 फीसदी अंक अर्जित कर तृतीय स्थान पर रहे। प्रिंसिपल ने बताया कि स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। उन्होंने परीक्षा में अव्वल आने वाले छात्रों को बधाई देते हुए उनके बेहतर भविष्य की कामना की है।

**संबोधन** मंगला माता मेले में बोले- मेले, उत्सव व त्योहार हमारी समृद्ध संस्कृति के परिचायक

# शांडिल ने सामुदायिक भवन को दिए पांच लाख

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि मेले, उत्सव व त्योहार हमारी समृद्ध संस्कृति के परिचायक है। डॉ. शांडिल सोलन विधानसभा क्षेत्र की पंचायत देलगी में मंगला माता मेले में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने इससे पूर्व मंगला माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि व स्वास्थ्य की कामना की।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मेले, उत्सव व त्योहार हमारी प्राचीन व समृद्ध संस्कृति की पहचान है। मेलों से जहां लोगों में आपसी मेल-जोल बढ़ता है। वहीं, युवा पीढ़ी को भी अपनी संस्कृति से रू-ब-रू होना का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि मेले व उत्सवों से व्यापारिक गतिविधियां भी बढ़ती है, जिससे क्षेत्र की आर्थिकी सुदृढ़ होती है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट के इस युग में लोगों के बीच भाईचारे बढ़ाने के लिए मेले व त्योहारों की महत्वता और अधिक बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि विकास एक निरंतर प्रक्रिया है और किसी भी समाज के विकास में लोगों की एकजुटता महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को समयबद्ध पूर्ण करने के लिए प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित बनाएं, ताकि विकास की गति को तेज किया जा सके। डॉ. शांडिल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण विकास के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं कार्यान्वित की गई हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास के लिए सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कृषि सवंर्धन योजना, हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण संवर्धन परियोजना, मुख्यमंत्री खेत संरक्षण योजना जैसी योजनाएं आरंभ की गई हैं, ताकि किसानों की आर्थिकी और सुदृढ़ हो सके।



ग्राम पंचायत देलगी में मंगला माता मेले में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते स्वास्थ्य मंत्री।

उन्होंने मंगला माता मंदिर मैदान के समीप सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनीं और संबन्धित अधिकारियों को इनके शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। इस अवसर पर कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी, पंचायत देलगी की प्रधान प्रोमिला शर्मा, पंचायत देलगी के उपप्रधान सीता राम, बीडीसी सदस्य सुषमा आदि मौजूद रहे।

# 209 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 5 मई को

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन जिले के चंबाघाट और बद्दी में कंपनियों की ओर से 209 पदों पर भर्ती की जाएगी। शिवालिक बायोमेटल कंट्रोल लिमिटेड चंबाघाट सोलन में 9 पदों पर भर्ती के लिए कैंपस इंटरव्यू 5 मई को जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय सोलन में होगा।

जिला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता जमा दो, फीटर, वेल्डर, बीटेक मेकेनिकल है। अभ्यर्थी की आयु 22 से 29 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। इसके अलावा वर्धमान टेक्सटाइल्स लिमिटेड बद्दी में 200 पदों पर भर्ती के लिए कैंपस इंटरव्यू भी होगा। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता आठवीं से जमा दो पास व आयु 18 से 30 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। आवेदक की न्यूनतम ऊंचाई 5 फुट, न्यूनतम वजन महिलाओं के लिए 42 किलोग्राम तथा पुरुषों के लिए 50 किलोग्राम होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पदों पर भर्ती की विस्तृत जानकारी के लिए आवेदक विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस पर प्राप्त कर सकते हैं।

सभी आवेदक विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस पर कैंडिडेट लॉगइन टैब से पंजीकृत करने के उपरांत रजिस्ट्रेशन प्रोफाइल पर अधिसूचित रिक्तियों के लिए अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन करने से पूर्व प्रत्येक आवेदक का नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इच्छुक उम्मीदवार अपनी योग्यता संबंधी सभी अनिवार्य प्रमाण पत्रों व दस्तावेजों सहित जिला रोजगार कार्यालय सोलन में 5 मई को सुबह 10: 30 बजे पहुंचकर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि आवेदक को कोई भी यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### मतदाता सूचियों में सुधार लाने में जुटा चुनाव आयोग

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** अप्रैल- हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि भारत के चुनाव आयोग ने मतदाता सूचियों की सटीकता में सुधार लाने और मतदान प्रक्रिया को नागरिकों के लिए और अधिक सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से नई पहल की है। उन्होंने बताया कि आयोग अब मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 9 और जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 (जैसा कि 2023 में संशोधित) की धारा 3(5)(बी) के अनुरूप भारत के रजिस्ट्रार जनरल से मृत्यु पंजीकरण डेटा इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करेगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) को पंजीकृत मौतों के बारे में समय पर जानकारी मिल सके। इससे बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को फॉर्म 7 के इंतजार के बिना फिल्ड विजिट के दौरान ही पुनः सत्यापित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचना पर्चियों (वीआईएस) को मतदाताओं के लिए अधिक अनुकूल बनाने के लिए आयोग ने इसके डिजाइन में भी बदलाव करने का फैसला किया है। पर्चियों पर मतदाता की क्रम संख्या और भाग संख्या अब अधिक प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी। इसके अलावा फ़ॉन्ट का आकार भी बढ़ाया जाएगा, जिससे मतदाताओं के लिए अपने मतदान केंद्र की पहचान करना आसान हो जाएगा और मतदान अधिकारी भी मतदाता सूची में मतदाता का नाम आसानी से ढूंढ सकेगा।

### महिला वैज्ञानिकों के सम्मान में हुई भाषण प्रतियोगिता



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय, चंडीगढ़ के रिसर्च प्रमोशन सेल द्वारा 'रोल ऑफ वुमेन साइंटिस्ट्स इन रिसर्च' विषय पर एक अंतर-महाविद्यालयीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य उन महिला वैज्ञानिकों के अमूल्य योगदान को याद करना था, जिन्होंने अपनी प्रतिभा, समर्पण और दृढ़ संकल्प से विज्ञान की दुनिया को नई दिशा दी, साथ ही युवा विद्यार्थियों को अनुसंधान और नवाचार के प्रति प्रेरित किया। प्रतियोगिता में कुल 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जहां प्रत्येक प्रतिभागी को अंग्रेजी, हिंदी या पंजाबी में से किसी एक भाषा में तीन से चार मिनट का वक्तव्य प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया। मूल्यांकन का आधार विषयवस्तु, प्रस्तुति शैली, भाव-प्रवणता और समय प्रबंधन था। बीएससी प्रथम वर्ष (नॉन-मेडिकल) की तन्वी घई ने इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बीए द्वितीय वर्ष की त्रतिका शर्मा ने द्वितीय स्थान, बीए तृतीय वर्ष की साल्वी गुप्ता और बीकॉम द्वितीय वर्ष की अस्मिता ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीए प्रथम वर्ष की नैंसी और बीएससी प्रथम वर्ष (कंप्यूटर एप्लिकेशन) की सीरत को प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यवाहक प्राचार्या नीना शर्मा ने रिसर्च प्रमोशन सेल की इस पहल की सराहना की, जिसने पथप्रदर्शक महिला वैज्ञानिकों की प्रेरणादायक कहानियों और उनके अद्वितीय कार्यों को सामने लाकर विद्यार्थियों को उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ अनुसंधान की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### सफाई का निरीक्षण करने के लिए अधिकारी नियुक्त

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** यूटी प्रशासन में सर्वोच्च प्राधिकारी के निर्देशानुसार, चंडीगढ़ प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को सेक्टर-26 मंडी, चंडीगढ़ में सफाई का मासिक शाम का निरीक्षण करने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वह अपनी टिप्पणियों को तस्वीरों के साथ दर्ज करें और नियमित आधार पर किए जाने वाले मासिक शाम के सफाई निरीक्षणों के संबंध में अपनी निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इन अधिकारियों अखिल कुमार दानिक्स, अमित कुमार दानिक्स, हरसुहिंदरपाल सिंह बराड़, पीसीएस, रूबिंदरजीत सिंह बराड़, पीसीएस, डॉ. रिचा, एचसीएस, प्रद्युमन सिंह, एचसीएस,सौरभ अरोड़ा, पीसीएस, सुश्री पालिका अरोड़ा, पीसीएस, सुश्री शशि वसुंधरा, एचसीएस, पवित्र सिंह, पीसीएस, सुमीत सिहाग, एचसीएस, जसबीर सिंह और राजीव तिवारी को मासिक शाम की सफाई निरीक्षण करने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया है।

# स्वास्थ्य मंत्री राव ने अटेली हलके को 639.21 करोड़ की दी सौगात

## 38 दिव्यांगों को 4.62 लाख की ई-ट्राइसाइकिल व अन्य सहायक उपकरण किए वितरित

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने आज अटेली विधानसभा क्षेत्र को 6.39 करोड़ रुपए की लागत की 70 विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं की सौगात दी। राव ने वीरवार को कनीना में आयोजित कार्यक्रम में 3.94 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन व 2.40 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इसके अलावा, उन्होंने जिला रेडक्रॉस व एलीम्को के सहयोग से 38 दिव्यांग व्यक्तियों को 4.62 लाख रुपए की लागत की इलेक्ट्रिक ट्राइसाइकिल व अन्य सहायक उपकरण भी वितरित किए।



इस अवसर पर नागरिकों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य नागरिक अस्पतालों में प्राथमिक उपचार से लेकर उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है। स्वास्थ्य मंत्री ने अटेली विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि यह कार्य तो केवल ट्रेलर है। विकास की तस्वीर अभी बाकि है।

उन्होंने कहा कि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। हाल ही में नागरिक अस्पताल नारनौल को एक करोड़ रुपए की लागत की ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन मशीन दी गई है, जिसमें ब्लड के विभिन्न कंपोनेंट तैयार किए जा सकेंगे तथा प्लेटलेट्स के अलावा डेंगू के मरीजों के लिए फ्रेश फ्रोजन प्लाज्मा आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# मेयर ने की 'ड्रग फ्री चंडीगढ़ वॉक' अभियान की तैयारियों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



मेयर हरप्रीत कौर बबला ने वीरवार को 'ड्रग फ्री चंडीगढ़ वॉक' अभियान की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। इस बैठक में एमसी कमिश्नर अमित कुमार, आईएएस, अन्य संयुक्त आयुक्तगण, मुख्य अभियंता सहित वरिष्ठ अधिकारी व चंडीगढ़ व्यापार मंडल व अन्य संगठनों के पदाधिकारी भी बैठक में शामिल हुए। बैठक के दौरान 3 मई को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम 'ड्रग फ्री चंडीगढ़ वॉक' के लिए विस्तृत योजना पर चर्चा की गई।

यह अभियान पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य नशा उन्मूलन के प्रति जागरूकता फैलाना और विशेष रूप से युवाओं में सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। इस पहल का फोकस शिक्षा और जागरूकता बढ़ाने, स्वयंसेवा को सशक्त करने, और सामूहिक कार्रवाई के माध्यम से नशे की सामाजिक समस्या से निपटने पर है। मेयर ने बैठक के दौरान समुदाय की सक्रिय भागीदारी को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया और निर्देश दिया कि आरडब्ल्यूए और एमडब्ल्यूए से अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी हितधारकों से अपील की कि वे एकजुट होकर इस अभियान को सफल बनाने के लिए सहयोग करें। नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, आईएएस ने जानकारी दी कि सेक्टर 17 प्लाजा में एक बड़ा कार्यक्रम चंडीगढ़ व्यापार मंडल द्वारा आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार सेक्टर 22 में मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा एक विशेष गलियारा समर्पित किया जाएगा।

कमिश्नर ने आगे बताया कि इस अभियान के तहत शहर के सभी सामुदायिक केंद्रों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें नुक्कड़ नाटक, नाट्य प्रस्तुति और जागरूकता वीडियो शामिल होंगे। साथ ही मुख्य कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट भी किया जाएगा जो सेक्टर 17 के तिरंगा पार्क में आयोजित होगा।

# चंडीगढ़ जल संरक्षण के क्षेत्र में देश के लिए बनेगा प्रेरणा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ नगर निगम ने आज से शहरभर में वर्षा जल संचयन संरचनाओं की सफाई हेतु 'जल संचय जन भागीदारी' पहल के तहत एक से 7 मई 2025 तक एक सप्ताह का सफाई अभियान शुरू किया है। इस अभियान के बारे में बात करते हुए शहर की महापौर हरप्रीत कौर बबला ने कहा कि इस पहल के तहत शहर की सभी वर्षा जल संचयन संरचनाओं की सफाई की जा रही है, ताकि वर्षा जल संचयन को बढ़ावा दिया जा सके और दीर्घकालिक जल स्थिरता सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल एक नीति नहीं है, बल्कि यह एक प्रयास और एक सद्गुण भी है, इसमें उदारता भी है और जिम्मेदारी भी। उन्होंने कहा कि जल केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन और मानवता के भविष्य का प्रश्न है। उन्होंने जल संरक्षण के इस सार्थक प्रयास में जन भागीदारी की शुरुआत पर प्रसन्नता व्यक्त की।

नगर निगम चंडीगढ़ के आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने इस अवसर पर कहा कि चंडीगढ़ जल संरक्षण के क्षेत्र में देश के लिए एक प्रेरणा बनेगा। उन्होंने जागरूक नागरिक, जन भागीदारी और जन आंदोलन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जल संरक्षण केवल नीतियों का विषय नहीं, बल्कि एक सामाजिक प्रतिबद्धता भी है। उन्होंने कहा कि जल तभी बचाया जा सकता है जब उसका दुरुपयोग समाप्त हो, खपत कम हो, जल का पुनः उपयोग हो, जल स्रोत पुनर्भरित हों और दूषित जल का पुनर्चक्रण किया जाए। उन्होंने इस मिशन में नवाचार और आधुनिक तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

# सीनियर डिप्टी मेयर ने रोड विंग कर्मियों संग मनाया मजदूर दिवस

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर 42 के कम्युनिटी सेंटर में चंडीगढ़ नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर व वार्ड नंबर 24 के पार्षद जसबीर सिंह बंटी ने रोड विंग कर्मचारियों के साथ मजदूर दिवस मनाया। इस मौके पर सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी ने कर्मचारियों के साथ अपने विचार सांझा किए। सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी ने कहा कि यह दिन मजदूरों और श्रमिक वर्ग के लोगों को सम्मान देने, उनके अधिकारों की रक्षा करने और उनके योगदान को याद करने के लिए समर्पित है।

जसबीर सिंह बंटी ने मजदूर दिवस की अहमियत बताते हुए कहा कि आज कर्मचारियों के साथ बहुत ही अन्याय हो रहा है। वह दिन-रात हमारे लिए काम में लगे रहते हैं। इसके बावजूद उनका दो-दो तीन-तीन महीने वेतन लंबित है। उन्हें समय से सैलरी नहीं मिलती। जिन्होंने देश और शहरों के निर्माण और विकास में पूरा सहयोग दिया है, वो ही अपने हक और अधिकारों के लिए तरसते हैं। अपने परिवार का पालन पोषण करने के लिए मजबूर हो रहे हैं। मजदूर और सोसाइटी के अभिन्न अंग हैं। हम सब को उनके हक अधिकार को समझना चाहिए और उन्हें पूर्ण मान सम्मान देना चाहिए।

# हरियाणाः एक माह में बढ़े 54 हजार गरीब परिवार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार के प्रयासों के बावजूद प्रदेश में फिर से गरीबों की संख्या बढ़ गई है। एक माह के भीतर हरियाणा में 54 हजार नए बीपीएल परिवार सरकार की सूची में शामिल किए गए हैं। हरियाणा सरकार ने 20 अप्रैल तक प्रदेश वासियों को अंतिम चेतावनी दी थी कि वह परिवार पहचान पत्र में किए गए फर्जीवाड़े को छोड़ दें और स्वेच्छा से संशोधन करवाएं। इससे गरीब परिवार घटने के बजाय बढ़ गए। सरकार के आंकड़ों के मुताबिक 30 अप्रैल तक हरियाणा में बीपीएल परिवारों की संख्या में 54 हजार की वृद्धि हुई है। प्रदेश में 30 मार्च को बीपीएल परिवारों की संख्या 51 लाख 96 हजार 380 थी। 30 अप्रैल तक यह बढ़कर 52 लाख 50 हजार 740 पहुंच गई। 30 मार्च से 30 अप्रैल तक के दौरान प्रदेश में जो 54 हजार बीपीएल परिवार बढ़े हैं।

# गुरमीत राम रहीम 21 दिन की पैरोल के बाद वापस पहुंचे सुनारिया जेल

**अनंत ज्ञान, रोहतक।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम 21 दिन की पैरोल के बाद सुनारियां जेल लौट आए। इस दौरान जेल परिसर में सुरक्षा के अतिरिक्त प्रबंध किये गए थे। इस बार राम रहीम सिरसा डेरे में ही रहे, इससे पहले राम रहीम पैरोल या फरलो के दौरान यूपी के बरनावा स्थित डेरे पर रहते थे। डेरा प्रमुख की पैरोल को लेकर विपक्ष ने सवाल उठाए थे कि राम रहीम को सरकार समय-समय पर पैरोल दे रही है। जिस पर जेल मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने जवाब दिया था कि जेल के नियमानुसार ही राम रहीम को पैरोल या फरलो दी गई है।

### केन्या में विपक्षी नेता की गोली मारकर हत्या

**एजेंसी, नैरोबी।** अफ्रीकी देश केन्या में बुधवार रात विपक्षी नेता की बीच बाजार गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना राजधानी नैरोबी में घटी। पुलिस का कहना है कि हत्या की यह घटना सुनियोजित थी और विपक्षी सांसद को पूरी योजना के तहत निशाना बनाया गया। मृतक की पहचान केन्या के विपक्षी सांसद चार्ल्स वर के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि चार्ल्स को नैरोबी के एक व्यस्त बाजार में कार में गोली मारी गई। पुलिस के अनुसार कि जिस वक्त चार्ल्स को गोली मारी गई, उस वक्त उनके साथ ड्राइवर और बॉडीगार्ड भी था। हमलावर बाइक से आए थे और उन्होंने कार का पीछा कर चार्ल्स वर पर गोलियां चलाईं। केन्या के राष्ट्रपति विलियम रूतो ने घटना पर दुख जताया और घटना की सघन जांच के निर्देश दिए। (अनंत ज्ञान)

### भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को राहत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को भारत सरकार ने बड़ी राहत दी है। केंद्र सरकार ने ऐसे लोगों को अगले आदेश तक वाघा-अटारी सीमा के रास्ते लौटने की अनुमति दे दी है। गृह मंत्रालय के इस आदेश में पिछले निर्देश को संशोधित किया गया है। उसमें 30 अप्रैल तक की समयसीमा तय की गई थी। नवीनतम आदेश में कहा गया, 'आदेश की समीक्षा की गई और आंशिक संशोधन के साथ अब यह आदेश दिया जाता है कि पाकिस्तानी नागरिकों को उचित मंजूरी के साथ अगले आदेश तक अटारी स्थित एकीकृत जांच चौकी से भारत से पाकिस्तान जाने की अनुमति दी जा सकती है।' (अनंत ज्ञान)

### इसराइल के जंगलों में लगी भीषण आग

**एजेंसी, यरुशलम।** इसराइल के यरुशलम के बाहरी जंगली इलाकों में भीषण आग लगी है। आग इस कदर फैल गई है कि सरकार को राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करना पड़ा है। आग के चलते यरुशलम के आसमान में धुएं का काला गुबार दिखाई दे रहा है। गर्म मौसम और तेज हवाओं के चलते यह आग भड़क गई है और तेजी से फैल रही है। इसराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि अभी उनकी प्राथमिकता यरुशलम को बचाना है। मौके पर भारी संख्या में अग्निशमन दल के लोग मौजूद हैं और आग को काबू करने की कोशिश कर रहे हैं। लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए सेना को तैनात किया गया है। इसराइल की आपातकालीन चिकित्सा सेवा के अधिकारियों का कहना है कि अभी तक 23 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 13 लोग जलने और धुएं के कारण अस्पताल में भर्ती हुए। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका-यूक्रेन के बीच हुई मिनरल डील

**एजेंसी, वाशिंगटन।** अमेरिका और यूक्रेन ने एक ऐतिहासिक आर्थिक समझौते का ऐलान किया है। इस समझौते के बाद से यूक्रेन को अमेरिकी सैन्य एवं आर्थिक मदद मिल सकेगी। लेकिन, एवज में उसके खनिज संसाधनों तक अमेरिका की पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी। कई हफ्तों तक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव के बाद दोनों देशों के बीच यह समझौता हुआ है। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि 'यह साझेदारी अमेरिका को यूक्रेन के साथ निवेश करने, यूक्रेन की विकास संपदा का उपयोग करने और अमेरिकी प्रतिभा, पूंजी तथा शासन मानकों को जुटाने की अनुमति देती है।' (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# कमर्शियल सिलेंडर 17 रुपए तक सस्ता

## अमूल दूध के दाम बढ़े, वेटिंग टिकट पर स्लीपर-एसी कोच में सफर नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पहली मई से 19 किलो वाला कमर्शियल सिलेंडर 17 रुपए तक सस्ता हो गया है। दिल्ली में इसकी कीमत 14.50 घटकर 1747 रुपए हो गई। पहले यह 1762 रुपए में मिल रहा था। कोलकाता में यह 17 रुपए घटकर 1851.50 रुपए में मिल रहा है, पहले इसके दाम 1868.50 रुपए थे।

वहीं, मदर डेयरी और वेरका ब्रांड के बाद अमूल ने भी देशभर में दूध के दाम में 2 रुपए लीटर की बढ़ोतरी कर दी है। नई कीमतें 1 मई से लागू हो गई हैं। अमूल स्टैंडर्ड, अमूल बफैलो मिल्क, अमूल गोल्ड, अमूल स्लिम एंड ट्रिम, अमूल चाय मजा, अमूल ताजा और अमूल काऊ मिल्क की कीमतों में 2 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, भारतीय रेलवे के नए नियम के अनुसार, वेटिंग लिस्ट टिकट वाले यात्रियों को अब स्लीपर या एसी कोच में यात्रा करने की अनुमति नहीं होगी। जिन यात्रियों के टिकट वेटिंग लिस्ट में हैं, वे अब केवल जनरल कोच में ही यात्रा कर सकेंगे। अगर कोई यात्री वेटिंग टिकट पर एसी या स्लीपर कोच में यात्रा करता हुआ पाया जाता है, तो उस पर जुर्माना लगेगा। इसका उद्देश्य यात्रा में सुविधा बढ़ाना और कोच में भीड़भाड़ कम करना है। उल्लंघन करने पर एसी के लिए 440 व स्लीपर के लिए 250 रुपए जुर्माना लगेगा। (अनंत ज्ञान)

### एटीएम से पैसा निकालना हुआ महंगा



**भारतीय** रिजर्व बैंक ने पहली मई से एटीएम विड्रॉल चार्ज को रिवाइज किया है। फ्री मंथली लिमिट समाप्त होने के बाद, ग्राहकों को अब एटीएम पर प्रति लेनदेन 23 रुपए का भुगतान करना होगा। पहले प्रति लेनदेन पर 21 रुपए का चार्ज लगता था। यह शुल्क 2022 में लागू किया गया था।भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को बढ़ती लागतों को कवर करने के लिए एटीएम विड्रॉल चार्ज बढ़ाने की अनुमति दी है। समय के साथ एटीएम का रखरखाव, सुरक्षा प्रणालियों को अपग्रेड करना और ऑपरेशन को मैनेज करना ज्यादा महंगा हो गया है।

# संवैधानिक संस्थाएं अपने-अपने दायरे में सीमित रहें: उपराष्ट्रपति

**एजेंसी, लखनऊ**



यूपी की राजधानी लखनऊ में वीरवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एकदिवसीय दौरे पर पहुंचे। यहां उन्होंने यूपी की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के जीवन पर आधारित पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' के विमोचन कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम जानकीपुरम स्थित एकेटीयू में आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र समेत कैबिनेट मंत्री मौजूद रहे। स्वामी चिदानंद सरस्वती भी साथ में रहे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह हमारा बाध्यकारी कर्तव्य है कि हमारी संवैधानिक संस्थाएं एक-दूसरे का सम्मान करें और यह सम्मान तभी होता है जब सभी संस्थाएं अपने-अपने दायरे में सीमित रहती हैं। हमारा लोकतंत्र तब फलता-फूलता नहीं है जब संस्थाओं के बीच टकराव होता है। संविधान इस बात की मांग करता है कि समन्वय हो, सहभागिता हो, विचार-विमर्श हो। (अनंत ज्ञान)

# सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के गढ़ करेगुट्टा पहाड़ी पर फहराया तिरंगा

**एजेंसी, रायपुर**

छत्तीसगढ़-तेलंगाना की सीमा पर पांच हजार मीटर की ऊंचाई पर स्थित करेगुट्टा पहाड़ी का इलाका एक समय नक्सलियों का गढ़ माना जाता था। हालांकि अब जब नक्सली आंदोलन अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है तो नक्सलियों का यह किला भी ढह गया। सुरक्षाबलों ने करेगुट्टा पहाड़ी पर तिरंगा फहरा दिया है। बीते नौ दिनों से जारी ऑपरेशन करेगुट्टा अभी भी जारी है। करेगुट्टा पहाड़ी पर ही नक्सलियों के शीर्ष नेता जैसे हिड़मा, देवा, दामोदर, आजाद और सुजाता का ठिकाना था, लेकिन अब इस पर पूरी तरह से सुरक्षाबलों का नियंत्रण हो गया है और तिरंगा शान से लहरा रहा है। बता दें कि ऑपरेशन करेगुट्टा देश में उग्रवाद के खिलाफ चलाए गए सबसे बड़े ऑपरेशन में से एक है। छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में चलाए गए ऑपरेशन में करीब 24 हजार सुरक्षाकर्मी शामिल हुए। (अनंत ज्ञान)

### भारत को मिलेंगे 11.08 अरब के सैन्य हार्डवेयर



**एजेंसी, नई दिल्ली।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय की प्रमुख एजेंसी डीएससीए ने भारत को सैन्य हार्डवेयर और रसद सहायता मुहैया कराने को मंजूरी दी है। दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों के तहत 131 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 11.08 अरब रुपए) मूल्य के महत्वपूर्ण सैन्य हार्डवेयर और रसद सहायता आपूर्ति प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। (अनंत ज्ञान)

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का विपक्ष पर बड़ा हमला

# कांग्रेस ने क्यों नहीं कराई जातिगत जनगणना

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत में इस वक्त पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर गुस्से का माहौल है। इस बात की चर्चा जारी है कि सरकार आतंकियों और इसके आका पाकिस्तान को कैसे जवाब देगी। वहीं, इस बीच केंद्र की मोदी सरकार ने पूरे देश में जातिगत जनगणना कराने का फैसला लिया है। बता दें कि इस साल के आखिर में बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में जातिगत जनगणना का फैसला मोदी सरकार का बड़ा कदम माना जा रहा है। इन सभी मुद्दों पर अब केंद्रीय कृषि मंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता शिवराज सिंह चौहान ने बयान दिया है। शिवराज ने कहा कि हमारे लिए कोई भी फैसला न तो मास्टरस्ट्रोक है न वोट है। सारे फैसले देश हित में और समाज के सभी वर्गों के सामाजिक और आर्थिक हितों को ध्यान में रखते हुए किए जाते हैं। आर्थिक सशक्तिकरण सबके लिए हो। जाति का जनगणना का यह फैसला सुशासन देने का आधार बनेगा। यह सामाजिक न्याय की नींव बनेगा। उन्होंने कहा कि विपक्षी इंडी गठबंधन वाले श्रेय लेने की उछल कूद भी कर रहे हैं और रो भी रहे हैं। वे यह तो बताएं कि नेता प्रतिपक्ष जी कि कितने वर्षों तक उनकी पार्टी ने राज किया। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने जाति की जनगणना क्यों नहीं की। (अनंत ज्ञान)

# भारी बारिश-तूफान की चपेट में न्यूजीलैंड

## दक्षिणी द्वीप के सबसे बड़े शहर क्राइस्टचर्च में आपातकाल लागू

**एजेंसी, वेलिंगटन**

न्यूजीलैंड को वीरवार को भारी बारिश और तूफान का सामना करना पड़ा। खराब मौसम और तबाही को देखते हुए दक्षिणी द्वीप के सबसे बड़े शहर क्राइस्टचर्च में आपातकाल लागू कर दिया गया है। राजधानी वेलिंगटन में विनाशकारी तूफान आया है। देश के कुछ हिस्सों में भारी बर्फबारी और समुद्र में ऊंची-ऊंची लहरें उठ रही हैं। हालांकि गनीमत है कि अभी खराब मौसम के चलते किसी की मौत या किसी व्यक्ति के घायल होने की खबर नहीं है। अभी तक नुकसान का अनुमान नहीं लगाया जा सका है लेकिन राहत और बचाव कार्य जारी है। (अनंत ज्ञान)

### तेज रफ्तार से चल रहीं हवाएं, फ्लाइट्स रद्द



**खराब** मौसम को देखते हुए लोगों से अपील की गई कि वे घरों के अंदर ही रहें और यात्रा करने से बचें। वेलिंगटन में 150 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं और इसके चलते बड़ी संख्या में पेड़ गिर गए हैं। वेलिंगटन को जाने वाली फ्लाइट्स रद्द कर दी गई हैं। फेरी सेवा भी शुक्रवार दोपहर तक रोक दी गई है। वेलिंगटन के बाहरी इलाकों में हजारों मकानों में विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है। स्कूल कॉलेज बंद कर दिए गए हैं।

## कर संग्रह

### जीएसटी कलेक्शन में सरकार को बड़ी सफलता, 12.6 प्रतिशत बढ़कर 2.37 लाख करोड़ रुपए हुआ

# अप्रैल में सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचा जीएसटी कलेक्शन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

जीएसटी कलेक्शन में सरकार को बड़ी सफलता मिली है। जीएसटी संग्रह पिछले महीने बढ़कर 2.37 लाख करोड़ रुपए के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। सरकार ने गुरुवार को इसके आंकड़े जारी किए। जीएसटी कलेक्शन की स्पीड 12.6 प्रतिशत दर्ज की गई, जो 17 महीनों में सबसे अधिक है। खबर के मुताबिक, अप्रैल 2024 में जीएसटी कलेक्शन 2.10 लाख करोड़ रुपए था। 1 जुलाई 2017 को अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था लागू होने के बाद से यह दूसरा सबसे बड़ा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) कलेक्शन है। मार्च 2025 में यही कलेक्शन 1.96 लाख करोड़ रुपए था। (अनंत ज्ञान)



### जीएसटी राजस्व भी तेजी से बढ़ा

**आंकड़ों** के मुताबिक, घरेलू ट्रांजैक्शन से जीएसटी राजस्व 10.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.9 लाख करोड़ रुपए हो गया। आयातित वस्तुओं से राजस्व 20.8 प्रतिशत बढ़कर 46,913 करोड़ रुपए हो गया। अप्रैल में रिफंड जारी करने की राशि 48.3 प्रतिशत बढ़कर 27,341 करोड़ रुपए हो गई। रिफंड एडजस्ट करने के बाद अप्रैल में नेट जीएसटी कलेक्शन 9.1 प्रतिशत बढ़कर 2.09 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया।

### जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरणों के लिए नियम हुआ नोटिफाई

**सरकार** ने कुछ दिनों पहले ही माल एवं सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमों को अधिसूचित कर दिया है, जिसमें आवेदनों की अनिवार्य ई-फाइलिंग और मिलेजुले ढंग से सुनवाई का प्रावधान किया गया है। इसमें यह भी प्रावधान है कि अगर आवेदक दोपहर 12 बजे से पहले कोई बहुत आवश्यक मामला दायर करता है और अगर आवेदन सभी मामलों में पूर्ण है, तो उसे अगले कार्य दिवस को ही अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष लिस्टेड किया जाएगा। कुछ अपवादों में अपीलीय न्यायाधिकरण या अध्यक्ष की विशेष अनुमति से दोपहर 12 बजे के बाद लेकिन दोपहर तीन बजे से पहले किए गए आवेदन को अगले दिन सूचीबद्ध किया जा सकता है।

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड




ऑरेंज कैप
**साई सुदर्शन**
456




पर्पल कैप
**जोश हेजलवुड**
18




सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
31

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बेंगलुरु | 10 | 07 | 03 | 00 | 14 |
| 2. | पंजाब | 10 | 06 | 03 | 01 | 13 |
| 3. | मुंबई | 10 | 06 | 04 | 00 | 12 |
| 4. | गुजरात | 09 | 06 | 03 | 00 | 12 |
| 5. | दिल्ली | 10 | 06 | 04 | 00 | 12 |
| 6. | लखनऊ | 10 | 05 | 05 | 00 | 10 |
| 7. | कोलकाता | 10 | 04 | 05 | 01 | 09 |
| 8. | राजस्थान | 10 | 03 | 07 | 00 | 06 |
| 9. | हैदराबाद | 09 | 03 | 06 | 00 | 06 |
| 10. | चेन्नई | 10 | 02 | 08 | 00 | 04 |

## आईपीएल

### सनराइजर्स के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला, अंक तालिका में 9वें स्थान पर

# सूर्यवंशी के तूफान से उबरकर सनराइजर्स के खिलाफ उतरेगी गुजरात

**एजेंसी, अहमदाबाद**



पिछले मैच में 'वंडर ब्वॉय' वैभव सूर्यवंशी की तूफानी बल्लेबाजी से मिली हार से उबरकर गुजरात टाइटंस अब सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुक्रवार को आईपीएल के मैच में जीत की राह पर लौटने उतरेगी, जबकि सनराइजर्स को प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए हर हालत में जीतना होगा।

राजस्थान रॉयल्स के 14 वर्ष के सूर्यवंशी ने सिर्फ 35 गेंद में शतक जड़कर गुजरात की गेंदबाजी की बखिया उधेड़ डाली थी। वह आईपीएल में शतक जमाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज भी बने। गुजरात को चार विकेट पर 209 रन बनाने के बावजूद आठ विकेट से पराजय का सामना करना पड़ा हालांकि इससे आईपीएल तालिका में उसकी स्थिति पर असर नहीं पड़ा। गुजरात इस सत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में से है जिसकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी में काफी गहराई है।

शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम नौ मैचों में छह जीत के साथ चौथे स्थान पर है। उसे बाकी पांच मैचों में से सिर्फ दो जीतने होंगे, ताकि प्लेआफ में पहुंचने के लिए 16 अंक पूरे कर सके। गुजरात के साई सुदर्शन पांच अर्द्धशतक समेत 456 रन बनाकर आरेंज कैप ले चुके हैं। वहीं, कप्तान गिल ने 389 और जोस बटलर ने 406 रन बनाए हैं जो इस सत्र में शीर्ष सात बल्लेबाजों में हैं। गेंदबाजी में प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और ईशांत शर्मा की तेज तिकड़ी प्रभावी रही है।

दूसरी ओर सनराइजर्स के लिए यह 'करो या मरो' का मुकाबला **है**। पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स नौ में से सिर्फ तीन मैच जीतकर तालिका में नौवें स्थान पर है। एक और हार से प्लेआफ के उसके रास्ते बंद हो जाएंगे। सनराइजर्स के लिए अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। गेंदबाजी में हर्षल पटेल ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन पैट कमिंस और मोहम्मद शमी जैसे अनुभवी गेंदबाजों को बेहतर खेल दिखाना होगा। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**सनराइजर्स हैदराबाद:** पैट कमिंस (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायदे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, स्मरण रविचंद्रन, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), ट्रैविस हेड, हर्षल पटेल, कामिंडु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा।

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), बी साई सुदर्शन, शाहरुख खान, शेरफेन रदरफोर्ड, राहुल तेवतिया, राशिद खान, कैगिसो रबाडा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, अनुज रावत, महिपाल लोमरोर, अरशद खान, जयंत यादव, निशांत सिंधु, कुलवंत खेजरोलिया, गेराल्ड कोएट्जी, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, गुरनूर बराड़ और करीम जनत।

### हैट्रिक बनाने पर बोले पंजाब किंग्स के गेंदबाज चहल

# मैंने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कोशिश की और बदलता रहा लाइन

**एजेंसी, चेन्नई**

पंजाब किंग्स के लिए चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हैट्रिक लगाने वाले युजवेंद्र चहल ने कहा कि उन्होंने अपने कौशल पर भरोसा रखते हुए हालात के अनुरूप अपनी लाइन में बदलाव करके गेंदबाजी की। पहले दो ओवर में 23 रन देने वाले चहल ने पहले महेंद्र सिंह धोनी (11) को आउट किया। इसके बाद दीपक हुड्डा (2), अंशुल कंबोज (0) और नूर अहमद (0) को पवेलियन भेजकर आईपीएल में दूसरी बार हैट्रिक बनाई।



उन्होंने आईपीएल की वेबसाइड पर डाले गए एक वीडियो में कप्तान श्रेयस अय्यर से बातचीत में कहा,''मुझे पता था कि माही भाई (धोनी) और दुबे (शिवम) हैं। लेकिन मुझे यह भी लगा था कि इस ओवर में विकेट मिलेगा। मैंने इस बारे में ज्यादा नहीं सोचा कि वह मुझे छक्का लगा देंगे। मैने अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की कोशिश की और अपनी लाइन बदलता रहा।'' चहल ने 32 रन देकर चार विकेट चटकाए। चेन्नई की टीम 19.2 ओवर में 190 रन पर आउट हो गई और पंजाब ने मुकाबला चार विकेट से जीता। पहले स्पैल में महंगे साबित होने के बाद दूसरे स्पैल में शानदार गेंदबाजी के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा ,''मुझे पता था कि तेज गेंदबाजों का कोटा पूरा होने के बाद मुझे 19वां या 20वां ओवर डालना है तो मैं उसके अनुसार तैयारी कर रहा था। मैने हालात के अनुसार अपनी लाइन में बदलाव किया।''

भारत के लिए आखिरी बार अगस्त 2023 में टी20 मैच खेलने वाले 34 वर्ष के चहल ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ भी चार विकेट लिए थे। 191 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब के कप्तान अय्यर ने 41 गेंद में 72 रन बनाए। (अनंत ज्ञान)

# रोहित-रयान की फिफ्टी से मुंबई बड़े स्कोर की ओर

**एजेंसी, जयपुर**

आईपीएल का 50वां मैच राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस के बीच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेला गया। राजस्थान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया है। राजस्थान ने प्लेइंग-11 में दो बदलाव किए हैं। वनिंदु हसरंगा और संदीप शर्मा चोट के कारण यह मैच नहीं खेल रहे हैं। उनकी जगह कुमार कार्तिकेय और आकाश मधवाल को मौका दिया गया है। मुंबई ने टीम में कोई बदलाव नहीं किया है।पहले बल्लेबाजी करने आए मुंबई के ओपनर बल्लेबाजों रोहित शर्मा और रयान रिकेल्टन ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुएराजस्थान के गेंदबाजों की खूब धुनाई की। रोहित शर्मा (53) रन बनाकर आउट हो गए। समाचार लिखे जाने तक मुंबई ने 12 ओवर में एक विकेट पर 120 रन बना लिए थे। रायन रिकेलटन (61) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे और उनका साथ सूर्यकुमार यादव दे रहे थे।



शॉट खेलते रोहित शर्मा और रयान रिकेल्टन।

## स्पोर्ट्स विंडो

### ग्लेन मैक्सवेल की अंगुली में फ्रेक्चर, आईपीएल से बाहर

**एजेंसी, चेन्नई।** पंजाब किंग्स के आस्ट्रेलियाई हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल अंगुली में फ्रेक्चर के कारण आईपीएल के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। उनकी टीम ने वीरवार को इसकी घोषणा की। मैक्सवेल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ बारिश के कारण धुले पिछले मैच से पहले चोट लगी थी। उस मैच में वह सात रन बनाकर आउट हो गए थे। उनकी जगह चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ कल रात को सूर्यांश शेडगे ने खेला जिसमें पंजाब को चार विकेट से जीत मिली। पंजाब ने अपने सोशल मीडिया हैंडिल पर लिखा,''ग्लेन मैक्सवेल अंगुली में फ्रेक्चर के कारण सत्र के बाकी मैचों से बाहर। हम उन्हें जल्दी स्वस्थ होने की कामना करते हैं।'' पंजाब किंग्स के क्रिकेटर मार्कस स्टोइनिस ने चेन्नई के खिलाफ मैच से पहले कहा था,''बदकिस्मती से मैक्सवेल की अंगुली में फ्रेक्चर हो गया है। उसका स्कैन कराया गया और नतीजा अच्छा नहीं है। लगता है कि वह अब आगे इस टूर्नामेंट में नहीं खेल सकेगा।'' पंजाब के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा,''हम विकल्प पर फैसला लेंगे।'' (अनंत ज्ञान)



### मुजना मसूद का ग्लैमर स्टाइल

**पाकिस्तान।** मुजना मसूद मलिक तेज गेंदबाज हारिस रऊफ की पत्नी हैं। मुजना पेशे से फैशन मॉडल हैं। उनकी मौजूदगी हारिस के जीवन में ग्लैमर का तत्व जोड़ती है, जिससे वह क्रिकेट पिच से बाहर एक पावर कपल बन जाते हैं।



### महिला टी20 विश्व कप फाइनल अगले साल लॉडर्स क्रिकेट मैदान पर

**एजेंसी, दुबई।** महिला टी20 विश्व कप फाइनल अगले साल पांच जुलाई को लार्डस क्रिकेट मैदान पर खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने वीरवार को यह जानकारी दी। 12 टीमों का टूर्नामेंट 12 जून को शुरू होगा, जिसमें 33 मैच खेले जाएंगे। इसका फाइनल लॉडर्स पर होगा जहां 2017 महिला वनडे विश्व कप का फाइनल भी खेला जा चुका है। लार्डस के अलावा विश्व कप के मैच ओल्ड ट्रैफर्ड, हेडिंग्ले, एडबस्टन, ओवल, हैंपशर बाउल और ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड पर खेले जाएंगे। टूर्नामेंट में टीमों को दो समूहों में बांटा जायेगा जिसके बाद नॉकआउट खेला जाएगा। आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज समेत आठ टीमें क्वालीफाई कर चुकी हैं, जबकि बाकी चार टीमों का चयन आईसीसी महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर 2025 से होगा। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा,''ब्रिटेन में सभी टीमों को अपार समर्थन मिलता है। 2017 में लार्डस पर महिला विश्व कप फाइनल में स्टेडियम खचाखच भरा था और फाइनल के लिए इससे बेहतर कोई जगह नहीं हो सकती।'' (अनंत ज्ञान)

## पंजाब किंग्स के कप्तान अय्यर पर धीमी ओवरगति के लिए जुर्माना

**एजेंसी, चेन्नई।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल के मैच में चार विकेट से मिली जीत में धीमी ओवरगति के लिये 12 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया। आईपीएल की मीडिया सूचना में कहा गया,''यह आईपीएल आचार संहिता की धारा 2-22 के तहत इस सत्र में टीम का धीमी ओवर गति से जुड़ा पहला अपराध था जिसके लिए श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया।'' अय्यर और प्रभसिमरन सिंह के अर्द्धशतकों और युजवेंद्र चहल की हैट्रिक के दम पर पंजाब ने चेन्नई को चार विकेट से हराकर प्लेआफ की दौड़ से बाहर कर दिया।



## सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज में प्रज्ञानानंदा तीसरे स्थान पर

**एजेंसी, वारसॉ (पोलैंड)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहे, जबकि स्लोवेनिया के ब्लादीमिर फेडोसीव ने खिताब जीता। ग्रैंड शतरंज टूर पर पहली बार खेल रहे भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम संयुक्त सातवें स्थान पर रहे। फेडोसीव ने ब्लिट्ज वर्ग में नौ में से 7.5 अंक हासिल किए और उनका कुल स्कोर 36 में से 26.5 रहा। उन्हें जीत के साथ 40000 डॉलर पुरस्कार के तौर पर मिले। फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव दूसरे और प्रज्ञानानंदा तीसरे स्थान पर रहे। वाचियेर लाग्रेव को 30000 डॉलर और प्रज्ञानानंदा को 25000 डॉलर मिले। ग्रैंड शतरंज टूर की तालिका में वाचियेर लाग्रेव शीर्ष पर हैं, जबकि प्रज्ञानानंदा दूसरे स्थान पर हैं। (अनंत ज्ञान)



## खेलमंत्री ने सात्विक-चिराग को प्रदान किया खेल रत्न

**एजेंसी, दिल्ली।** खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने बैडमिंटन सितारे सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को वीरवार को मेजर ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार प्रदान किया। सात्विक और चिराग को पिछले साल यह सम्मान मिला था लेकिन खेल में व्यस्त होने के कारण वे राष्ट्रपति भवन में सम्मान लेने नहीं जा सके। उन्हें फरवरी में खेलमंत्री से सम्मान लेना था, लेकिन सात्विक के पिता आर कासी विश्वनाथम का दिल का दौरा पड़ने से निधन होने के कारण उसे स्थगित करना पड़ा। मांडविया ने एक्स पर दोनों खिलाड़ियों के साथ तस्वीर साझा करके लिखा,''हमारे बैडमिंटन चैंपियन चिराग शेट्टी और सात्विक साइराज रंकीरेड्डी को आज दिल्ली में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार 2023 प्रदान किया।''



उन्होंने लिखा,''यह पुरस्कार कोर्ट पर उनके शानदार प्रदर्शन और प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्हें भविष्य के लिये शुभकामनाएं।'' सात्विक और चिराग ने 2022 एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों और 2023 एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीते। दोनों बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर रहने वाली और बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 1000 खिताब जीतने वाली एकमात्र भारतीय जोड़ी थी। (अनंत ज्ञान)

# धर्मशाला पहुंचीं **लखनऊ और पंजाब** की टीमें

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

धर्मशाला के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में हो वाले तीन मैचों को लेकर वीरवार दोपहर को लखनऊ सुपर जायंट्स व पंजाब किंग्स की टीमें विशेष विमान से कांगड़ा हवाई अड्डे पर पहुंचीं।

**हिमाचली संस्कृति से हुआ खिलाड़ियों का स्वागत**

खिलाड़ियों ने एयरपोर्ट पर उतरते ही धौलाधार पर्वतमाला के सुंदर दृश्यों का लुत्फ उठाया और फोटो खिंचवाए। एयरपोर्ट पर पहुंचते ही खिलाड़ियों का पारंपरिक ढंग से हिमाचली संस्कृति के अनुसार स्वागत किया गया। सभी खिलाड़ियों का ढोल-नगाड़ों और लोक परिधानों में सजे कलाकारों ने मेहमानों का अभिनंदन किया। इसके बाद खिलाड़ियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच विशेष गाड़ियों द्वारा धर्मशाला होटल रवाना किया गया। लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज आवेश खान और स्पिनर रवि बिश्नोई की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी एयरपोर्ट पहुंचे हुए थे। फैंस ने खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया और उनके साथ सेल्फी लेने की कोशिश भी की, लेकिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते किसी को भी खिलाड़ियों के साथ सेल्फी लेने की अनुमति नहीं दी। लखनऊ सुपर जायंट्स का पहला मैच पंजाब किंग्स टीम से होगा। दोनों टीमें आगामी मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार है और मैच से पहले धौलाधार की खूबसूरत पहाड़ियों के बीच एचपीसीए स्टेडियम में प्रैक्टिस करती नजर आएगी। सभी की नजरें अब धर्मशाला में होने वाले 4 मई को पंजाब किंग्स इलेवन के साथ रोमांचक मुकाबले पर टिकी हैं। (अनंत ज्ञान)



**चार मई को होगा पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मुकाबला**






# कांगड़ा हवाई अड्डे पर हुआ खिलाड़ियों का **स्वागत**

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

पंजाब किंग्स की टीम स्पेशल विमान के जरिए चेन्नई से कांगड़ा हवाई अड्डे पर पहुंची। इस दौरान पंजाब किंग्स के खिलाड़ी कांगड़ा हवाई अड्डे पर धौलाधार पर्वत शृंखला को भी निहारत हुए नजर आए। कांगड़ा हवाई अड्डे पर पहुंचने पर टीम के खिलाड़ियों का हिमाचल की संस्कृति से स्वागत किया गया। इसके बाद पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों को स्पेशल बसों के द्वारा कांगड़ा हवाई अड्डे से धर्मशाला के लिए रवाना किया गया। इस दौरान पंजाब के कैप्टन श्रेयस अय्यर, तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, मारको जॉनसन, हरप्रीत बर्रार, मार्कस स्टोइनिस, शशांक सिंह, जोश इंग्लिश आदि खिलाड़ी नजर आए। वहीं इन क्रिकेट खिलाड़ियों के एक झलक पाने के लिए क्रिकेट प्रेमियों का हजूम लगा हुआ था, लेकिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते किसी भी व्यक्ति को सुरक्षा घेरे में नही जाने दिया गया। बता दें कि एसपीसीए धर्मशाला का क्रिकेट स्टेडियम पंजाब किंग्स की टीम का होम ग्राउंड है।







## पंजाब किंग्स की मालकिन प्रीति जिंटा भी पहुंची धर्मशाला



**धर्मशाला** में होने वाले तीन मैचों को लेकर वीरवार के दिन बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा भी कांगड़ा एयरपोर्ट से धर्मशाला पहुंची। बता दें कि धर्मशाला का खूबसूरत स्टेडियम पंजाब किंग्स का होम ग्राउंड है। पंजाब किंग्स टीम की मालकिन और बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा खुद हिमाचल से ताल्लुक रखती हैं, जिससे इस मैदान से उनका खास जुड़ाव है। धर्मशाला के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 4 मई को पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच रोमांचक मुकाबला होगा।